



# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबह वाणी



असफल लोगों के पास बैठा करो, उनके पास अहंकार नहीं अनुभव मिलेगा।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025 | बैशाख कृष्ण पक्षः त्रयोदशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 114 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







# पाक नागरिकों की पहचान कर वापस भेजें : शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से की बैठक

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पहलगाम/नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उन्हें वापस भेजें। उन्होंने कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। वहीं, दूसरी ओर हमले के 3 दिन बाद सेना ने बड़ा एक्शन लिया। जम्मू-कश्मीर के त्राल और अनंतनाग के बिजबेहरा में 2 लश्कर आतंकियों के यहां सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान दोनों के घरों में रखा एक्सप्लोसिव ब्लास्ट हो गया। धमाके में आसिफ शेख और आदिल ठोकेर के घर पूरी तरह तबाह हो गए।

इधर, बांदीपोरा में सर्च ऑपरेशन के दौरान शुरू हुए एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है। 2 जवान भी घायल हैं। बता दें कि पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। 10 से ज्यादा घायल हैं।

## आतंकवाद पर कार्रवाई शुरू

### ● दो लश्कर आतंकवादियों के घर ढहाए

### ● बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर, दो जवान घायल



### पाक को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा

पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा।



अनंतनाग के बिजबेहरा में आतंकी आदिल का घर भी धमाके में ढह गया।



आतंकी आसिफ के घर में विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी, जिसके चलते बलास्ट हो गया।

### आतंकी कुछ भी कर लें, हम उन्हें हरा देंगेः राहुल गांधी



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को श्रीनगर में पहलगाम हमले में घायल लोगों और उनके परिजन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा देंगे। हर भारतीय एकसाथ है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां हालात देखने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने हमले की निंदा की है। उनका देश को पूरा समर्थन है। राहुल गांधी ने कहा कि हमने कल सरकार के साथ मीटिंग की थी। पूरे विपक्ष ने एकजुट होकर हमले की निंदा की। हमने कहा कि सरकार जो भी फैसला लेगी, हम उसके साथ हैं। आतंकी घटना के पीछे यही मकसद था कि समाज को तोड़ा जाए, भाई को भाई के खिलाफ लड़ाया जाए लेकिन हर भारतीय एकसाथ है।

### आतंकियों का समर्थन कर की बड़ी गलती, इसकी भुगत रहे सजाः पाक रक्षा मंत्री



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना है कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह 'गंदा काम' कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्तियों ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता। पहलगाम मामले को लेकर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ विवाद दोनों देशों के बीच बड़े जंग का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जो भी करेगा, पाकिस्तान उसका जवाब देगा। अगर चीजें गलत हुईं तो इस टकराव का असर खतरनाक हो सकता है। पाक रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत दोषी है। यदि भारत हमारे खिलाफ कोई एक्शन लेता है, तो पाकिस्तान उसका उसी तरह जवाब देगा। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के पास जवाब देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### आतंकी हमले के विरोध में दिल्ली के व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें

**नई दिल्ली (अप्रस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और यहां के अन्य 100 से अधिक व्यापारिक संगठनों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। दिल्ली के लगभग सभी 900 से अधिक प्रमुख थोक और खुदरा बाजारों में आज व्यापार पूरी तरह बंद रहा। व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उठाए जा रहे सभी कदमों का समर्थन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग आठ लाख व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और लगभग 1500 करोड़ रुपए का व्यापार नहीं हुआ। इस बंद के चलते दिल्ली की समस्त व्यापारिक गतिविधियां आज पूरी तरह ठप रहीं। दिल्ली के विभिन्न बाजारों में व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभाएं, मौन जुलूस, कैंडल मार्च निकाले तथा राष्ट्रगान के माध्यम से इस हमले में हताहत लोगों को नमन किया और आतंकवाद के ख़िलाफ़ संघर्ष करने का संकल्प भी लिया। कैट के राट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने चांदनी चौक घंटाघर से लेकर ऐतिहासिक लाल किले तक दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्केंटाइल एसोसिएशन द्वारा निकाले गए एक मार्च में बड़ी संख्या में व्यापारी और उनके कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पीएम मोदी ने अब अंतिम युद्ध का बिगुल बजा दिया है और सारा देश प्रधानमंत्री मोदी के साथ एकजुट होकर खड़ा है।




## हरियाणा सरकार ने मकानों के मामलों से संबंधित निपटान के लिए नियमों में किया बदलाव

# डेढ़ गुना कलेक्टर रेट देकर शामलात भूमि पर मिलेगा कब्जा

कहा- जमीन तालाब- रास्ते की नहीं होनी चाहिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने शामलात देह की भूमि पर बनाए गए मकानों के कुछ मामलों से संबंधित निपटान के लिए नियमों में बदलाव किया है। अगर किसी ग्रामीण ने 31 मार्च, 2004 से पूर्व 500 वर्ग गज तक की भूमि पर मकान बनाया हुआ है तो वह उस समय के कलेक्टर रेट की डेढ़ गुना कीमत देकर उसका मालिक बन सकता है। बशर्ते वह भूमि किसी तालाब, रास्ता या अन्य किसी महत्वपूर्ण उपयोग के लिए आरक्षित न हो। इस संबंध में सरकार हरियाणा द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।

प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम, 1961 तथा इसके तहत बनाए गए नियमों में प्रावधान किया गया है कि यदि किसी गांववासी द्वारा शामलात देह की भूमि पर 31 मार्च, 2004 से पूर्व 500 वर्ग गज तक भूमि पर मकान बना लिया गया है और वह व्यक्ति ऐसी शामलात भूमि जो किसी तालाब, रास्ता या अन्य किसी महत्वपूर्ण उपयोग के लिए आरक्षित नहीं है, को उस समय (वर्ष 2004) के कलेक्टर रेट के डेढ़ गुना कीमत पर खरीदने के लिए ग्राम पंचायत को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। यह कब्जा 500 वर्ग गज से अधिक भूमि पर नहीं होना चाहिए और खुला क्षेत्र निर्मित क्षेत्र के 25 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए।



फाइल फोटो।

### पंचायत में प्रस्ताव पास कराना भी जरूरी

ऐसे आवेदन पत्र पर ग्राम पंचायत तथा ग्राम सभा द्वारा विचारों के बाद प्रस्ताव पारित करके ऐसी भूमि को बेचने की स्वीकृति प्राप्त करने के लिये खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा उपायुक्त के माध्यम से पंचायत विभाग के महानिदेशक को प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्वीकृति उपरांत ग्राम पंचायत द्वारा आवेदक के पक्ष में भूमि का बिक्रीनामा तहसील में रजिस्टर्ड करवाया जा सकता है।

### एसओपी जारी कर चुका पंचायत विभाग

हरियाणा सरकार के प्रवक्ता के अनुसार इस प्रकार प्राप्त होने वाले ऐसे आवेदन पत्रों पर कार्यवाही में शीघ्रता सुनिश्चित करने तथा एकरूपता बनाए रखने के लिए विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर (एसओपी) भी जारी गया है। इसके अतिरिक्त इस उद्देश्य हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा रहा है।

# आतंकियों को दबोचने में मदद करेगा अमेरिका

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को समर्थन मिल रहा है। इस क्रम में अमेरिका ने बड़ा ऐलान किया है। अमेरिका ने कहा है कि वह पहलगाम हमले के आतंकियों को दबोचने में भारत की मदद करेगा। इसकी घोषणा ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने की। उन्होंने इस भयावह हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। तुलसी गबार्ड ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि इस भयावह इस्लामी आतंकी हमले के बाद हम भारत के साथ एकजुट हैं, जिसमें पहलगाम में 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर मार डाला गया। मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को दबोचने में आपका समर्थन करेंगे।



### संदिग्ध खच्चर वाला व्यक्ति अरेस्ट



**जम्मू।** जम्मू जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सुरक्षाबलों ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। वीडियो में एक महिला पर्यटक ने दावा किया था कि एक व्यक्ति ने उससे उसके धर्म के बारे में सवाल किया था। साथ ही 35 बंदूक भेजने और प्लान बी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे सुना था। जांच के बाद गांदरबल पुलिस ने संदिग्ध की पहचान की और उसे पकड़ लिया है। उसकी पहचान अयाज अहमद जंगल के रूप में हुई। वह गांदरबल के गोहिपोरा रायजान का रहने वाला है। वह सोनमर्ग के थजवास ग्लेशियर में खच्चर सेवा देता है। संदिग्ध को देखने वाली महिला ने बताया कि हम लोग 13 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर गए थे। हम लोगों ने जम्मू-कश्मीर का 10 दिन का ट्रिप बनाया था। इस ट्रिप में हम लोग पहले माता वैष्णो धाम गए। 15 तारीख को वैष्णो देवी से फ्री हुए और 16 अप्रैल को श्रीनगर पहुंचे। 17 और 18 तारीख को हम लोग श्रीनगर में घूमे और 19 तारीख को हम लोग सोनमर्ग और 20 तारीख को पहलगाम गए थे। पहलगाम में हम लोगों की खच्चर वालों से बात हुई तो वह हमें बायसरन घाटी ले गए जिसे मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। महिला ने बताया कि हम लोग बायसरन से 500 मीटर पहले एक जगह तक गए। वहां पर वह संदिग्ध था, जिसका स्केच जारी हुआ है। उसे हम पहचान रहे हैं। उसके साथ एक लड़का भी था। पहले हम लोगों को लगा कि वह खच्चर वाले हैं। उसने मुझसे पूछा कि आपका क्या नाम है? महिला ने जवाब दिया कि मेरा नाम एकता है और राजस्थान से हूं।

## पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह के साथ बदसलूकी की घटना अत्यंत निंदनीय : मान

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल (अप्रस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह के साथ दुर्व्यवहार के लिए जिम्मेदार एयर इंडिया के कर्मचारियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह के साथ बदसलूकी की घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया के स्टाफ का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अनुचित है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सिंह साहिब पंजाब और विशेष रूप से सिख समुदाय की अत्यंत सम्मानित शख्सियत हैं और उनके साथ इस तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने प्रत्येक सिख के मन को गहरी ठेस पहुंचाई है और उनकी भावनाओं को चोट पहुंचाई है। उन्होंने भारत सरकार से एयर इंडिया के जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ उदाहरणात्मक कार्रवाई करने की अपील की ताकि दूसरों को सबक मिल सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि यह मामला सीधे तौर पर विश्व भर के समस्त सिख समुदाय की भावनाओं से जुड़ा हुआ है।

### वक्फ कानून पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामाः कहा-

## धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं, सभी याचिकाएं खारिज की जाएं

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा कि वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है। केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा कि अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी।




### पंजाब के 'आम आदमी क्लीनिक' मॉडल को विश्व स्तर पर मिली प्रशंसा

# ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने यह मॉडल ऑस्ट्रेलिया में अपनाने में दिखाई दिलचस्पी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को और मजबूत करने और कायाकल्प करने की दिशा में एक और बुलंदी हासिल करते हुए आम आदमी क्लीनिकों (एएसी) को तब विश्व स्तर पर मान्यता हासिल हुई जब उच्च स्तरीय 14 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मॉडल को अपनाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। मेंबर ऑफ पार्लियामेंट (एमपी) स्टेट ऑफ विक्टोरिया डायलोन व्हाइट (प्रतिनिधिमंडल के नेता) और एमपी स्टेट ऑफ विक्टोरिया मैथ्यू हिलाकरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आज मोहाली में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधा- आम आदमी क्लीनिक और तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य देखभाल सुविधा - पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलीअरी साइंसेज (पीआईएलबीएस) का दौरा किया। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के साथ बैठक की जहां उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल और कृषि के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक में प्रशासनिक सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमार राहुल, विशेष सचिव कृषि बलदीप कौर और निदेशक पीआईएलबीएस डॉ. वरिंदर सिंह भी उपस्थित थे।

ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधि आम आदमी क्लीनिक, जो लोगों को उनके घरों के पास 80 आवश्यक दवाएं और 38 डायग्नोस्टिक्स सहित मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, के मॉडल से बहुत प्रभावित हुए।

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा, 'प्रतिनिधिमंडल यह देखकर हैरान रह गया कि सुबह 11 बजे तक, 60 से अधिक मरीज पहले ही आम आदमी क्लीनिक में सेवाएं प्राप्त कर चुके थे। वे इतने प्रभावित हुए कि वे इस मॉडल को ऑस्ट्रेलिया में अपनाना चाहते हैं, क्योंकि उनका मानना था कि यह मॉडल उनकी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बहुत लाभ पहुंचा सकता है।'

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने मरीजों को किफायती और उन्नत इलाज मुहैया कराने के लिए पंजाब की तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य देखभाल सुविधा पीआईएलबीएस की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के स्वास्थ्य देखभाल सुधारों, खासकर चिकित्सा सेवाओं की कुशल डिलीवरी से शिक्षा लेने में दिलचस्पी दिखाई।

इस दौरान कृषि और पर्यावरण स्थिरता पर भी विचार-विमर्श हुआ जिसमें दोनों पक्षों ने संभावित सहयोग की पड़ताल की। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में मौसमी स्थितियां और फसल चक्र पंजाब के समान हैं। उन्होंने हमारे मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, रागी आदि) और जैविक खेती के अभ्यासों में बहुत दिलचस्पी दिखाई। हमने चर्चा की कि कैसे दोनों क्षेत्र पानी के संरक्षण और प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक दूसरे से सीख सकते हैं।'

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजाब ऑस्ट्रेलिया के साथ एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने के लिए उत्सुक है, जिसके तहत पंजाब के विशेषज्ञ प्रशिक्षण के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे और ऑस्ट्रेलियाई पेशेवर पंजाब के स्वास्थ्य देखभाल और कृषि मॉडलों का अध्ययन करने के लिए पंजाब आएंगे।

#### ये रहे बैठक में मौजूद

प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में प्रोफेसर हरपिंदर संधू (फेडरेशन यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया); डॉ. जसविंदर सिद्धू (फेडरेशन यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया); ए/प्रोफेसर पॉल पेंग (फेडरेशन यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया); डॉ. सचिन दहिया (बिजनेस लीडर, बल्लारट); परविंदर सरवरा (बिजनेसमैन और सीईओ, सिंह होम्स); दविंदर सिंह (बिजनेसमैन और इम्पोर्टर); सुखमीत आहूजा (बिजनेसमैन और एजुकेटर), जसविंदर सिंह (सीईओ, सिख वालंटियर्स ऑस्ट्रेलिया); अभिमन्यु कुमार (बिजनेसमैन); नवदीप सिंह हांडा (बिजनेसमैन, सीईओ अमीको होम्स); कार्तिक मुनिगोती (सीईओ, कॉन्स्टेलेशन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड); और लव खख (बिजनेसमैन और स्पोर्ट्स इवेंट्स ऑर्गेनाइजर) शामिल थे।

# पंजाब को एक और बड़ी सफलता हासिल हाइडल प्रोजेक्टों में रिकॉर्ड तोड़ बिजली उत्पादन

बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने स्टाफ द्वारा दिए गए बहुमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंजाब के पन-बिजली क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं, जिससे बिजली उत्पादन संबंधी अनेक नए मानदंड स्थापित किए गए हैं। बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने आज यहां बताया कि पंजाब राज्य पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के अधीन तीन बड़े पन-बिजली प्रोजेक्टों ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ-साथ पिछले तीन वर्षों में अपना सबसे अधिक उत्पादन भी दर्ज किया है।

जोगिंदर नगर में स्थापित शानन पावर हाउस में 512.656 मिलियन यूनिट (एम.यू.) बिजली उत्पादन के साथ बेमिसाल उपलब्धि हासिल की गई है, जो कि इसके वार्षिक लक्ष्य 480 एम.यू. से 6.80 प्रतिशत अधिक है। सुचारू संचालन, अनुकूल हाइड्रोलॉजिकल स्थितियों और समय पर रखरखाव के अभ्यासों के कारण यह बेमिसाल उपलब्धि हासिल हो सकी। इसी तरह आनंदपुर साहिब हाइडल प्रोजेक्ट (एएसएचपी) में 486.14 एम.यू. बिजली उत्पादन किया गया, जो कि इसके 470 एम.यू. के लक्ष्य से 3.43 प्रतिशत अधिक है। मुकेरियां हाइडल प्रोजेक्ट, जो कि क्षमता के मामले में तीनों में सबसे बड़ा है, में 1326.81 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन दर्ज किया गया, जो कि इसके 1110 मिलियन यूनिट के वार्षिक लक्ष्य से 19.53 प्रतिशत अधिक है। यह पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक उत्पादन है और पंजाब के पन-बिजली बुनियादी ढांचे की कुशलता और मजबूती को दर्शाता है।

बिजली मंत्री हरभजन सिंह ने बताया कि 2024-25 के दौरान हमारे हाइडल प्रोजेक्टों का शानदार प्रदर्शन टिकाऊ और कुशल ऊर्जा उत्पादन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये आंकड़े ऊर्जा उत्पादन के न केवल आंतरिक मानदंडों को पार करते हैं बल्कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को भी पार करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह प्राप्ति हमारे इंजीनियरों, तकनीकी स्टाफ और प्रबंधन टीमों के अथक प्रयासों का प्रमाण है जिन्होंने उत्पादन क्षमता बढ़ाने और संसाधनों को अनुकूलित करने के लिए अथक मेहनत की है।

मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने साफ-सुथरी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के रूप में पन-बिजली के महत्व पर अधिक जोर दिया जो पंजाब के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बेहतर बनाने के व्यापक लक्ष्यों का समर्थन करता है।

उन्होंने राज्य सरकार के समर्थन का भी स्वागत किया और आगामी वर्षों में इसी तरह के विकास को बनाए रखने का भरोसा जताया। उन्होंने आगे कहा कि रणनीतिक निवेशों, आधुनिक तकनीक और हमारे स्टाफ के समर्पण के कारण पंजाब का पन-बिजली क्षेत्र एक और बड़ी सफलता के लिए तैयार है।

# कैबिनेट सब-कमेटी ने लगातार दूसरे दिन कर्मचारी संगठनों से की बैठकें

## अहम मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल की सहभागिता वाली कैबिनेट सब-कमेटी द्वारा आज लगातार दूसरे दिन कर्मचारी यूनियनों के साथ उनकी जायज मांगों और मुद्दों के समाधान के लिए सिलसिलेवार बैठकें की गई।

वित्त मंत्री कार्यालय में हुई इन बैठकों के दौरान पंजाब मुलाजम और पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट, एसोसिएट प्री-प्राइमरी टीचर्स यूनियन, कंप्यूटर टीचर्स संघर्ष कमेटी और '10 साल की सेवा पूरी कर चुके अध्यापकों की यूनियन' के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें और मुद्दे पेश किए। कैबिनेट मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया और यूनियन नेताओं को उनकी मांगों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी।

कैबिनेट सब-कमेटी ने यूनियन नेताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी जायज मांगों पर कार्रवाई पहले से ही चल रही है, और कार्मिक, वित्त तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मिलकर इन संबंध में योग्य समाधान ढूंढने के लिए काम कर रहे हैं। सब-कमेटी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे अपने विभागों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अहम मुद्दों पर तुरंत कार्रवाई को प्राथमिकता दें।

आज की बैठकों के दौरान पंजाब मुलाजम और पेंशनर्स सांझा फ्रंट की ओर से जर्मनजीत सिंह, सविंदरपाल सिंह, रंजीत सिंह, गगनदीप सिंह भुल्लर, सुखदेव सिंह सैनी और बाज सिंह खैरा, एसोसिएट प्री-प्राइमरी अध्यापक यूनियन की ओर से हरप्रीत कौर, दर्शन सिंह और दविंदर सिंह, कंप्यूटर अध्यापक संघर्ष कमेटी की ओर से हरजीत सिंह संधू, हरप्रीत सिंह और '10 साल की सर्विस पूरी कर चुके अध्यापक यूनियन' की ओर से जसपाल सिंह, गौरव, ममता रानी और सुरजीत कौर तथा उनके यूनियन साथी हाजिर थे।

### देश भर में पंजाब की अनूठी पहल

# पंजाब के प्रत्येक ब्लॉक में से एक नशा मुक्त गांव को मिलेगा 1 लाख रुपये का नकद इनाम: सौंद

सरपंचों को मासिक मानदेय देने के लिए 31.70 करोड़ रुपये सालाना खर्च किए जाएंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने पंचायतों के लिए और गांवों के विकास के लिए अनूठी और बड़ी पहलें शुरू की हैं। स्थानीय पंजाब भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से चुनी गई पंचायतों को चेक देने के लिए कुल 150 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। 15 करोड़ रुपये पिछले वित्तीय वर्ष में रखे गए थे और मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए 135 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले साल पंचायती चुनावों के दौरान पंजाब में सर्वसम्मति से 3044 ग्राम पंचायतें चुनी गई हैं। सर्वसम्मति से बनी पंचायतों को आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए ऐलान के मुताबिक 5-5 लाख रुपये के चेक देने शुरू कर दिए गए हैं और बीते कल पंचायत दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ने 5 पंचायतों को यह चेक खुद सौंपे।

सौंद ने बताया कि पंजाब के सरपंचों को आम आदमी पार्टी की सरकार ने मानदेय में पिछली बार की तुलना में 67 फीसदी की वृद्धि करके 2000 रुपये प्रति महीना देने का ऐलान भी किया है। इससे सरकारी खजाने से प्रति वर्ष सरपंचों को 31.70 करोड़ रुपये का मानदेय दिया जाएगा। राज्य में कुल 13236 सरपंच हैं।

उन्होंने कहा कि 2006 में सरपंचों को 600 रुपये महीना मानदेय देना शुरू किया गया था जिसे 2012 में बढ़ाकर 1200 रुपये किया गया लेकिन यह कभी भी लगातार नहीं दिया गया। अब आम आदमी पार्टी की सरकार मानदेय को बिना किसी रुकावट के देना जारी रखेगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम के तहत पंजाब के प्रत्येक ब्लॉक में से एक नशा मुक्त गाँव को 1 लाख रुपये का नकद इनाम देने का अहम ऐलान किया है। यह इनाम अपनी तरह का पहला ऐसा इनाम है जो किसी राज्य की सरकार ने शुरू किया है। पंजाब में कुल 154 ब्लॉक हैं।

सौंद ने कहा कि पिछली सरकारों ने गांवों के विकास के लिए कोई पहल नहीं की। 1993 में पंचायत दिवस की स्थापना के बाद पहली बार पंजाब में पंचायत दिवस आम आदमी पार्टी की सरकार ने मनाया। उन्होंने बताया कि समारोह में 23 जिलों में से 700 से ज्यादा पंच सरपंच आए। इस मौके पर कुल 35 सम्मान दिए गए। जिसमें 10 सरपंच, 15 सेल्फ हेल्प ग्रुप और बढ़िया काम करने वाले 10 पंचायत सचिव शामिल थे।

उन्होंने बताया कि एक और अहम फैसला लेते हुए मुख्यमंत्री ने कल ही ऐलान किया है कि सरकार और पंचायती राज संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल के लिए एक सलाहकार बोर्ड का गठन भी किया जाएगा, जिसमें 3 सदस्य जिला परिषदों से, 5 सदस्य ब्लॉक समितियों में से और प्रत्येक जिले से 2 सरपंच (कुल 46 सरपंच) लिए जाएंगे। सौंद ने कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए इस साल पंजाब सरकार द्वारा रखे 4573 करोड़ रुपये के बजट से राज्य के गांवों की दशा और दिशा सुधारने के लिए सहृदय प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

## मोहिंदर भगत ज़िलों का दौरा कर पूर्व सैनिकों की शिकायतों का मौके पर ही करेंगे निपटारा, तैयार की तीन महीने की कार्य योजना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंजाब के रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री श्री मोहिंदर भगत राज्यभर के विभिन्न जिलों का दौरा कर पूर्व सैनिकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे और उनकी जायज़ शिकायतों का मौके पर ही समाधान करेंगे।

पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए तीन महीने की कार्य योजना तैयार की गई है।

चंडीगढ़ में रक्षा सेवाएं कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बैठक के दौरान विभागीय पहलों और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। मंत्री ने अधिकारियों को पूर्व सैनिकों से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता देने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इस बैठक में रक्षा सेवाएं कल्याण के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री जे.एम. बालामुरुगन और डायरेक्टर ब्रिगेडियर भूपिंदर सिंह ढिल्लों ने मंत्री को प्रगतिशील योजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए श्री भगत ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के पुनर्वास व कल्याण के लिए व्यापक सहायता और सुविधाएं प्रदान करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# सभी ऑफलाइन सेवाएं एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर लाएगी पंजाब सरकार: अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंजाब के सुशासन और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि नागरिक-केंद्रित सेवाओं की पारदर्शी ढंग से कुशल और निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब सरकार ने विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित सभी ऑफलाइन सेवाओं को एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रदान करने के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई (पी.एम.यू.) स्थापित करने का फैसला किया है।

शाम यहां पंजाब भवन में पंजाब राज्य ई-गवर्नेंस सोसाइटी (पी.एस.ई.जी.एस.) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बी.ओ.जी.) की 21वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि पी.एम.यू. का मुख्य उद्देश्य सभी ऑफलाइन सेवाओं को एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर लाना है ताकि नागरिक किसी भी समय, किसी भी स्थान से सेवाओं के लिए आवेदन कर सकें। यह पोर्टल आवेदकों को उनकी अर्जियों की स्थिति को ट्रैक करने में सक्षम बनाने के साथ-साथ लंबित सेवाओं की मुख्य दफ्तर स्तर पर निगरानी की सुविधा प्रदान करेगा ताकि अधिक जवाबदेह प्रशासन और मामलों के समय पर निपटारे को सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि यह यूनिट, पंजाब ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी इन पब्लिक सर्विस डिलीवरी एक्ट के तहत विभिन्न सरकारी विभागों की अधिसूचित सभी सेवाओं के पूर्ण डिजिटलीकरण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अमन अरोड़ा ने कहा कि पी.एम.यू. विभागीय सेवाओं को पंजाब ई-सेवा पोर्टल से जोड़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी इन पब्लिक सर्विस डिलीवरी एक्ट के तहत कुल 846 सेवाएं अधिसूचित की गई हैं और इनमें से सिर्फ 436 सेवाएं 541 सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं में से 406 सेवाएं 'भगवंत मान सरकार आपके द्वार' के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं, जिसके तहत नागरिक अपने घर बैठे हेल्पलाइन नंबर 1076 पर कॉल करके 406 नागरिक केंद्रित सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सिंगल प्वाइंट कांटेक्ट या डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए पंजाब ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी इन पब्लिक सर्विस डिलीवरी एक्ट के तहत अधिसूचित बाकी बची ऑफलाइन सेवाओं की ऑनलाइन पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत किया जाएगा।

सुशासन मंत्री ने कहा कि पी.एम.यू. विभागों को उनकी अधिसूचित सेवाओं को डिजिटाइज/ऑनबोर्डिंग करने और ऑनलाइन पोर्टल पर निर्बाध रूप से एकीकृत करने को सुनिश्चित करने में तकनीकी और संचालन सहायता प्रदान करेगा। पी.एम.यू. डिजाइनिंग, निगरानी, और सभी विभागों में डिजिटल सेवाओं के कार्यान्वयन की सुविधा के लिए एक केंद्रीय एजेंसी के रूप में काम करेगी।

## पंजाब सरकार की स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाने की पहल; वर्करों और हेल्परों को मिलेंगे स्मार्ट फोन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने घोषणा की कि पंजाब सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को जल्द ही स्मार्ट फोन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को और अधिक सुचारू और आधुनिक तरीके से निभा सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की जायज मांगों को संवेदनशीलता से सुनकर उनके समाधान के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। पंजाब भवन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ हुई बैठक के दौरान डॉ. बलजीत कौर ने उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और आश्वासन दिया कि जिन मांगों को विभाग स्तर पर तुरंत हल किया जा सकता है, उन्हें तुरंत निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन मांगों को राज्य सरकार स्तर पर निर्णय लेकर हल करवाया जा सकता है, उनके बारे में विभाग द्वारा पूर्ण प्रस्ताव तैयार करके मुख्यमंत्री जी को भेजा जाएगा, ताकि अगले स्तर पर भी जल्दी कार्रवाई हो सके। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्मार्ट फोन की मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। ये फोन उन्हें नए जमाने की तकनीकी सुविधाओं से जोड़कर सरकारी योजनाओं की पहुंच जमीनी स्तर तक सुनिश्चित करने में मददगार साबित होंगे।

# लुधियाना पशिचम के उपचुनाव में 'आप' उम्मीदवार संजीव अरोड़ा की जीत तय: बरसट

लोग एक बार फिर आम आदमी पार्टी के कार्यों पर लगाएंगे मोहर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप), पंजाब के राज्य महासचिव और पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट ने दावा किया है कि विधान सभा क्षेत्र लुधियाना पश्चिम के उपचुनाव में %आप% के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा (राज्यसभा मेंबर) की जीत तय है। उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहा साथ इस बात का प्रमाण है कि जनता आम आदमी पार्टी के कामों से बहुत खुश है।

उन्होंने कहा कि 'आप' उम्मीदवार संजीव अरोड़ा सूझवान और ईमानदार व्यक्ति हैं, जिनमें लीडरशिप के सभी गुण मौजूद हैं। वह समाज के हर वर्ग से जुड़े हुए हैं और लोक भलाई व समाज सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। संजीव अरोड़ा राज्यसभा सदस्य के तौर पर भी लगातार लुधियाना और पंजाब वासियों के लिये आवाज उठाते आये हैं। उन्होंने कहा कि संजीव अरोड़ा के प्रति लोगों के प्यार और विश्वास को देखते हुए यह यकीन हो गया है कि इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी बड़े अन्तर से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने 3 साल के कार्यकाल में लोक भलाई के कार्यों को ही पहल दी है। 'आप' का मुख्य उद्देश्य राज्य का सर्वपक्षीय विकास और लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

राज्य महासचिव ने कहा कि पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से लोगों की भलाई और राज्य के विकास को ही प्राथमिकता दी जा रही है। 'आप' सरकार द्वारा अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान हर क्षेत्र में बड़े सुधार किए गए हैं। लोगों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है।

# जसबीर सिंह चंदुआ ने संभाला मार्केट कमेटी बनूड़ के चेयरमैन का पदभार

कार्यक्रम में क्षेत्र विधायक की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 25 अप्रैल।** आप कार्यकर्ता जसवीर सिंह चंदुआ ने मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बर्स्ट की मौजूदगी में मार्केट कमेटी के चेयरमैन के रूप में अपना पदभार संभाल लिया है।

इस मौके पर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट नाभा के चेयरमैन मेघ चंद शेरमाजरा, लोकसभा क्षेत्र पटियाला के प्रभारी इंद्रजीत सिंह संधू, मार्केट कमेटी राजपुरा के चेयरमैन दीपक सूद, प्रवीण छाबड़ा और सिकंदर सिंह मौजूद रहे।

इस अवसर पर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बर्स्ट ने नवनियुक्त चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ को फूलों की माला व सिरोपा भेंट कर कुर्सी पर बैठाया। उन्होंने श्री चंदुआ को बधाई देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी अपने टकसाली कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दे रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बरसट ने कहा कि प्रदेश के किसानों को गेहूं खरीद के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जा रही है तथा खरीदी गई फसल का भुगतान 24 घंटे के भीतर किया जा रहा है।

इस अवसर पर नवनियुक्त चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ ने एक साधारण परिवार के लड़के को ऐसा सम्मान देने के लिए पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और सभी कैबिनेट मंत्रियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह आढ़ती समुदाय और किसानों को कोई परेशानी नहीं आने देंगे। इस मौके पर वाइस चेयरमैन विक्की घनौर, मार्केट कमेटी घनौर के चेयरमैन जरनैल सिंह मानू, नगर काउंसिल सनौर के प्रधान प्रदीप जोशन, तेजिंदर मेहता शहरी प्रधान जिला पटियाला, चेयरमैन बलविंदर सिंह गुल्ली, सोनू बाजवा, जोरा सिंह, बाली सिंह, मनदीप सिंह मन्ना संधू, करमजीत सिंह हुल्का, धरमिंदर सिंह, बंत सिंह, सुखदेव सिंह घग्गर सराय के अलावा आढती एसोसिएशन के जिला प्रधान पुनीत जैन, आशु जैन, धर्मपाल पिंकी, विक्की सिंगला, परमजीत पासी, वरुण बंसल मौजूद रहे।

#### हलका विधायक की गैरमौजूदगी बनी चर्चा का विषय

मार्केट कमेटी चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ की ताजपोशी के दौरान हलका विधायक नीना मित्तल व उनके गुट की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। वहां मौजूद लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि विधायक जसवीर सिंह चंदुआ को बनूड़ मार्केट कमेटी का चेयरमैन बनाए जाने से खुश नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने अपने समर्थकों सहित कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी, जो पूरे कार्यक्रम के दौरान चर्चा का विषय बना रहा। जब इस संबंध में पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बर्स्ट से पूछा गया, तो उन्होंने इसे टालते हुए कहा कि मैडम नीना मित्तल जरूरी व्यस्तताओं के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाईं, लेकिन इसमें परेशान होने वाली कोई बात नहीं है। चेयरमैन द्वारा भेजे गए निमंत्रण कार्ड से विधायक का नाम गायब होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस बारे में चेयरमैन ही विस्तार से बता सकते हैं।

▲ अधिकतम 39 डिग्री से.
डिग्री से. 22 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.44 बजे
सूर्यास्त 6.57 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 98,340.00 |
| सेंसेक्स | 79,212.53 |
| अमेरिका | 85.43 |
| कैनेडियन | 61.57 |
| आस्ट्रेलिया | 54.51 |

# ट्रैफिक जाम से निजात पाने को पीजीआई–सारंगपुर फ्लाईओवर का प्रस्ताव फिर जीवंत!

दो साल पहले मेट्रो परियोजना की वजह से ठंडे बस्ते में चला गया था प्रस्ताव

साल 2020 में रखा गया था फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव

सड़क सुरक्षा समिति की ताजा रिपोर्ट में इस मार्ग को अव्यवस्थित मार्ग करा दिया गया है, समिति ने की हैं कई सिफारिशें

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** चंडीगढ़ में पीजीआईएमईआर से सारंगपुर तक प्रस्तावित फ्लाईओवर, जो दो साल पहले ठंडे बस्ते में चला गया था, अब फिर से सुर्खियों में है। यूटी सडक़ सुरक्षा समिति ने इस परियोजना को तत्काल शुरू करने की सिफारिश की है, ताकि इस इलाके में बढ़ते ट्रैफिक से पैदा हुई अराजकता को काबू किया जा सके। यह सिफारिश चंडीगढ़ के उपायुक्त और समिति अध्यक्ष निशांत कुमार यादव के निर्देश पर किए गए नए सर्वे के बाद आई है। साल 2020 में पीजीआईएमईआर-सारंगपुर मार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए इस फ्लाईओवर का प्रस्ताव रखा गया था। यूटी द्वारा नियुक्त तकनीकी सलाहकार, जनरल हाईवेज एंड इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने इसकी व्यवहार्यता पर विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपी थी। लेकिन फरवरी 2023 में, इसी मार्ग पर मेट्रो कॉरिडोर की योजना बनने के कारण यह परियोजना रुक गई।



### क्या है समिति की सिफारिशें

ग्रेड–सेपरेटेड फ्लाईओवर: पीजीआईएमईआर से सारंगपुर के बॉटेनिकल गार्डन तक एक ऊंचा फ्लाईओवर बनाने की सिफारिश।

फुटपाथ निर्माण: नजदीकी स्कूल की बाउंड्री वॉल को शिफ्ट कर पैदल चलने योग्य फुटपाथ बनाना।

अतिक्रमण हटाना: सडक़ किनारे अतिक्रमण को तुरंत हटाना।

रंबल स्ट्रिप्स: हर 50 मीटर पर 15 मिमी मोटाई की 5–6 रंबल स्ट्रिप्स लगाना।

स्कूल जोन: एक विशेष स्कूल जोन बनाना।

सडक़ चौड़ीकरण: मुल्लांपुर जाने वाले ट्रैफिक के लिए सडक़ को 200 फीट तक चौड़ा करना।

### क्या है फ्लाईओवर की योजना

यूटी इंजीनियरिंग विभाग की शुरुआती योजना के अनुसार, यह फ्लाईओवर 90 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इसकी कुल लंबाई 1.75 किमी होगी, जिसमें 1.3 किमी हिस्सा ऊंचा होगा। यह पीजीआईएमईआर के पास से शुरू होकर सारंगपुर के बॉटेनिकल गार्डन तक जाएगा, जो खुड्डा जस्सु और खुड्डा लाहौरा गांवों से होकर गुजरेगा। फ्लाईओवर की चौड़ाई 19.1 मीटर और कैरिजवे की चौड़ाई 17.5 मीटर होगी। यह चार–लेन वाला ऊंचा राजमार्ग मध्य मार्ग से सारंगपुर, कुराली और बद्दी तक निर्बाध ट्रैफिक सुनिश्चित करेगा।

### अधिकारी बोले- जल्द शुरू होगा काम

यूटी मुख्य अभियंता सीबी ओझा ने बताया कि समिति की बैठक के आधिकारिक विवरण की प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा, जैसे ही यह मिलेगा, हम योजना पर काम शुरू करेंगे। मेट्रो संरेखण के सवाल पर ओझा ने स्पष्ट किया, फिलहाल हमारा ध्यान इस मार्ग पर ट्रैफिक को सुगम बनाने पर है। बढ़ते ट्रैफिक संकट का समाधान इस महत्वपूर्ण गलियारे पर ट्रैफिक की बदतर स्थिति और बार–बार जाम की समस्या को देखते हुए इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। यह फ्लाईओवर न केवल ट्रैफिक को सुगम बनाएगा, बल्कि चंडीगढ़ के इस व्यस्त मार्ग को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने में भी मदद करेगा।

### ट्रैफिक जाम और अराजकता ने बनाया संकटमय क्षेत्र

सडक़ सुरक्षा समिति की ताजा रिपोर्ट में इस मार्ग को ट्रैफिक से अव्यवस्थित क्षेत्र करार दिया गया है। इसे दुर्घटनाग्रस्त और संकटमय क्षेत्र बताया गया है। ट्रैफिक जाम, फुटपाथ की कमी (जिससे पैदल यात्री सडक़ पर चलने को मजबूर हैं), सडक़ किनारे पार्किंग, दुकानों का अतिक्रमण, मानसून में जलभराव, चौराहों पर यू–टर्न और ऑटो का बीच सडक़ पर रुकना इन सब ने इस इलाके को अव्यवस्थित बना दिया है।

## चंडीगढ़ इंजीनियरिंग विभाग की लापरवाही पर सवाल

घातक हादसों के लिए जिम्मेदार, तत्काल कार्रवाई की मांग

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** सेकंड इनिंग्स एसोसिएशन ने यू.टी. इंजीनियरिंग विभाग की सड़क सुरक्षा प्रस्तावों पर कार्रवाई न करने की विफलता पर गंभीर चिंता जताई है, और इसे युवा लोगों की जान लेने वाले घातक हादसों से जोड़ा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.के. गर्ग ने प्रशासन को लिखे पत्र में दो दुखद घटनाओं का जिक्र किया। मार्च 2018 में सेक्टर 48-49 की डिवाइडिंग रोड पर एक मोटरसाइकिल सवार की मौत और हाल ही में शांति पथ पर 37-38 राउंड अबाउट पर एक 20 वर्षीय बाइक सवार की पोल से टकराकर मौत हुई थी। 2018 के हादसे के बाद, एसएसपी ट्रैफिक ने चंडीगढ़ प्रशासन से शहर की सभी सड़क डिवाइडरों पर लोहे की रेलिंग लगाने या जहां रेलिंग संभव न हो, वहां डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने का आग्रह किया था, ताकि वाहन दूसरी ओर न जा सकें। इंडियन रोड कांग्रेस के दिशानिर्देशों और शहरी नियोजन विभाग के ड्राइंग के बावजूद, इंजीनियरिंग विभाग ने कथित तौर पर इन सुझावों को वर्षों तक नजरअंदाज किया। गर्ग के पत्र में विभाग पर 'घोर लापरवाही' का आरोप लगाया गया है, जिसमें कहा गया है कि समय पर कार्रवाई से कीमती जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। एसोसिएशन ने ट्रैफिक पुलिस के प्रस्तावों में देरी के कारणों की तत्काल जांच और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की है।जनता से इस मुद्दे का समर्थन करने और आगे की त्रासदियों को रोकने की अपील की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### वेरिफिकेशन न करवाने वाले तीन फ्लैट मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**बनूड़ (अप्रस)।** बनूड़ पुलिस ने अपने फ्लैटों की वेरिफिकेशन न करवाने वाले तीन फ्लैट मालिकों के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि बनूड़ बैरियर के पास स्थित हाउसफेड के फ्लैटों की चेकिंग के दौरान अंकुश भनोट पुत्र शीशपाल निवासी गुरु नानकपुरा ईस्ट, जालंधर, थाना सिटी रामा मंडी, जालंधर, भूपिंदर कौर पत्नी सतपाल सिंह निवासी फ्लैट नंबर 198, सेक्टर 55, चंडीगढ़ और किरणजीत कौर पत्नी सुरिंदर मोहन निवासी सेक्टर 85, चंडीगढ़ ने अपने फ्लैटों में किराएदार रखे हुए हैं, लेकिन उनका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाया है, जिसके चलते इन फ्लैटों के मालिकों के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अपने किरायेदारों की वेरिफिकेशन न कराने वाले मकान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गेहूं का बीज देने के नाम पर 8 लाख 24 हजार रुपए की ठगी, आधा दर्जन आरोपी नामजद

**बनूड़ (अप्रस)।** बनूड़ थाने की पुलिस ने गेहूं का बीज दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 8 लाख 24 हजार रुपए की ठगी करने के आरोप में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना बनूड़ के प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि मुकेश कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी गांव गजु खेड़ा, थाना बनूड़ ने साइबर क्राइम पटियाला में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गांव गजु खेड़ा में मनोहर पेस्टीसाइड के नाम से दुकान चलाता है और एक महीना पहले चदेवजीव सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी नंगल सोहल, थाना बाबा रामदास श्री अमृतसर साहिब, प्रभशरण सिंह पुत्र रणजीत सिंह चांद एवेन्यू, जिला अमृतसर व अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उसे बताया कि उनकी मोहाली में बीज की दुकान है और वे अमृतसर साहिब में अपने फार्म हाउस पर गेहूं के बीज तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि उसने गेहूं के बीज के लिए अपने खाते में 8 लाख 24 हजार रुपए जमा करवाए, लेकिन उक्त व्यक्तियों ने न तो उसे गेहूं के बीज दिए और न ही उसके पैसे वापस किए। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम पटियाला द्वारा इस शिकायत की जांच करने के बाद उक्त चंददेवजीव और प्रभशरण सिंह सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## मलोया में भाजपा ने आयोजित किया डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान दिवस पर कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मलोया, 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज मलोया में डॉ. भीमराव अंबेडकर समान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जितेंदर पाल मल्होत्रा ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे न सिर्फ भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान विचारक भी थे।

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रेखा सूद, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रावत, महामंत्री करिशन कांत और राजकुमार राणा ने भी लोगों को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनाने और समाज में समरसता, शिक्षा तथा भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, नागरिक और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाएंगे और एक समान तथा न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



## रहस्यमय परिस्थितियों में एक ट्रक हेल्पर मृत पाया गया

### हम सभी संभावित कोणों से मामले की जांच कर रहेः एसएचओ गगनदीप सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर।** शुक्रवार की सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में एक ट्रक हेल्पर मृत पाया गया, जिससे जीरकपुर के पुराने कालका रोड इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पटियाला जिले के समाना तहसील के क्लारा गांव निवासी 46 वर्षीय चमकौर सिंह के रूप में हुई है।

शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, शव राज मेडिकल स्टोर के पास मिला, जो गन्ना डिपो से कुछ ही दूरी पर है, जहां ट्रक रात भर पार्क किया गया था। ट्रक चालक राहुल कुमार, जो महाराष्ट्र के पुणे से गन्ने का एक लोड जीरकपुर लेकर आया था, ने पुलिस को बताया कि चमकौर सिंह समाना से हेल्पर के रूप में उसके साथ आया था।



राहुल ने कहा, गुरुवार रात करीब 10 बजे ट्रक पार्क करने के बाद, हमने खाना खाया और ट्रक के केबिन में सोने चले गए।' 'सुबह मैंने देखा कि चमकौर गायब था। आस-पास के इलाके में तलाश करने के बाद, मैंने उसे चादर से ढका हुआ जमीन पर पड़ा पाया। वह बेसुध था।'

राहुल ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। एसएचओ जीरकपुर गगनदीप सिंह के नेतृत्व में फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ एक टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की। मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शव पर चोट के कोई निशान नहीं हैं और मौत के आसपास की परिस्थितियों को संदिग्ध माना जा रहा है। इस खोज ने स्थानीय निवासियों को चिंतित कर दिया है, क्योंकि घटना के बारे में अटकलें फैल रही हैं।

एसएचओ गगनदीप सिंह ने कहा, 'हम सभी संभावित कोणों से मामले की जांच कर रहे हैं।' 'इस बिंदु पर, हम पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट प्राप्त होने तक किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर सकते। हम लोगों से अपील करते हैं कि अगर उनके पास मामले से संबंधित कोई जानकारी है तो वे आगे आएं।' पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आश्वासन दिया है कि रहस्यमय मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए गहन जांच चल रही है।

# आतंकवाद के विरोध में उतरा चंडीगढ़ का मुस्लिम समुदाय

सभी मस्जिदों में एकजुट होकर काली पट्टी बाँध नमाज़ अदा की गई, पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की

एकता और अमन का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** शुक्रवार को चंडीगढ़ की सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय द्वारा एकजुट होकर पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की गई। इस दुखद घटना में जो मासूम लोग मारे गए, उनके लिए शोक प्रकट करते हुए और आतंक के खिलाफ एकजुटता दर्शाते हुए, सभी नमाजियों ने बाजू पर काली पट्टी बाँधकर नमाज़ अदा की।

इस पहल की जानकारी देते हुए चंडीगढ़ कांग्रेस के महासचिव वसीम मीर ने बताया कि यह कदम पूरी तरह शांतिपूर्ण और एकजुटता का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि मनीमाजरा, सेक्टर 26, दरिया, गाँव, सेक्टर 56 और बुटरेड़ा (बूडैल) की सभी प्रमुख मस्जिदों में आज मुस्लिम समुदाय ने बड़े पैमाने पर भाग लेकर इस हमले की तीव्र भर्त्सना की।

वसीम मीर ने आगे बताया कि सेक्टर 20 स्थित जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना अजमल खान ने सुबह की नमाज़ से पहले सभी मस्जिदों में काली पट्टी बाँधकर नमाज़ अदा करने की अपील की थी। उन्होंने यह भी आग्रह किया था कि मस्जिदों के सभी इमाम, नमाज़ के दौरान इस हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों के लिए विशेष दुआ करें और उनके परिवारों के लिए सब्र व हिम्मत की दुआ मांगें।

चंडीगढ़ की मुस्लिम जनता ने इस मौके पर देश में एकता, शांति और भाईचारे के लिए भी विशेष दुआ की। उन्होंने यह संदेश दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और यह इंसानियत के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। मुस्लिम समुदाय हर प्रकार की हिंसा और आतंक का विरोध करता है और देश की अखंडता और शांति के लिए हमेशा तत्पर है।

इस मौके पर कांग्रेस के महासचिव जाहिद प्रवेश खान चंडीगढ़ कांग्रेस के महासचिव मोहम्मद सादिक व मुस्लिम समुदाय ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की कि वह इस हमले के दोषियों को जल्द से जल्द सज़ा दिलवाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएं।







### ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद सदीक वाइस प्रेसिडेंट चंडीगढ़ कांग्रेस जाहिद प्रवेश खान महासचिव चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुलेमान माइनॉरिटी कांग्रेस से मोहम्मद आबिद, माइनॉरिटी कांग्रेस से मोहम्मद आरिफ, हाजी रईस, इकबाल खान तथा अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की बेटी दमन सिंह ने अपने पिता के शैक्षणिक और वैचारिक योगदान पर प्रकाश डाला

# एक्सीडेंटल नहीं बल्कि योग्यता के चलते पीएम थे डॉ. मनमोहन सिंह: दमन

डॉ. मनमोहन सिंह शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता के थे प्रबल समर्थक

मौन सिंह कहने वालों को भी बेटी का करारा जवाब

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित एक संगोष्ठी में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की बेटी दमन सिंह ने अपने पिता के शैक्षणिक और वैचारिक योगदान पर प्रकाश डाला। दमन ने कहा कि डॉ. सिंह ने अपनी योग्यता के बल पर कई उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि वे कभी भी'एक्सीडेंटल'प्राइम मिनिस्टर नहीं थे, बल्कि उनके'एडवेंचर्स, मेहनत, संघर्ष और योग्यता ने उन्हें ऊंचे ओहदों पर पहुंचाया। उन्होंने एक के बाद एक कई नौकरियां छोड़ीं और नई जिम्मेदारियां संभालीं। उन्होंने डॉ. सिंह को 'मौन' बताने वाले आलोचकों का खंडन करते हुए कहा कि देश-विदेश में भाषण देने वाले और 40-50 पुस्तकें लिखने वाले व्यक्ति को मौन कैसे कहा जा सकता है? दमन ने बताया कि उनके पिता पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में बिताए समय को अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ समयों में से एक मानते थे। उन्होंने 1991 में पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में दिए गए डॉ. सिंह के भाषण का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने हिंसा और हत्याओं की निंदा की थी। डॉ. सिंह ने कहा था कि हिंसा से देश की अर्थव्यवस्था और समाज को गंभीर नुकसान हो रहा है। इससे हजारों निर्दोष लोगों का खून बहा, मां-बहनें विधवा हुईं और बच्चे अनाथ हुए, लेकिन इसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता के प्रबल समर्थक थे और विश्वविद्यालयों में किसी भी तरह के राजनीतिक हस्तक्षेप, चाहे वह पाठ्यक्रम में हो या नियुक्तियों में, इसके सख्त खिलाफ थे। वे असहमति और अलग राय रखने वालों के लिए भी स्थान चाहते थे। 'डॉ. मनमोहन सिंह- सर्वोत्कृष्ट विद्वान विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर रेणु विग ने की। दमन सिंह ने डॉ. सिंह के छात्र जीवन के कई रोचक किस्से साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे डॉ. सिंह स्कूल से कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और फिर ऑक्सफोर्ड पहुंचे। पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) में पढ़ाई के दौरान उन्हें छात्रवृत्ति मिली, जिसके सहारे वे विदेश पढ़ने गए। बाद में उन्होंने पीयू में ही शिक्षण कार्य शुरू किया। इसके बाद वे दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से जुड़े और फिर सरकार में विभिन्न पदों पर कार्य किया, जिसमें यूजीसी के चेयरमैन, आरबीआई गवर्नर, वित्त मंत्री और अंततः प्रधानमंत्री का ओहदा शामिल हैं। कुलपति प्रो. रेणु विग ने बताया कि भाई वीर सिंह साहित्य सदन ने डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर हर साल टॉपर छात्रों को गोल्ड मेडल और नकद पुरस्कार के लिए 10 लाख रुपये की राशि दान की है। इस राशि के ब्याज से पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर डीन रिसर्च प्रो. मीनाक्षी गोयल, कोलोकियम कनवीनर डीडी सिंह, योजना रावत और स्मिता शर्मा भी उपस्थित थे।



### डॉ. मनमोहन सिंह हॉल की स्मारक पट्टिका का अनावरण

प्रख्यात लेखिका और डॉ. मनमोहन सिंह की बेटी दमन सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय के आर्ट्स ब्लॉक 3 में स्थित डॉ. मनमोहन सिंह हॉल में एक स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। समारोह में कुलपति प्रो. रेणु विग, डॉ. सिंह के दोहिते राघव तन्खा, डीयूआई प्रो. योजना रावत, रजिस्ट्रार प्रो. वाई.पी. वर्मा, एफडीओ विक्रम नैयर, परीक्षा नियंत्रक प्रो. जगत भूषण, डीन रिसर्च प्रो. मीनाक्षी गोयल, पूर्व कुलपति प्रो. अरुण के. ग्रोवर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डॉ. सिंह की स्मृति में एक पौधा भी लगाया गया, जो विकास, विरासत और स्मरण का प्रतीक है। दमन ने बताया कि पिछली बार जब वे पीयू आए थे, तो वे भवन के ऊपरी हिस्से तक नहीं जा सके थे, लेकिन उन्होंने ब्लॉक के बाहर खड़े होकर फोटो खिंचवाए थे।शाम को दमन सिंह और राघव तन्खा ने अर्थशास्त्र विभाग का दौरा किया, जो डॉ. सिंह का मातृसंस्थान रहा है। उन्होंने विभाग के संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने डॉ. सिंह के आधिकारिक कक्ष में काफी समय बिताया, जहां उनकी पुस्तकें और तस्वीरें प्रदर्शित हैं। ये विश्वविद्यालय में उनके शैक्षणिक जीवन और स्थायी विरासत की झलक पेश करती हैं।

## ट्रैफिक पुलिस ने नगर कौंसिल दफ्तर को जाने वाली सड़क पर गलत पार्किंग के काटे 20 चालान





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 25 अप्रैल।** ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर द्वारा आज एक बड़ी कार्यवाही करते हुए कोहिनूर ढाबा से नगर कौंसिल दफ्तर तक जाने वाली रोड पर गलत तरीके से खड़े किए गए 20 वाहनों के ऑनलाइन चालान किए गए। इस संबंधी जानकारी देते हुए ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर के प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलवंत सिंह ने बताया कि उन्हें शिकायतें मिल रही थी कि इस रोड पर लोगों द्वारा गलत तरीके से सड़क के बीचो-बीच अपनी गाड़ियां खड़ी कर दी जाती है जिससे नगर कौंसिल जीरकपुर,सब तहसील तथा पुलिस थाना में अपने काम करवाने के लिए आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और जाम में फंसना पड़ता है जिस पर कार्रवाई करते हुए आज यहां चालान काटे गए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी को भी ट्रैफिक में बाधा डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 को जींद से झंडी दिखाकर किया रवाना

# सरकार का मुख्य लक्ष्य नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त हरियाणा बनाना : मुख्यमंत्री

नशे के खिलाफ लड़ाई को समाज के सभी वर्गों को मिलकर बनाना होगा सफल

साइकिल यात्रा नशे से लड़ने, जागरूकता लाने और एकता के साथ समाज से नशे का खात्मा करना एकमात्र लक्ष्य

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 25 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ चल रही राज्य स्तरीय साइक्लोथॉन 2.0 को जींद से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ इस ल?ाई को खाप पंचायतों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर सफल बनाना होगा। हमारा लक्ष्य नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त हरियाणा बनाना है। यह साइकिल यात्रा नशे से लड़ने, जागरूकता लाने और एकता के साथ समाज से नशे के खात्मा करने के संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि खाप पंचायतें हमारे सामाजिक ताने-बाने का प्राचीन काल से ही अभिन्न अंग रही हैं। हरियाणा में प्रदेश की गणधर्मी परम्परा, खाप और सर्वखाप पंचायतों के रूप में विद्यमान रही है। इतिहास साक्षी है कि हरियाणा की इस पंचायत परम्परा ने कई बार विदेशी शक्तियों से लोहा लिया। कई बड़े फैसले खापों ने लिए हैं। आज, हम नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, तब खापों ने इस साइक्लोथॉन में भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया है कि खाप पंचायतें न केवल परंपरा की संरक्षक हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत भी हैं। खापों ने पहले भी समाज को संदेश दिया है कि जो नशे को बढ़ावा देगा, उसका सामाजिक बहिष्कार होगा और जो नशा छोड़ेगा, उसका स्वागत होगा। इस साइक्लोथॉन को खापों ने समर्थन दिया है और इनके सहयोग से निश्चित तौर पर हरियाणा नशा मुक्त होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि गत 5 अप्रैल को हिसार से शुरू हुई साइकिल रैली विभिन्न जिलों से होती हुई जींद पहुंच चुकी है। आज यह बरवाला के लिए रवाना होगी। बरवाला फतेहाबाद होते हुए 27 अप्रैल को सिरसा में इसका समापन होगा।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, विधानसभा डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, उचाना विधायक देवेन्द्र अत्री, पूर्व मंत्री जे.पी. दलाल, जिला प्रभारी मदन गोयल, चेयरमैन कर्मवीर सैनी, चेयरमैन अमरपाल राणा, चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल,पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राज सैनी, जिला परिषद की चेयरमैन पूनम सैनी, विजय पाल एडवोकेट, जवाहर सैनी, बलदेव वाल्मीकि, योगेश बैरागी, भारत भूषण टांक, शिव नारायण शर्मा, कुलदीप रंधावा, पुष्पा तायल व प्रशासन की तरफ से मुख्यमंत्री के स्पेशल आफिसर पंकज नैन, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह, एडीसी विवेक आर्य, जींद एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी गुलजार मलिक, सीईओ जिप अनिल दून, खाप प्रतिनिधि टेकराम कंडेला, धर्मपाल कंडेला, अजमेर दालमवाला, राममेहर, सतबीर शर्मा, रविन्द्र ढांडा, सूरजभान घसो, बलजीत, धीरा, अमित, वीरेन्द्र अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नशे के खिलाफ अभियान से कहीं न कहीं आतंकवाद पर भी लगेगी रोक'

नायब सिंह सैनी ने कहा कि नशा व मादक पदार्थों की तस्करी पूरे मानव समाज के लिए चुनौती बन चुके है। नशीले पदार्थों की तस्करी के काले कारोबार से जो धन मिलता है, वह संसार में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी। उन्हें भी नशीले पदार्थों की तस्करी से ही पैसा मिलता है। नशे के खिलाफ अभियान से कहीं न कहीं आतंकवाद पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि यह साइक्लोथॉन सिर्फ एक साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ एक आंदोलन है, एक जन-जागरण का संकल्प है। आज हमारे युवा, हमारी खाप पंचायतें, बुजुर्ग और माताएं सभी एकजुट होकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश दे रहे हैं, तो अवश्य ही समाज में बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले ऐसी ही रैली वर्ष 2023 में पूरे प्रदेश में निकाली गई थी। साइक्लोथॉन 25 दिनों तक चली थी। उसमें 1 लाख 77 हजार 200 साइकिलिस्ट जुड़े और 5 लाख 25 हजार 800 अन्य लोगों ने भी भागीदारी की थी। उसकी सफलता को देखते हुए इस साइक्लोथॉन 2.0 का आयोजन किया गया है।

### 'मुख्यमंत्री की अपील, युवा अपने जीवन में नशे के लिए न कहने का साहस दिखाएं

मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में नशे के लिए न कहने का साहस दिखाएं। अगर आप किसी को नशे की गिरफ्त में देखें, तो उससे दूरी बनाने के बजाय उसे सहयोग दें, उसे सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें। सामाजिक बदलाव की शुरुआत घर से होती है। हम सब मिलकर अपने-अपने घरों से शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हों, पंचायतें, नगर निगम और स्थानीय निकाय भी इस मुद्दे को प्राथमिकता दें और सबसे महत्वपूर्ण, हम खुद उदाहरण बनें। उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर आपके साथ है। हम हर उस हाथ को थामेंगे जो नशे से बाहर निकलना चाहता है और हर उस जड़ को उखाड़ेंगे जो नशे को फैलाती है। श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के हर माता-पिता, शिक्षक, सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ इस ल?ाई को सभी एकजुट होकर लड़ें। बच्चों से संवाद करें, उन्हें समझाएं, डराएं नहीं। उन्हें गले लगाएं, धिक्कारें नहीं। क्योंकि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चुनौती है।

### नशे पर लगाम लगाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर लगाम लगाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। ड्रग्स की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए एजेंसियों को सशक्त किया है। सीमावर्ती राज्यों और इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही। लेकिन कानून से भी बड़ा है जन आंदोलन। यह साइकिल यात्रा उसी जन आंदोलन का हिस्सा है। जब लोग खुद जागरूक होते हैं, जब वे दूसरों को जागरूक करते हैं, तब बदलाव सुनिश्चित होता है। मुख्यमंत्री ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि आप भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं। आप अपने कदमों से नशे के खिलाफ अलख जगा रहे हैं। यह यात्रा गांव-गांव, शहर-शहर पहुंचेगी, बच्चों को, युवाओं को, किसानों को, महिलाओं को, हर वर्ग को संदेश देगी नशा मुक्त हरियाणा-हमारा सपना, हमारा संकल्प। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और सशक्त भारत का लक्ष्य रखा है। इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नशा मुक्त भारत बहुत जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### बजरी से भरे ट्राले में लगी आग, ड्राइवर जिंदा जला



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** गुहला चीका रोड पर स्थित गांव दीवाना में एक दर्दनाक हादसे में ड्राइवर जिंदा जल गया। बताया जाता है कि बजरी से भरा ट्राला यमुनानगर से गुहला चीका जिला कैथल की ओर जा रहा था। दीवाना गांव के पास ट्राले का टायर फटने से ट्राला बेकाबू हो गया और पेड़ से टकरा गया। जिस कारण उसमें आग लग गई। ड्राइवर ने बाहर निकलना चाहा परंतु केबिन में पैर फंसा होने के कारण बाहर नहीं निकल सका। आग इतनी तेज गति से लगी कि ड्राइवर को संभालने का मौका भी नहीं मिला और जलने से ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पिहोवा पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर के बाद फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर काबू पाया गया। इसके बाद जली हुई अवस्था में मृतक ड्राइवर का शव ट्राले के केबिन से बाहर निकाला गया। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ट्राले में लगी आग में जले ड्राइवर की पहचान सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी के रूप में हुई है।

### स्वास्थ्य विभाग ने मनाया विश्व मलेरिया दिवसः डा. मनीषा सिंह

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** एसएमओ डा. मनीषा सिह ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने सीएचसी पिहोवा के सभी एचआई, एमपीएचडब्ल्यू, एएनएम और आशा वर्कर की एक बैठक ली तथा मलेरिया से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी दी। डा. मनीषा सिंह ने मलेरिया से बचाव व ईलाज के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया बुखार मादा एनाफेलिज मच्छर से होता है जोकि रात के समय काटता है। यह मच्छर गंदे व ठहरे पानी में पैदा होता है। इसलिए कहीं पर भी पानी न ठहरने दें। मलेरिया होने पर मूल उपचार ले।


### नीलोखेड़ी पोलीटैक्निक की मेगा एल्यूमिनाई मीट आज

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** गुरु ब्रह्मानंद जी पोलीटेक्निक कालेज नीलोखेड़ी के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा 26 अप्रैल को ग्रांट एल्यूमिनाई मीट सुबह 10 बजे से गुरु ब्रह्मानंद जी पोलीटेक्निक कालेज परिसर में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर इस संसथान के पहले बैच से लेकर अब तक के पूर्व पास आउट होने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया हैं। यह जानकारी गुरु ब्रह्मानंद जी पोलीटेक्निक संस्थान एल्यूमिनाई एसोसएिशन के प्रधान राजन अरोड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह दस बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक भगवान दास कबीर पंथी को आमंत्रित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि इस कालेज के पहले बैच 1965 से लेकर 2024 तक के पास आउट विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्थान इस क्षेत्र का पहला बहुतकनीकी संस्थान हैं। यहां से पास आउट होने वाले विद्यार्थी आज देश विदेश में प्रतिष्ठित संस्थानों तथा केंद्र और राज्य सरकारों में प्रतिष्ठित पदों पर पदस्थ हैं। श्री अरोड़ा ने बताया कि एल्यूमिनाई मीट में पूर्व छात्रों का मिलन होगा। अब तक तीन पीढ़ियां इस कालेज से निकल चुकी हैं।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पांच लाख रुपए तक का मिलेगा ऋण

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 25 अप्रैल।** उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा मातृक्ति उद्यमिता योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की योजना लागू की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत जिन महिलाओं की परिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम, केवल हरियाणा की महिला उधमी तथा ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उधमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो, इस स्कीम की पात्र होंगी। आवेदक पहले से लिए गए ऋण की डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा दी जाएगी। योजना के तहत डेयरी उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोडक़र अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री-व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोकॉपी की दुकान, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल आइसक्रीम बनाने की युनिट बिस्कुट बनाना हैन्डलूम, बैंग बनाना, कैंटीन सर्विस इत्यादि का अपना काम शुरू कर सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाने होंगे।

सम्पादकीय

# रंगला योजना से खुलेंगी पंजाब के विकास की नई दिशाएं

पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने राज्य को रंगला बनाने की जो योजना शुरू करने का ऐलान किया है, वह बेहद स्वागत योग्य और उचित कदम है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार हर जिले को रंगला यानी खुशहाल बनाने के लिए 585 करोड़ रुपये खर्च करेगी। निश्चित रूप से यह राज्य की प्रगति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य है। संबंधित हलके के विधायक की ओर से सिफारिश और मंत्री की मंजूरी के बाद जिला उपायुक्त इस राशि को खर्च कर सकेंगे। राज्य के तमाम जिलों में विकास सुविधाओं की बहुत दरकार है और गांव-देहात की स्थिति भी अनेक जगह चिंतित करती है। इस योजना के तहत सरकार जिलों में रोजमर्रा की जनता की जरूरतों को पूरा करेगी।

**पंजाब अब उम्मीद और आशा का बड़ा केंद्र नजर आता है और जनता खुद को प्रफुल्लित महसूस करती है। वास्तव में राज्य में युवाओं को अब उम्मीद की नई किरण नजर आ रही है और आप सरकार एवं मुख्यमंत्री मान की कार्यप्रणाली की प्रशंसा कर रहे हैं। बेशक, विपक्ष सरकार की आलोचना भी कर रहा है, लेकिन यह सच्चाई है कि लाख अच्छा काम करने के बावजूद विपक्ष की ओर से आज की तारीख में बुराई ही सुनने को मिलती है। ऐसे में मुख्यमंत्री मान का यह कहना सही है कि विपक्ष तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहा है और वह उन युवाओं के चेहरे पर मुस्कान पचा नहीं पा रहा है, जिन्हें नौकरियां मिली हैं।**

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार राज्य में तमाम ऐसे कदम उठा रही है, जोकि इसके विकास की गति को तेज कर रहे हैं। प्रदेश में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब एक सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में 51655 युवाओं को सरकारी नौकरियां दे दी हों। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि अभी 50 हजार और युवाओं को नौकरी दी जाएंगी। आज के समय में एक सरकार के द्वारा रोजगार देना ही सबसे बड़ी जनसेवा है। इस लिहाज से आप सरकार ने राज्य में वह काम कर दिखाया है, जोकि एक मिसाल है। पंजाब में एक वह भी समय था, जब पता ही नहीं चलता था कि कितनों को और कहां नौकरी मिली है। लेकिन अब पारदर्शिता से सब कुछ सामने आ रहा है। राज्य में युवाओं को इस समय विदेश जाकर अपना धन, समय और जान संकट में डालने की गलत आदत है, अगर राज्य सरकार इसी प्रकार नौकरी देने और रोजगार पैदा करने के अपने मिशन में संलग्न रही तो वह समय दूर नहीं है, जब इस गलत आदत से युवा तौबा कर लेंगे।

पंजाब अब उम्मीद और आशा का बड़ा केंद्र नजर आता है और जनता खुद को प्रफुल्लित महसूस करती है। वास्तव में राज्य में युवाओं को अब उम्मीद की नई किरण नजर आ रही है और आप सरकार एवं मुख्यमंत्री मान की कार्यप्रणाली की प्रशंसा कर रहे हैं। बेशक, विपक्ष सरकार की आलोचना भी कर रहा है, लेकिन यह सच्चाई है कि लाख अच्छा काम करने के बावजूद विपक्ष की ओर से आज की तारीख में बुराई ही सुनने को मिलती है। ऐसे में मुख्यमंत्री मान का यह कहना सही है कि विपक्ष तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहा है और वह उन युवाओं के चेहरे पर मुस्कान पचा नहीं पा रहा है, जिन्हें नौकरियां मिली हैं। मान सरकार बीते समय में पंजाब पुलिस में 560 सब इंस्पेक्टरों को नियुक्ति पत्र देकर इतिहास रच चुकी है। इससे पहले इसका फायदा राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए हो रहा है।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले मुख्यमंत्री मान ने इसकी भी घोषणा की थी कि राज्य में भ्रष्ट नेताओं के मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे वहीं पूरी कार्रवाई को तय समय में निपटाया जाएगा। मुख्यमंत्री मान की सख्ती का असर है कि भ्रष्ट अधिकारियों पर अब कड़ी कार्रवाई की जा रही है। भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करते हुए सरकार ने अब फील्ड अफसरों की संपत्ति की भी जांच के आदेश दिए हैं। एक जनसरोकार वाली सरकार के और क्या उद्देश्य हो सकते हैं। आज के समय में माना जाता है कि सरकारों के पास नौकरी ही नहीं हैं। बेशक, सरकारी पद खाली पड़े रहते हैं, तब भी उन्हें भरने की कवायद नहीं शुरू की जाती। इसके लिए फंड आदि की कमी बताई जाती है। लेकिन पंजाब में आप सरकार ने अनेक चुनौतियों पर काबू पाते हुए सरकारी नौकरियों के दरवाजे पंजाब के युवाओं के लिए खोले हैं। पंजाब सरकार पुलिस प्रणाली को पुख्ता बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, नशाखोरी पर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। अपने गठन के साथ ही आप सरकार ने पंजाब में बदलाव के लिए दिन-रात काम किया है। तीन साल में पंजाब की हवा में बदलाव साफ देखा जा सकता है। जनता को सुविधा देना और उसकी हमदर्द होना सरकार की पहली जरूरत होती है और पंजाब की आप सरकार ने यह करके दिखाया है। राज्य में अब भेदभाव और पक्षपात के आरोप नहीं लगाए जा सकते। एक समय वह था, जब अधिकारियों पर संरक्षण देने के आरोप लगते थे, लेकिन अब आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो रही है। मान सरकार ने अब जिस प्रकार से अपने कामकाज में और गतिशीलता दिखाई है, वह राज्य के विकास की नई दिशाएं खोलेगी।

# लोभ का कुआं, जो गिरासोमुंआ

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**
*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*

भारतीय संस्कृति में कल्पवृक्ष का जिक्र आता है जो एक दिव्य वृक्ष है जिसका उल्लेख वैदिक शास्त्रों में मिलता है। इसे कल्पद्रुप, कल्पतरु, सुरतरु, देवतरु, और कल्पलता जैसे नामों से भी जाना जाता है। मान्यता है कि कल्पवृक्ष के नीचे बैठकर जो भी इच्छा की जाए, वह पूरी हो जाती है। पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन से प्राप्त 14 रत्नों में कल्पवृक्ष भी था। ऐसा माना जाता है कि कल्पवृक्ष से जिस वस्तु की भी याचना की जाए, वह तुरंत मिल जाती है। समुद्र मंथन से ही कामधेनु गाय की भी उत्पत्ति मानी जाती है। ऐसी धारणा है कि इस श्वेतवर्णा गाय में कई देवी-देवता निवास करते हैं और कामधेनु गाय भी हमारी हर कामना की पूर्ति तुरंत करती है। हम सब अपने जीवन में हम सुख चाहते हैं, धन-धान्य चाहते हैं, सुखदायी रिश्तों का साथ चाहते हैं, सफलता चाहते हैं, शक्ति चाहते हैं, यश चाहते हैं, मन की शांति चाहते हैं, खुशी चाहते हैं, स्वास्थ्य चाहते हैं, आराम चाहते हैं, आनंद चाहते हैं, या यूं कहिए कि अलादीन का चिराग़ चाहते हैं ताकि हम जो कुछ भी सोचें, जो कुछ भी चाहें हमारी वह इच्छा तुरंत पूरी हो जाए।

कल्पवृक्ष, कामधेनु गाय या अलादीन के चिराग़ को पाने की इच्छा हम सबको है। इस इच्छा की पूर्ति का एक और भी तरीका है। यह एक स्वयं सिद्ध तथ्य है कि भगवान के नाम में प्रेम होने से स्वार्थ और परमार्थ दोनों ही सुलभ हो जाते हैं। कहा गया ह ैकि ''मिठो अरु कठवति भरो, रौंताई अरु क्षेम; स्वारथ परमाथ सुलभ, राम नाम के प्रेम।'' इसका भावार्थ है कि हमारे पास पदार्थ अमृत समान मीठा भी हो, और कठौती, यानी, कमंडल भर कर मिले, यही नहीं, हमें राज्य का अधिकार भी मिल जाए और हम कुशल भी रहें, और यह भी संभव हो जाए कि हमारा स्वार्थ भी सधता रहे तथा हम परमार्थ के कार्य भी कर सकें। राम नाम में प्रेम होने से मधुर सुख भी मिलते हैं और वे दुख रहित और भरपूर आनंदमयी होते हैं। राम नाम के प्रेम से राज्य भी मिल सकता है और उसमें अभिमान तथा विषयासक्ति का अभाव होने के कारण हमारे पतन की गुंजाइश भी नहीं रहती। सच तो यह है कि पारमार्थिक स्थिति पर अचल रहते हुए भी राज्य पर शासन किया जा सकता है और परमार्थ ही स्वार्थ बन जाता है। राम नाम का सहारा न हो तो लोभ में पड़ना बहुत आसान है और लोभ में पड़े व्यक्ति का कोई चरित्र नहीं होता।



कहा जाता है कि एक सन्यासी शहर के साथ लगते जंगल में कुटिया बना कर रहते थे। उनके बारे में यह मशहूर था कि उनके पास एक पारस पत्थर है जिसे उन्होंने कहीं छिपा रखा है। शहर के सबसे अमीर सेठ ने एक रात अपने एक विश्वस्त नौकर के साथ सन्यासी की कुटिया में धावा बोला और उनके माथे पर पिस्तौल रखकर पारस पत्थर देने को कहा। सन्यासी ने उससे ठसे कहा कि मैं तुम्हें वह पारस पत्थर दे सकता हूं, पर उसके लिए तुम्हें तीन बकरियां, एक कुत्ता और एक बड़ा बर्तन यहां लाना होगा और मेरी एक शर्त भी माननी होगी। सेठ ने उनकी बात मानने के बजाए उनकी तलाशी लेनी शुरू कर दी पर उसे वह पारस पत्थर नहीं मिला। सेठ के बहुत डराने-धमकाने पर भी सन्यासी यही कहते रहे कि पारस पत्थर तभी मिलेगा जब तुम मेरी शर्त मानोगे। जान से मार डालने की धमकी दी के जवाब में भी सन्यासी ने हर बार यही कहा कि तुम मुझे मार तो सकते हो पर फिर पारस पत्थर से हमेशा के लिए हाथ धो बैठोगे। आखिर थक-हार कर सेठ ने सन्यासी की शर्त मानना मंजूर कर लिया और अपने नौकर को तीन बकरियां, एक कुत्ता और एक बड़ा बर्तन लाने भेज दिया। नौकर ने आदेश का पालन किया और कुछ ही देर में बकरियां, कुत्ता और बर्तन ले आया। अब सन्यासी ने सेठ को बकरियों का दूध दुहने को कहा। सेठ ने फटाफट उनकी आज्ञा मान ली। सन्यासी ने अगला आदेश दिया कि यह सारा दूध कुत्ते को पीने के लिए दे दो। भूखे कुत्ते ने दूध पीना शुरू किया लेकिन थोड़ी ही देर में उसका पेट भर गया और काफी सारा दूध बर्तन में बच गया। अब सन्यासी ने सेठ को कुत्ते का जूठा दूध पीने को कहा। सेठ बड़ा परेशान हुआ लेकिन आखिर उसने दूध पीना स्वीकार कर लिया। सेठ जब दूध पीने को था तो सन्यासी ने कहा कि पहले अपनी पिस्तौल अपने नौकर को दे दो, फिर दूध पीना। सैठ ने बिना किसी हील-हुज्जत के पिस्तौल नौकर को दे दी। अब सन्यासी ने नौकर को कहा किपारस का असली अधिकारी सेठ नहीं बल्कि तू है। सेठ को गोली मार और मुझ से पारस लेकर खुद सेठ बनजा। यह सुनते ही सेठ के हाथों के तोते उड़ गये। सेठ अब जान बचाने के लिए कभी सन्यासी की और कभी अपने नौकर की मिन्नतें करने लगा। सेठ ने नौकर को यह भी कहा कि पारस पत्थर तुम रख लो पर मेरी जान बख्श दो। तब सन्यासी ने नौकर के हाथ पर एक झटका मारा और पिस्तौल अपने कब्जे में ले ली। इसके बाद सन्यासी ने सेठ से कहा कि शहर के सबसे अमीर सेठ होते हुए भी तुमने लालच किया और कुत्ते का जूठा दूध भी पीने को तैयार हो गये। अब जान के लाले पड़े हैं तो पारस पत्थर तुम्हें बेकार लगने लगा है। याद रखो जीवन का हर सबक एक पारस पत्थर के बराबर है और पहला सबक यह है कि लोभ है कुंआं, जो गिरा वो मुआं। यह सुनकर सेठ की आंखों से आंसू बहने लगे, उसका मन निर्मल हो गया और उसने सन्यासी के चरण पकड़ लिये।

अब सन्यासी ने सेठ को कहा कि अगला और आखिरी पाठ यह है कि राम नाम में प्रेम होने से हम अहंकार के शिकार नहीं होते और इंद्रियों के विषयों में हमारी आसक्ति नहीं होती जिससे हमारा आध्यात्मिक जीवन निरंतर आगे बढ़ता रहता है और हमारा पतन नहीं होता। अज्ञान में, ईर्ष्या में, आलस्य में, क्रोध में हम लोभ के कुएं में गिरते चले जाते हैं और फिर हमारे उद्धार की गुंजायश नहीं रह जाती। लेकिन यदि राम नाम में लिव लगी हो तो हम इन विकारों से ऊपर उठकर सुख भी भोग सकते हैं और दूसरों की सेवा करते हुए सार्थक और सात्विक जीवन का आनंद भी ले सकते हैं। राम नाम की महिमा यही है कि श्री राम के नाम के प्रेम से परस्पर विरोधी और दुर्लभ लगने वाले काम भी संभव हो जाते हैं। हम क्रोध, लोभ, मोह और ईर्ष्या छोड़कर परमात्मा के नाम से प्रेमकर लें तो जीवन सफल हो जाता है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# लाखो का माल बरामद

चंडीगढ़। स्थानीय पुलिस ने 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके लाखों रुपए का माल बरामद किया है, इनकी गिरफ्तारी से काफी चोरी के मामले हल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर पुलिस के सीआईए विभाग दो ने चोरों के एक गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है जिनके पास से चार वीसीआर 9 साइकिल एक स्कूटर व कुछ जेवरात बरामद किया गया है। उक्त चोरों के नाम फुल सिंह व सुरेश (उत्तर प्रदेश) जबकि मदन लाल व राजकुमार (डड्डूमाजरा) तथा राजकुमार उर्फ मुन्ना लुधियाना का रहने वाला बताया जाता है। इसके अलावा इनके पास से एक स्टीरिंग मशीन नम्बरिस मशीन रिक्शा रहेड़ी तथा कुछ प्रिंटिस के काम में आने वाला सिक्का भी बरामद किया गया है।

## कट्टर खाड़कू सहित 4 मरे

चंडीगढ़। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक खूंखार खाड़कू कमलजीत सिंह समेत चार खाड़कू मारे गये जबकि एक खाड़कू पुलिस हिरासत से भागने में सफल हो गया। यहां प्राप्त समाचारों के मुताबिक कमलजीत सिंह व उसका एक साथी जलंधर जिला के गांव चीना से सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये। उनके पास से एक एके 47 राईफल एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा दो अज्ञात खाड़कू जगराव पुलिस जिला के गांव ब्रह्मपुर में मारे गए इसी जिले में डांडा गांव में केसव सिंह नामक खाड़कू उस समय पुलिस हिरासत से भाग गया जब उसे विस्फोटक सामग्री बरामद करने के लिए पुलिस कही ले जा रही थी।।

## कर्मियों को किश्त देने की मांग

चंडीगढ़। यूटी कर्मचारी वैलफेयर एसोसिएशन सरकारी कालेज 46 ने केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष जनवरी से अपने कर्मियों को महंगाई भत्ते की 9 प्रतिशत अतिरिक्त किश्त जारी करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1654- यहूदियों को ब्राजील से निकाला गया।
1755- रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया।
1828- यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा।
1903- गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की।
1920- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन।
1959- क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया।
1962- अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने चांद की सतह पर कदम रखा। चांद तक पहुंचने वाला यह पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था। तकनीकी गड़बड़ी के कारण इसका संपर्क पृथ्वी से टूट गया और यह चांद की सतह के चित्र नहीं भेज सका।
1964- तंगांयिका और जंजीबार के विलय के बाद तंजानिया संयुक्त गणराज्य की स्थापना हुई और जूलियस न्येरेरे इसके प्रथम राष्ट्रपति बने।
1975- सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना।
1986- तत्कालीन सोवियत संघ के यूक्रेन प्रांत के चेरनोबिल में परमाणु हादसा हुआ, जिससे बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी विकीरण हुआ।
1990: वीआरपी मेनन ने 463 घंटे तक लगातार डिस्को डांस करने का विश्व रिकार्ड अपने नाम किया।
2020- देश में कोविड महामारी से संक्रमित लोगों की संख्या 26 हजार के पार पहुंची। राज्यों ने कुछ दुकानें खोलने की अनुमति देकर लॉकडाउन की शर्तों में ढील देने की शुरुआत की।
1999- वेस्टइंडीज के आल राउंडर खिलाड़ी कार्ल हूपर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।
2010- भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकॉप्टरों की जगह लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।
2013- ब्रिटेन ने सोमालिया में अपना दूतावास 27 वर्ष के बाद दोबारा खोला। 2015- नेपाल में भीषण भूकंप से जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ।

## बोल ब्यूटीफुल

**ब्रह्मा चेलानी:** पिछले 65 वर्षों से भारत ही सिंधु जल समझौते का बोझ सहता आ रहा था। विश्व के इस सबसे उदार जल समझौते से भारत को शायद ही कोई लाभ मिल रहा था। अब इसे रोकने का फैसला किया गया।



**नबीला जमाल:** प्रधानमंत्री मोदी भारत में विशेषकर हिन्दी पट्टी के लोगों के बीच अंग्रेजी का इस्तेमाल नहीं करते, लेकिन बिहार में अपने भाषण के बीच अंग्रेजी में उनका संदेश स्पष्ट है कि पूरी दुनिया समझ ले कि भारत कुछ कड़े कदम उठाने जा रहा है।

**अदिति त्यागी:** भारत की संभावित कार्रवाई से डरकर धमकी देने वाले पाकिस्तानी समझ ले कि महीने भर पहले कुछ बलूचो ने ही तुम्हारी फौज की साख मटियामेट की थी। तुम्हारी फौज की हिम्मत अपने जवानों के शव उठाने की न हुई। तालिबान ने भी परेशान किया हुआ है और तुम भारत को चुनौती दे रहे हो।

# मेरे सामने प्रश्न था कि 'किस पर तरस खाए'

'एक छात्र शिक्षक' (प्युपिल टीचर) पर, या उन हजारों लाखों स्टूडेंट्स पर जिनका भविष्य उस अयोग्य प्युपिल टीचर के कारण हर साल बर्बाद हो सकता है?'

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



**डॉ. स्वतन्त्र जैन**
मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

'प्रिय पाठकों, गत कुछ वर्षों से मैं 'आपकी उलझनें-हमारे प्रयास' नाम से एक कॉलम के जरिए आपकी मानसिक उलझनों के हल के लिए लेख लिख रही थी। अब मैं आपसे अपने एडवेंचर (adventures) से भरपूर जीवन की कुछ stories साझा कर रही हूँ ताकि आप भी इनसे कुछ प्रेरणा लेकर अपने नैतिक, मानवीय और सामाजिक दायित्व को निभाने का प्रयास कर सकें। पाठकों से अनुरोध है कि stories पसंद आएं, तो कमेन्ट और शेयर जरूर करें और अपने प्रश्न/कमेन्ट अर्थ-प्रकाश कार्यालय या लेखिका के मोबाइल नंबर- 9254588689 पर WhatsApp या jain-swatantra@gmail.com पर मेल करें।' मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लिए मेरा निम्न tube channel देखें- https://youtube.com/@swatantrajain7274?

बात 1984 की है जब मैं होशियारपुर (पंजाब) के 'डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन' में बीएड व एमएड स्टूडेंट्स को शिक्षा-मनोविज्ञान पढ़ा रही थी। जून 1984 में ऑपरेशन ब्लू-स्टार से पहले और बाद भी हिंदुओं के विरुद्ध जबरदस्त माहोल बना हुआ था। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा से सिख-आतंकवादी हिंदुओं को सरे आम मार रहे थे। इसलिए दहशत का जबरदस्त माहोल था। सो, बीएड के टीचिंग प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए बाहर के एक्सटर्नल examiners ने परीक्षक बनने से साफ इंकार कर दिया, जिस कारण हर बीएड कालेज के इन्टर्नल टीचर्स को ही खुद प्रैक्टिकल परीक्षा कन्डक्ट करने को कहा गया। परीक्षा के दिन कालेज में हम सब टीचर्स को परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट दी गई। मुझे भी मेरे शिक्षक साथी ने मेरी लिस्ट थमाते हुए कहा, 'मैडम, इन 15 स्टूडेंट्स की लिस्ट में निशान लगे रोल नम्बरों वाले स्टूडेंट्स को 80-85 प्रतिशत मार्क्स देने हैं, यह मैनेजमेन्ट का आदेश है।' और यह अटपटा आदेश सुनते ही मेरे मुख से निकल गया-

**"Wow! परीक्षा शुरू होने से पहले ही स्टूडेंट्स का रिजल्ट व भविष्य तय करने का आदेश दिया है।'** और मैं मन-ही-मन इस निश्चय के साथ कि मैं किसी स्टूडेंट के साथ पक्षपात नहीं करूंगी, परीक्षा के लिए तय किए गए कमरों की ओर बढ़ गई।

पहले ही स्टूडेंट का नाम, रोल-नम्बर, टीचिंग सब्जेक्ट व कमरा नंबर ढूंढते हुए मैं पहले कमरे की ओर बढ़ी। वहां सब-कुछ मेरी लिस्ट के अनुसार मिला, किन्तु अंदर झांकने पर देखा तो वो स्टूडेंट बच्चों से गूढ़ पंजाबी में बोल रही थी, जबकि उसका टीचिंग विषय 'हिन्दी' था। मुझे लगा कि मैं ही गलत जगह आ गई। पर मुझे दोबारा वहीं आना पड़ा क्योंकि और कहीं उस लड़की वाले डिटेल्स मिले ही नहीं। वहां मैंने देखा कि 'दीवाली' का निबंध वो पंजाबी भाषा में समझा रही थी।

मैंने उससे पूछा कि उसका टीचिंग सब्जेक्ट क्या है? **'हिन्दी'** उसने कहा।
**'पर आप तो पंजाबी बोल रही हो, हिन्दी कैसे आएगी बच्चों को?' मैंने फिर पूछा।**
**'इन्हानु हिन्दी समझ नहीं आंदी, मैडम जी'** उसने जवाब में कहा। और मैंने जोर देते हुए कहा, **'पर आपका सब्जेक्ट तो हिन्दी पढ़ाना है न? अगर आप हिन्दी बोलेंगी ही नहीं, तो ये बच्चे समझने की कोशिश कैसे करेंगे? और आपका हिन्दी पढ़ाने का उद्देश्य तो बच्चों को हिन्दी समझना, पढ़ना और लिखना सिखाना है, फिर पंजाबी बोल कर कैसे पूरा होगा आपका वो उद्देश्य? सो, आप तो अभी हिन्दी में बोलें।'** पर वो हिन्दी नहीं बोल सकी, जिस पर मैंने उसे कहा,
**'आपको तो टीचिंग ऑफ पंजाबी' विषय लेना चाहिए था, हिन्दी टीचिंग क्यों ली?'**

वो फिर भी चुप रही, कुछ नहीं बोली। मैंने लिस्ट में देखा कि मैनेजमेन्ट ने उसकी जबरदस्त सिफारिश कर रखी है, सो मैंने उसे वार्निंग देते हुए कहा,

**'देखो आपने आज हिन्दी बोल कर नहीं दिखाई, तो आपको जीरो नंबर मिलेगा'** वो फिर भी चुप रही।

बाहर के माहोल से पता लग रहा था कि उसके लिए कई लोग जरूर सिफारिश के लिए आए होंगे।

सो, मैंने बाहर झाँकते हुए जोर से आवाज लगाते हुए कहा, 'जो टीचर्स और रिश्तेदार इसके लिए यहां आए है, सब मेरे पास आयें। जल्दी ही कुछ टीचर व अधेड़ उम्र के सिख भाई व बुजुर्ग इक्कठे हो गए। **'देखो, यह आपकी बेटी हिन्दी टीचर बनना चाहती है, पर हिन्दी ही नहीं बोल पा रही। अगर इसने आज हिन्दी बोल कर नहीं दिखाई, तो मैं इसे जीरो नंबर दूँगी, समझा दें इसे।**

मेरी वार्निंग सुन कर सब सकते में आ गए और एक टीचर मेरे कान में बुदबुदाते हुए बोला, **'मैडम, यह मैनेजमेन्ट की खास है, अगर आपने रहम नहीं किया और इसे फेल कर दिया तो आपकी टर्मिनेशन तो हो गई समझो।'**

यह सुन मैं सोचने लगी कि मेरी टर्मिनेशन की तो देखी जाएगी, पर मेरे सामने अहम प्रश्न था कि- **'किस पर तरस खाएं-एक pupil-teacher पर, या उन हजारों लाखों स्टूडेंट्स पर जिनका भविष्य इस अयोग्य टीचर के कारण हर साल बर्बाद हो सकता है?**

मेरे सामने बिल्कुल स्पष्ट था कि, **'मैं किसी नालायक/अयोग्य टीचर को देश का भविष्य बर्बाद करने के लिए पास होने का प्रमाणपत्र नहीं दे सकती, चाहे मेरा खुद का भविष्य क्यों न बर्बाद हो जाए।'**

सो, अपनी आत्मा की आवाज सुनकर मैंने अपनी जॉब की परवाह किए बिना उसे जीरो मार्क्स दे दिए और उसी के परिणाम-स्वरूप अगले दिन कालेज जाते ही टर्मिनेशन लेटर मेरे हाथों में थमा दी गई।

बेशक उस समय 5 वर्षीय बेटी की सिंगल Mom होने के नाते मेरे सामने जबरदस्त चुनौतियाँ थी, (क्योंकि मेरे स्वाभिमान को मायके/ ससुराल कहीं से भी अपने भरण-पोषण के लिए निर्भरता स्वीकार नहीं थी, ना ही कोई निकट-भविष्य में एकदम से नई जॉब मिलने की कोई उम्मीद थी), फिर भी अजब सी शांति थी मन में कि भगवत-कृपा से सही स्टैन्ड ले पाई, क्योंकि मेरे पूज्य स्वतंत्रता सेनानी पिता (हरियाणा के गाँधी) का आदर्श हमेशा मेरे सामने रहा कि, **'जब भी दोराहे पर खड़े हो, दुविधा में हो, तो हमेशा राष्ट्र, मानवीयता, और कर्तव्य को सामने रख कर ही अपना अंतिम निर्णय लो।'**

मैंने हमेशा ऐसे ही किया। क्या आप सब भी इसी 'तराजू' को सामने रखते हुए अपने जिंदगी के अहम निर्णय ले पाएंगे?

# राजीव जैन ने इंजिनीरिंग विभाग के अधिकारियों को पेयजल की समस्या पर फोकस करने के दिए निर्देश



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने इंजिनीरिंग विभाग के अधिकारियों को पेयजल की समस्या पर फोकस करने, बरसात से पहले नालों की मरम्मत, वित्त कमेटी द्वारा पास किये गए एस्टीमेट के टेंडर जल्द से जल्द लगाने तथा मुख्य सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिए। स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित बैठक में राजीव जैन ने सभी वार्डो में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की और जन समस्याओं से सम्बंधित सड़क, सीवेरज, पानी की नागरिकों द्वारा दी गई मांगों पर चर्चा कर एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देखने में आया है सड़कें बनने के बाद जल्द टूट रही हैं इसलिए विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। राजीव जैन ने कहा कि सरकार की वार्डों में वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र, लाइब्रेरी बनाने की भी योजना है इसलिए वार्डों में छोटे छोटे जमीन के टुकड़ों की तलाश करो। इसके अतिरिक्त विभिन्न वार्डों में बने सामुदायिक केंद्रों का दौरा कर उनमे होने वाली मरम्मत के कार्यों का ब्यौरा तैयार कर टेंडर लगाने की तैयारी करो। उन्होंने वित्त अनुबंध कमेटी की बैठक में स्थगित किये हुए विकास कार्यों के एजेंडों पर भी चर्चा की और जल्द ही कमेटी की होने वाली बैठक के लिए भी प्रस्ताव जल्द से जल्द तैयार करके भेजने के निर्देश दिए। मेयर ने बरसात से पहले नालों की सफाई के साथ साथ गलियों में सीवर लाइन की सफाई पर भी जोर दिया। उन्होंने आगे कहा की वार्ड पार्षदों की शिकायतों को भी गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में कनिष्ठ अभियंताओं ने कार्य करने में आने वाली समस्याएं भी साझा की जिस पर मेयर ने उनका समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

# श्रीराम और भरत के मिलाप का साक्षी है चित्रकूट का मंदिर, शिला पर आज भी मौजूद हैं पैरों के निशान

ऋषि वाल्मीकि द्वारा रामायण की रचना की गई थी। उनके द्वारा रचित रामायण के उत्तरकाण्ड में भरत मिलाप का प्रसंग मिलता है। भरत मिलाप प्रसंग को पढ़ने या सुनने के बाद व्यक्ति का मन भाव-विभोर हो उठता है। चित्रकूट में हुए इस मिलन स्थान का आज भी उतना ही महत्व माना जाता है, जितना कि उस दौरान था जब श्रीराम और भरत जी का मिलाप हुआ था। वर्तमान समय में इस स्थान पर एक मंदिर भी स्थापित है, जिसको भरत मिलाप मंदिर के नाम से जाना जाता है।

मध्यप्रदेश के चित्रकूट में भगवान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर भरत मिलाप मंदिर है। रामायण में वर्णित एक कथा के मुताबिक जब भगवान श्रीराम अयोध्या गए, तो उनको मनाने के लिए भरत जी चित्रकूट पहुंचे। जहां पर उन्होंने श्रीराम से वापिस अयोध्या चलने का आग्रह किया, लेकिन श्रीराम ने अपने वचन को पूरा करने के लिए स्नेह के साथ भरत को वापिस अयोध्या भेज दिया था।

चित्रकूट में श्रीराम और भरत जी के मिलन का दृश्य इतना भावपूर्ण था कि आसपास के लोगों के साथ प्रकृति भी भावुक हो गई



और पत्थर तक पिघल गए। भाई मिलन का वर्णन गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरित मानस में कुछ इस प्रकार किया है।

**द्रवहिं बचन सुनि कुलिस पषाना। पुरजन पेमु न जाइ बखाना॥**
**बीच बास करि जमुनहिं आए। निरखि नीरु लोचन जल छाए॥4॥**
**भगवान श्री राम जी के लिए भरत का प्रेम**

आज भी चित्रकूट में भगवान श्रीराम और भरत जी के पैरों के निशान एक शिला पर देखने को मिलते हैं। राम-भरत मिलाप मंदिर के अलावा लक्ष्मण-शत्रुघन मिलन और कौशल्या-सीता मिलन मंदिर भी स्थापित है। फिर जब अंत में भरत जी भगवान राम को अयोध्या वापस चलने पर मनाने में असफल रहे, तो वह श्रीराम की चरण पादुका को अपने साथ अयोध्या ले गए। इन पादुका को उन्होंने सिंहासन पर रखकर अयोध्या का राजकाज चलाया था।

बता दें कि भरत मिलाप मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक विशाल कुआं मौजूद है। इस कुएं को भरत कूप के नाम से जाना जाता है। चित्रकूट जाने पर इस पवित्र स्थल के दर्शन के बिना यात्रा अधूरी मानी जाती है। माना जाता है कि भरत भगवान श्रीराम का एक राजा के रूप में अभिषक करना चाहते थे, इसके लिए उन्होंने सभी पवित्र तीर्थ स्थलों के जल को एकत्रित किया था। बाद में ऋषि अत्रि की सलाह पर भरत ने जल को इस कुएं में डाल दिया था। इस वजह से इस कुएं को भरत कूप के नाम से जाना जाता है।

# मंगलकार्य भगवान के मोक्ष से संपूर्ण होता है: मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** आज मोक्ष कल्याण का दिवस है। पंचकल्याणक के अवसर पर जो गर्व, तप, जन्म, और ज्ञान कल्याणक का मंगल कार्य देखा उसी कार्य की आज समाप्ति है। मंगल कार्य भगवान के मोक्ष से संपूर्ण होता है। यह उद्गार मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज ने अपने संबोधन में श्रद्धालुओं को कहे। श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक एवं सकल जैन समाज के द्वारा आयोजित झज्जर रोड पर स्थित श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जति जी में अतिम दिवस पर पंचाकल्याण एवं दो नवनिर्मित वेदी में प्रतिमाओं को इन्द्रों के द्वारा विराजमान किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव में नित्यमय पूजन, आदिनाथ का कैलाश पर्वत पर दर्शन, कल्याण की पूजा और विश्व शांति महायज्ञ किया गया। प्रातः 5.40 बजे जलाभिषेक एवं शांति धारा विजय जैन, राजीव जैन के परिवार के द्वारा एवं सभी श्रद्धालुओं ने की। पंडित जी प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी नीतिन भैया ने विनय पाठ, नवदेवता पूजा, कल्याणक पूजा, अष्ट द्रव से बना द्रव भगवान के चरणों में श्रद्धालुओं के द्वारा समर्पित किया गया। सभी ने संगीतमय मंगल आरती की। भारी संख्या में श्रद्धालुओं की महाराज मुनि श्री के दर्शन करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी व सभी को महाराज जी ने अपना मंगल आर्शीवाद दिया। आज प्रातः 9.30 बजे विश्व शांति महायज्ञ पंडित जी के द्वारा मंत्रउच्चारण करके करवाया गया। जिसमें घी, चंदन, हवन सामग्री की आहुति दी और सभी ने गोले से पूर्ण आहुति देकर महाशांति यज्ञ को संपन्न किया। बाहर से आये कलाकारों ने अपने सुरों से ऐसा समा बांधा की सभी झूमने लगे और प्रणम्यसागर जी के जयकारे से सारा पंडाल गूंज उठा। सभी इन्द्र-इन्द्राणियों के द्वारा एक जैसी ड्रैस पहने हुए पूजा अर्चना की। भोपाल से आये ऋषि शर्मा एंड पार्टी के कलाकारों ने अपने भजनों के माध्यम से ऐसा समा बांधा की सभी महिलाएं, पुरुष व बच्चे झूमने पर मजबूर हो गए। झज्जर रोड पर स्थित श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जति जी में लाला हरद्वारी मल जैन परिवार के द्वारा भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा विरामान की फिर सराज मौहल्ला में स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में प्रतिमा दाताओं ने जैन जति जी से 35 इन्द्रों ने सिर पर प्रतिमाएं रखकर पैदल मंदिर में पहुंचे जहां पर दो नवनिर्मित वेदी में प्रतिमाएं विराजमान की और सभी प्रतिमाओं का अभिषेक कर विराजमान किया।

पूरे शांतिनाथ के जयकार से पंडाल झूम उठा। मुनिश्री ने कहां जब भगवान बनते हैं दीक्षा लेने उपरांत वह ध्यान में रहते हैं उचित उनकी प्रवर्ति आहार के निमित हाती है तो भी वह ध्यान में हमेशा बन रहते है। भगवान के चरित्र की शुद्धि का क्रम निरंतर बढ़ता रहता है उकी किसी भी क्रिया से कोई व्यवधान नहीं आता। कुछ लोग कहते हैं कि भगवान ऋषभदेव ने 6 महीने के बाद आहार ग्रहण किया तो जब भी वह आहार ग्रहण करेंगे 6 महीने बाद ही करेंगे ऐसे किसी लोगों से अभिप्राय बनता है और उनके लिए उनका चरित्र निरंत विशुद्ध रहता है ऐसा लिए होता है।

# हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है डॉ. श्रेयक गर्ग : मोहनलाल बड़ौली



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने शुक्रवार को यूपीएससी में 35वीं रैंक हासिल करने वाले डॉ. श्रेयक गर्ग को उसके निवास पर जाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. श्रेयक गर्ग ने अपने दादा हुकुम चंद का सपना साकार किया। DCRUST मुरथल के डीन डॉ. रमेश कुमार गर्ग के पुत्र ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे हरियाणा को गर्व महसूस कराया है।

एमबीबीएस से प्रशासनिक सेवा तक का ये सफर हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है।

# सूरज चढ़ा हुआ है मगर सो रहे हैं लोग

यह इन्सान के अपने हाथ में है कि यह शैतान बने या देवता बने, मनमुख बने या गुरमुख बने। इस अवसर को इन्सान ने संभालना है वर्ना-
पौड़ी छुटकी हाथ न आवे,
मनमुख अहला जन्म गंवाया।

यह समय फिर हाथ आने वाला नहीं है। इस जीवन का और मौत का कितना फासला है? पता भी नहीं चलता, जीवन लीला समाप्त हो जाती है। इसीलिए कहते हैं कि जितना समय तेरे हाथ में है इसे व्यर्थ मत गंवा, इसकी कदर डाल। लेकिन इन्सान अन्य सभी कार्यो के प्रति तो जागृत है; लेकिन सत्य के प्रति, मानवता के प्रति, सद्गुणों को ग्रहण करने के प्रति यह सोया हुआ है। इसके लिए इसे जागृत करने की आवश्यकता पड़ती है। जैसे कहा भी गया है कि-
पुरनूर जिन्दगी की सहर खो रहे हैं लोग।
सूरज चढ़ा हुआ है मगर सो रहे हैं लोग।

सूरज की किरणों ने चारों ओर उजाला किया हुआ है लेकिन इन्सान अपने ऊपर कम्बल तान कर सोया हुआ है। इसने अपनी आँखें बंद कर रखी है जिस कारण यह अन्धेरे में ही भटक रहा है। यह जीवन इसका अन्धकार में ही बीत जाता है। यदि इस जीवन में ही सवेरा नही हुआ तो आगे सवेरे की माना कैसे की जा सकती है?



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

अगर इस जीवन काल में ही इसकी आँखे खुल गई तभी आगे भी सवेरा हो सकता है। इसीलिए महापुरुष समझाते हैं कि-
कबीरा सूता क्या करे बैठा रह और जाग। जाके संग ते बिछुरा ताही के संग लाग।

इन्सान, तू जिस प्रभु से बिछुड़ा हुआ है, इससे नाता जोड़ ले। यह कुछ वर्षो का जो जीवन मिला है, इसमें हमने सत्य के प्रति सजग होना है। काश, इन्सान इसे समझ पाये तथा अपने अन्दर सोये हुए असल इन्सान को जगाले तथा इन्सानियत में स्थित हो जाये ताकि अपना और दूसरों का उद्धार कर लें। यह समय हाथ से चला गया तो फिर कुछ नहीं बन पायेगा। फिर तो-
अब पछताये क्या होत जब चिड़ियां चुग गई खेत।

खेत में उगे सिट्टों (कोपलों) में तभी तक दाने हैं जब तक पक्षियों से उसकी सम्भाल की गई है। अगर इस समय लम्बी तान कर सोया रहा तो वे दाने बचेंगे नहीं। पक्षी वे दाने चुग कर उड़ जायेंगे तो फिर पछताने से कुछ बनने वाला नहीं है। अतः अभी सजग हो जा। अभी तो-
खूब खुल्ल्या ई हट बाजार।
कर घिन सौदा बणज वापार।
पिछे जा थीसी आ बन्द बाजार।

अभी तो बाजार खुला हुआ है। भाव, अभी तो जीवन है। जब यह जीवन नही रहेगा तो तू कुछ नहीं कर सकेगा। इसलिए कहा है कि-
कन्धे ऊपर रुखड़ा किचर कू बन्ने धीर।
फरीदा कच्चे भांडे रखिए, किचरतीकण नीर।

कहते हैं कि नदी के किनो पर उगा हुआ पेड़ कितनी देर टिक सकता है? पानी उस मिट्टी को काटता रहता है तो उस दरख्त की जड़े खोखली होती जाती है तथा एक दिन वह पेड़ गिर जाता है। इसी प्रकार और कहते हैं कि कच्चे बर्तन में पानी कितनी देर टिक सकता है? इसलिए कहा है कि-
क्या भरोसा है जिन्दगानी का,
आदमी बुलबला है पानी का।

पानी के बुलबुले की भाँति ही यह जीवन है। आसमान में जा बिजली चमकती है, वह कितना समय रहती है। पलक झपकते ही वह आँखों से ओझल हो जाती है।

## पंचांग

शनिवार, 26 अप्रैल, 2025, सूर्योदयः 05:45 ए एम, सूर्यास्तः 06:53 पी एम, चन्द्रोदयः 05:03 ए एम, अप्रैल 27, चन्द्रास्तः 05:24 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिःत्रयोदशी - 08:27 ए एम तक , क्षय तिथिः चतुर्दशी - 04:49 ए एम, अप्रैल 27 तक, नक्षत्रः उत्तर भाद्रपद - 06:27 ए एम तक, क्षय नक्षत्रः रेवती - 03:39 ए एम, अप्रैल 27 तक, योगः वैधृति - 08:42 ए एम तक, क्षय योगः विष्कम्भ - 04:35 ए एम, अप्रैल 27 तक, करणः वणिज - 08:27 ए एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 06:40 पी एम तक, क्षय करणः शकुनि - 04:49 ए एम, अप्रैल 27 तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः मीन - 03:39 ए एम, अप्रैल 27 तक, राहुकालः 09:02 ए एम से 10:40 ए एम, गुलिक कालः 05:45 ए एम से 07:23 ए एम, यमगण्डः 01:58 पी एम से 03:36 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:53 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:45 ए एम से 06:37 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:37 ए एम से 07:30 ए एम, अमृत कालः 01:31 ए एम, अप्रैल 27 से 02:56 ए एम, अप्रैल 27, वर्ज्यः 05:03 पी एम से 06:28 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आपके लिए आज का दिन थोड़ा कमजोर रहेगा क्योंकि मानसिक रूप से तनाव आपको अपनी परेशानियों में उलझा सकता है।

**वृषः** आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। घर मे धार्मिक कार्य होने से आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

**मिथुनः** दूसरे लोगों की राय का सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण है। हम जानते हैं कि आपकी अपनी राय है और कोई भी आपको उन्हें बदलने के लिए नहीं कह रहा है।

**कर्क :** आज आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। जिन लोगों के साथ अनबन है उन रिश्तो में समाधान करें।

**सिंहः** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। परिवार की जिम्मेदारियों को समझेंगे और परिवार वालों के साथ अच्छा वक्त बिताएंगे।

**कन्याः** आज आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से सहयोग मिलेगा, जिससे आपका काम समय पर पूरा होगा।

**तुलाः** आप अपने और किसी के बीच काम पर बहुत सी गलतफहमियाँ देखेंगे, और यह पूरी तरह से ठीक है। हर किसी की राय आपके साथ मेल नहीं खाती है।

**वृश्चिकः** आज आप कम समय में काम को पूरा करने की कोशिश में कामयाब होंगे। आपकी सामाजिक स्थिति में उन्नति और आपकी लोकप्रियता में बढ़ोतरी संभव है।

**धनुः** आपके लिए आज का दिन चुनौतियों से भरा रहेगा क्योंकि सेहत को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे। काम के सिलसिले में बेहद अच्छे नतीजे मिलेंगे।

**मकरः** आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। किसी काम के लिए आप नए सिरे से शुरुआत कर सकते हैं।

**कुंभः** आपकी राय आज किसी प्रियजन के साथ टकरा सकती है लेकिन यह आपको बहुत नीचे नहीं जाने देगा। उनकी राय का सम्मान करें और वे आपका सम्मान करेंगे।

**मीनः** आज व्यापार के क्षेत्र में आपको अपार लाभ होगा। वित्तीय मोर्चे पर दिन वांछित परिणाम देगा। किसी की बातों पर अधिक भरोसा न करें।

# क्रिकेट का जुनून- 47 प्रतिशत भारतीय लाइव मैच देखने के लिए यात्रा करने की योजना बना रहे हैं : स्काईस्कैनर

**चंडीगढ़।** लीडिंग ग्लोबल ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर ने आज अपनी 'पिच परफेक्ट जर्नीज़' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीयों की यात्रा में क्रिकेट की अहम भूमिका रहने वाली है। लगभग आधे (47 प्रतिशत) भारतीय देश और विदेश की यात्रा स्टेडियम में मैच देखने के लिए करने वाले हैं। क्योंकि इस खेल को लाइव देखने का जुनून बहुत ज्यादा बढ़ चुका है। रिपोर्ट में सामने आया कि क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है क्योंकि 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें इस खेल से बहुत प्यार है।

भारतीय यात्रियों के लिए, मैच का दिन बस यात्रा की शुरुआत है। स्काईस्कैनर की रिपोर्ट के अनुसार 50 प्रतिशत भारतीय क्रिकेट देखने के बाद अपनी यात्रा को 3-4 दिनों तक बढ़ाना चाहते हैं, ताकि वो पूरी छुट्टी मना सकें। क्रिकेट फैन्स स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेने से लेकर पर्यटक और लोकप्रिय स्थलों को देखने तक अपनी छुट्टी का पूरा मजा लेना चाहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग ने इस ट्रेंड में मुख्य योगदान दिया है। 80 प्रतिशत क्रिकेट फैन्स अपनी पसंदीदा टीमों को सपोर्ट करने के लिए यात्रा करने को उत्साहित हैं। इसलिए यह यात्रा करने के लिए साल के सबसे अपेक्षित अवसरों में से एक बन गया है। क्रिकेट फैन्स लाइव अनुभवों की ओर आकर्षित होते हैं, 67 प्रतिशत भारतीय स्टेडियम के अंदर का उत्साह महसूस कर चुके हैं, वहीं 94प्रतिशत फैन्स निकट भविष्य इस रोमांच का अनुभव लेने के लिए उत्सुक हैं।

क्रिकेट यात्रा करने के लिए मुख्य आकर्षण के रूप में उभर रहा है। यात्री अपनी यात्रा की स्मार्ट और व्यवहारिक प्लानिंग में क्रिकेट को भी शामिल कर रहे हैं। 55 प्रतिशत फैन्स स्थान और स्टेडियम के वातावरण को सबसे ज़्यादा महत्व देते हैं, जिसके बाद मैच खेलने वाली टीमों (51 प्रतिशत) का स्थान आता है।

# पीएंडजी शिक्षा के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष कॉफी टेबल बुक ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ का किया विमोचन

**शिमला।** एरियल, टाइड, जिलेट जैसी लोकप्रिय ब्रांड्स बनाने वाली कंपनी प्रॉक्टर एंड गैम्बल इंडिया (पीएंडजी इंडिया) ने आज अपने प्रमुख कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम पीएंडजी शिक्षा के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिरकत की और ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ नामक एक विशेष कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस पुस्तक में भारत के विभिन्न हिस्सों से बच्चों की संघर्षपूर्ण लेकिन प्रेरणादायक कहानियां दर्ज की गई हैं जिनमें हिमाचल प्रदेश की अनुष्का, परिक्षित और शिवानी की कहानियां भी शामिल हैं। पीएंडजी इंडिया की बद्दी मैन्युफैक्चरिंग साइट के प्लांट मैनेजर अनुज पावा ने कहा पीएंडजी इंडिया दो दशकों से अधिक समय से अपने प्रमुख कार्यक्रम पीएंडजी शिक्षा के माध्यम से शिक्षा पर एकमात्र ध्यान केंद्रित करते हुए देश भर में वंचित बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाने के मिशन पर काम कर रहा है। हमारा मानना है कि शिक्षा प्रगति की आधारशिला है और पीएंडजी शिक्षा के माध्यम से हमारा लक्ष्य बच्चों को उपयुक्त शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है जिससे वे अपनी पूरी क्षमता के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सके। पीएंडजी शिक्षा पिछले दो दशकों से देश भर में 50 लाख से अधिक बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है और पूरे समुदाय के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान दे रही है। इस आयोजन में विशेष अतिथि रहे अनुष्का और परीक्षित जो अपनी अविश्वसनीय यात्रा के माध्यम से अपने जैसे कई बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं।

# भारत बुद्धिमानों की भूमि, धीरे-धीरे स्टार्ट-अप बनते जा रहे है भारत के विकास का अहम हिस्सा : चिराग पासवान

निफ्टम कुडंली में आयोजित दो दिवसीय सुफलाम-2025 कार्यक्रम का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान ने किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** भारत सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान मे शुक्रवार को कुंडली में स्थित निफ्टम में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा आयोजित भारत के दो दिवसीय सुफलाम-2025 कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की शुरूआत की। सुफलाम कार्यक्रम एक आकांक्षी नेताओं और सलाहकारों के लिए स्टार्ट-अप फोरम है। कार्यक्रम की शुरूआत निफ्टम निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ने मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण से की।

मंत्री श्री चिराग पासवान ने कार्यक्रम की शुरूआत पहलगांव आतंकवादी हमले में मृत लोगों दो मितट को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि भारत बुद्धिमानों की भूमि है। हमारे यहॉ प्रतिभा की कोई कमी नही है। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा आयोजित सुफलाम जैसे कार्यक्रम नये भारत को तरक्की की ओर ले जाने मे अहम योगदान निभा रहे है। उन्होंने अपने मंत्रालय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र आने वाले समय में दुनिया का भविष्य है। खाद्य प्रसंस्करण



आने वाले समय की मांग है। कि कैसे हम अपने खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को बढा सकते है व कैसे किसानों को साथ लेकर चलते हुए विकासीत भारत की ओर अग्रसर हो सकते है। उन्होंने बताया कि सुफलाम जैसे कार्यक्रम भारत की नई सोच की देन है। कि कैसे हम अलग-अलग योजनाओं के समन्वय से हर व्यक्ति को 2047 तक भारत को विकसीत बनाने में हिस्सेदार बना सकते है। सभी क्षेत्रों के समन्वय के साथ भारत आने वाले समय में पूरी दुनिया की खाद्य टोकरी बनेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में वित मंत्री ने बिहार में भारत का तीसरा निफ्टम खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि निफ्टम आज के समय सोनीपत की एक पहचान के रूप में जाना जाता है। सुफलाम-2025 कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में सचिव डॉ. सुभ्रतो गुप्ता ने खाद्य अपव्यय कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब?ती जनसंख्या और सीमित भूमि संसाधनों के बीच चुनौती केवल लोगों को भोजन उपलब्ध कराना नही है, बल्कि उसे टिकाउ और कुशल तरीके से करना है। मंत्रालय कई पहलों के माध्यम से उद्योग को सक्रिय रूप से समर्थन दे रहा है। जिनमें उत्पदान ब?ाना, अपव्यय को कम करना, और मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। सुफलाम कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली में प्रो0 हरपाल सिंह, प्रो0 राकेश मोहन ने भी अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया व अपने विचारों को सभी के सामने रखा।

सुफलाम-2025 के पहले दिन उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, निवेशकों और युवा उद्यमियों की जोरदार भागीदारी देखने को मिली। इस मौके पर सोनीपत एसडीएम सुभाष चंद्र, निफ्टम का स्टाफ एवं अन्य अतिथि गण मौजूद रहें। सुफलाम 2025 कार्यक्रम में 23 राज्यों से आए 250 से अधिक स्टार्ट-अप ने हिस्सा लिया। इसमें आध्रं प्रदेश, केरल, बिहार, महराष्ट्र, तमिलनाडु जैसे राज्य शामिल रहें। सुफलाम कार्यक्रम में विभिन्न स्टार्ट-अप के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी भी आर्कषण का केन्द्र रही। सभी प्रदर्शनियों का मंत्री चिराग पासवान ने अवलोकन भी किया है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव आनंदपुर झरोठ में हवन से हुई जागरूकता अभियान की शुरुआत

लिंगानुपात में सुधार के लिए नौ चिन्हित गांवों में चलाया जा रहा है विशेष कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला सोनीपत के गांव आनंदपुर झरोठ में आज बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत लिंगानुपात में सुधार के उद्देश्य से जागरूकता अभियान की शुरुआत हवन से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना ने की, जिन्होंने ग्रामीणों को लिंग भेदभाव समाप्त करने और बेटियों को समान अधिकार देने का संकल्प दिलवाया।डॉ. ज्योत्सना



ने बताया कि महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा (पंचकूला) द्वारा ऐसे नौ गांवों को चिन्हित किया गया है जहां पिछले कुछ वर्षों से जन्म के समय लिंगानुपात 700 से भी कम दर्ज किया गया है। इन गांवों में जफरपुर- 698, बुलंदगढ़ी- 650, लडसौली-696, झुंडपुर- 695, मल्हा माजरा- 683, किढ़ौली- 556, आनंदपुर झरोठ- 625, माजरी-571, ग्यासपुर-656, इन गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने और लिंगानुपात सुधारने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन से की गई, जिसमें ग्रामीणों, अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने आहुति डालकर यह शपथ ली कि वे लिंग भेदभाव नहीं करेंगे और बेटियों को जीवन के हर क्षेत्र में समान अवसर देंगे। इसके साथ ही गांव किढ़ौली में जागरूकता रैली निकाली गई और अन्य गांवों में भी सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित कर लड़का-लड़की समानता की भावना को बढ़ावा दिया गया।

# सोनीपत की मंडियों व खरीद केंद्रों में की जा चुकी है तीन लाख 76 हजार 110 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद तेज हो गई है। वीरवार देर सांय तक जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में तीन लाख 76 हजार 110 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे तीन लाख 76 हजार 110 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 14 हजार 249 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 55 हजार 273 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 81 हजार 301 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा दस हजार 842 मीट्रिक टन गेहूं एवं आमजन के द्वारा (कमर्शियल गेहूं) 14445 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 3995 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 4680 मीट्रिक टन, बिचपडी खरीद केन्द्र पर 1244 मीट्रिक टन, दातौली खरीद केन्द्र पर 4973 मीट्रिक टन खरीद की।

# पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों से गूंजा करनाल

## मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 25 अप्रैल।** काश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना और आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या के विरोध में आज हरियाणा भर के मुस्लिम समुदाय के सैकडों लोगों ने जुमे की नमाज के बाद हजरत कलंदर अली बू शाह की दरगाह के सामने प्रदर्शन किया। समूचा दरगाह परिसर पाकिस्तान मुर्दावाद और आतंकवाद मुर्दावाद के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला गुस्साए लोगों ने फूंका। पहल पुतलों की जूतों से पिटाई बाद में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को दिया। जिसमें मुस्लिम समुदाय ने आतंकवादियों पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की। उन्होंने आतंकवादियों को सरेआम चौराहों पर फांसी पर लटकाने की मांग की। इस प्रदर्शन की अगुवाई हरियाणा हज कमेटी के मीडिया कोर्डीनेटर खुर्शीद आलम ने की। इस अवसर पर कांग्रेस के नेता नाहर सिंह संधु और सुरेंद्र नरवाल मौजूद थे। इस अवसर पर खुर्शीद आलम ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम आतंकवाद का विरोध करता हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी इस्लाम ने निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मुस्लिम देश भक्त हैं। देश के साथ खड़ा हुआ हैं। इस अवसर पर मौलाना तसुब्बर हुसैन, मौलाना मोहम्मद आदिल, मौलाना मसूद ने कहा कि बेगुनाह और निरीह लोगों की हत्या करने वाला मुस्लिम नहीं हो सकता हैं। इस अवसर पर इनाम प्रधान, शौकीन राणा,नाजिम प्रधान,सलीम खान, शहजाद खान, मुनब्बर राणा, नदीम तहसीन उपस्थित थे। जुमे की नमाज में भारत में अमन और शांति की दुआ की गई साथ ही प्रार्थना की गई कि हिंदुस्तान की धरती से आतंकवाद का खात्मा हो। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने आतंकवाद की निंदा की। कहा कि सभी को मिल कर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। इससे पहले आतंकवादियों के हाथों मारे गए नौ सेनिक अफसर विनय नरवाल सहित 28 लोगों की हत्या पर आक्रोश जताया। उनके लिए प्रार्थना की गई।

### करनाल लामबंद हुआ आज बाजार बंद रहे

पहलगाम में आतंकी वारदात के विरोध में गर्ण नगरी के लोग एकजुट हो गए। आतंकवाद के खिलाफ धर्म जाति और बर्ग के बंधन को तोड़ कर सभी एक साथ खड़े नजर आए। करनाल में आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन का दौर गत दिवस शुरू हुआ। गत दिवस देर रात तक प्रदर्शन चलते रहे। रात में भाटिया सेवा मंच निफा, आर्य समाज श्री कृष्ण कृपा समिति प्रभु कृपा मंडल, नेहरू पैलेस व्यबसाई संगठन धार्मिक सामाजिक संगठन कर्ण गेट मार्कीट एसोसिएशन सहित दर्जनों संस्थाओं ने मिल कर शहर की सड?ों पर कैंडल मार्च निकाला। जो अस्पताल चौक से शुरू होकर कुंजपुरा रोड कर्ण गेट मार्कीट पुराना जीटी रोड से होते हुए घंटाघर चौक पहुंचा। इस मार्च में हजारों लोगों ने भाग लिया। मार्च की अगुवाई संत सम्पूर्णानंद तथा भाटिया सेवा मंच के प्रधान वनीत भाटिया कर रहे थे। मार्च में शामिल लोग हाथों में कैंडल लिए हुए थे। मार्च के शुरू होने से पहले वनीत भाटिया ने देश भक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किया। उनका साथ सोनिया चौपड़ा ने दिया। मार्च का समापन कमेटी चौक पर हुआ। यहां पर नेतजाजी सुभाष चंद्र चौक पर कैंडल जलाई। इस अवसर पर विनोद खेत्रपाल,कृष्ण लाल तनेजा, राजेश भाटिया, अनिल भाटिया संजय भाटिया सहित भाटिया सेवा मंच के जिले भर से आए सदस्यों ने भाग लिया। उसके बाद आज सुबह से करनाल बंद का ऐलान किया । दोपहर एक बजे तक सभी ने अपनी दुकानें बंद रखी। नेहरू पैलेस में विरोध सभा रखी गई। आज दोपहर में चार चमन के व्यवसाइयों ने विरोध मार्च निकाला। आज शहर के सभी बाजार आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए बंद रहे। सभी दुकानदारों ने बंद का समर्थन किया।

## पहलगाम की घटना खूफिया और सुरक्षा एजेंसियों की विफलता का परिणाम : हुड्डा

- पहलगाम में आतंकियों के हाथों शहीद हुए विनय नरवाल के निवास पर पूर्व सीएम भूपेंद सिंह हुड्डा पहुंचे
- पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाएं भारत सरकार

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 25 अप्रैल।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पहलगाम की घटना से भारत सरकार को सबक लेना चाहिए। आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ जो पांच बड़े सख्त निर्णय लिए हैं। उनका कांग्रेस समर्थन करती हैं। संकट के समय सभी केंद्र सरकार के साथ खडे हुए हैं। वह काश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए नौ सेना के अधिकारी विनस नरवाल के निवास पर पहुंचे। यहां से लौटते हुए श्री हुड्डा पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह घटना देश की शीर्ष खुफिया एजेंसियों की नाकामी के साथ्रा सुरक्षा एजैंसियां की लापवाही हें। उन्होंने कहा कि संवेदशील स्थान होने के बाद भी यहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं हैं। उन्होंने विनय नरवाल के निवास पर शहीद नौ सैनिक अफर की तस्बीर पर माल्यार्पण किया। उसके बाद उन्होंने विनय के दादा हबा सिंह और पिता राजेश से बात कर उन्हें ढांढस बंधाया। वह अंदर जाकर विनय नरवाल की वहन और उनकी माता से भी मिले। उके सिर पर आशीर्वाद का हाथ रखा। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक सुमिता सिंह, राकेश काम्बोज, कांग्रेस के जिल मीडिया कोर्डीनेटर हरीराम साबा, लोकसभा का चुनाव लड़ चुके दिव्यांशु बुद्धिराजा, पराग गाबा, मनोज बधवा, पराग गाबा, अनिल काम्बोज अनिल राणा, सुरेंद्र नरवाला, विरेंद्र नरवाल नैनपाल राणा पार्षद पप्पू लाठर रणबीर सिंह मान, सुरजीत सैनी, रजनीश चौधरी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार आतंकवादियों और पाकिस्तान को सिखाएगी सबक : डॉ. रामदास आठवले

- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले पहुंचे कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में की शिरकत

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 25 अप्रैल।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देगी। अब आतंकवादियों और पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम करेंगी।

इस सरकार ने अहम फैसला लेते हुए जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश ने पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया। इस समय पाकिस्तान के अंदरूनी हालात बहुत खराब है, वहां की सरकार को भारत के साथ अच्छा संबंध बनाकर देश के विकास के लिए कार्य करना चाहिए था, लेकिन पाकिस्तान ऐसा ना करके लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। अब पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने का समय आ गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आरपीआई द्वारा आयोजित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

इससे पहले केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर ने देश में भेदभाव को खत्म करने, जातिवाद को खत्म करने, पूरे देश को एकजुट करने और दलितों के हितों की लड़ाई लड़ी। इस देश को टूटने से बचने के लिए प्रयास किये। उन्होंने आरटीआई के पदाधिकारी से आह्वान किया कि वह डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ते हुए युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों के लिए काम करें और गरीबों की मांगों को उठाए तथा स्वर्ण व दलित वर्ग को एक मंच पर जोड़ने के लिए काम करें।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला के बाद प्रधानमंत्री विदेश दौरे को छोड़कर वापस लौट आए और गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर का दौरा किया। इसके साथ ही सरकार ने अन्य दलों को अपने विश्वास में लेने के लिए बैठकें की हैं और उनसे सुझाव भी मांगे हैं। इन तमाम पहलुओं को जहन में रखकर पाकिस्तान को उसकी हरकत का जवाब दिया जाएगा। ऐसे समय पर देश की विपक्ष पार्टी को भी एकजुट होने का परिचय देना चाहिए। कश्मीर में चुनाव के दौरान आतंकवाद होने के बावजूद 60 प्रतिशत मतदान हुआ और वहां पर तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर आरपीआई के प्रदेशाध्यक्ष रवि कुंडली, मनू सिब्बल, प्रीतम सिंह कोलेखां, प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्वनी वालिया, सूरजभान नरवाल, नवाब नैन, संत गुरपाल दास, प्रो. डॉ. भगत सिंह रंगा, तेजपाल सहरावत,संदीप वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सीएम नायब सैनी के नेतृत्व से हरियाणा में हो रहा विकास

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, जब हरियाणा के मुख्यमंत्री लोकसभा सांसद थे तब से वह एक साथ लोकसभा में काम कर रहे हैं। हरियाणा की सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मजबूत है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए एक लक्ष्य लेकर चले हुए हैं। जिसको देश की जनता भली भांति समझ चुकी है और देश को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग कर रही है।

### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दिया 10 प्रतिशत आरक्षण

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि देश में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आरक्षण उपलब्ध करवाया है। जिस परिवार के सालाना आय 8 लाख रुपए से कम है, उसको आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है जो हर वर्ग के लिए बहुत जरूरी लाभदायक कदम है।

### आईजी कॉलेज से बाबा खाटू श्याम धाम रवाना हुई निशुल्क बस

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कैथल के विधायक ने आईजी कालेज से बाबा खाटू श्याम के भक्तों के लिए निशुल्क बस सेवा को हरि झंडी दी। विधायक ने बस में सवार बाबा खाटू श्याम के दर्शन के लिए जा रहे सभी छात्राओं से मुलाकात की और सकुशल यात्रा के लिए सभी को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माताओं, बुजुर्गों और भक्तजनों की मांग व सलाह से ही हमने कैथल में यह बस सेवा की शुरुआत की है, जो हर महीने कैथल से बाबा खाटू श्याम धाम जाएगी। कैथल के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक गांव से बाबा खाटू श्याम जी के दर्शन हेतु सभी भक्तजनों को लेकर जाएंगे। इसके साथ ही हरिद्वार के लिए भी ठीक इसी तरह से निशुल्क बस सेवा चलाई जाएगी। आईजी कॉलेज के संचालक राम बहादुर खुरानिया ने विधायक का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि हमने आदित्य सुरजेवाला से जिक्र किया कि हमारे कॉलेज की छात्राएं बाबा खाटू श्याम धाम दर्शन हेतु जाना चाहती हैं।

### इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में मनाया पोषण पखवाड़ा

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय, कैथल की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 036 एवं 037 के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा अभियान चलाया गया। कॉलेज की सायंकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को पोषण, स्वच्छता, योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। पखवाड़े के दौरान विभिन्न विषयों पर शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की गईं जिनमें मुख्य रूप से योग का स्वस्थ जीवन में योगदान, पोषक आहार की भूमिका, स्वच्छता का महत्व, स्वास्थ्य शिक्षा, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपाय इत्यादि शामिल रही।




### एमडीएन स्कूल के अभिमन्यू ने जेईई मेन्स में हासिल किया 99.71 परसेंटाइल




अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 25 अप्रैल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल के 7 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स 2025 की परीक्षा में अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया है। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार व चेयरपर्सन निधि कंसल ने गर्व के साथ बताया कि इस वर्ष के परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता और परिश्रम का परिचय देते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इनमें अभिमन्यु ने 99.71, नवीन ने 98.80, प्रणव गोयल ने 97.25, प्राची ने 94.5, दक्ष ने 92.00, वैश्वी ने 91.37 और आरजू ने 90.66 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों और अभिभावकों की प्रेरणा, मार्गदर्शन और सहयोग को दिया है। विद्यालय के मैनेजर गौरव गर्ग व प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित किया है कि सफलता किसी भी पृष्ठभूमि और पहचान की मोहताज नहीं है, बल्कि यह तो कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय के निदेशक और चेयरपर्सन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है और अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है।






# मोरनी के टिक्कर ताल-एडवेंचर पार्क को इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म हब बनाने की तैयारी

पर्यटन मंत्रालय ने 26.68 करोड़ रुपए मंजूर किए

परियोजना के मुख्य घटक ग्लास ऑब्जर्वेटरी, 3 गज़बोस, एक ग्लास ऑब्जर्वेटरी, 10 स्विस टेंट, व्यूइंग टॉवर, ओपन-एयर थिएटर, प्रकाश व्यवस्था और रोशनी, और सीसीटीवी कैमरे

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** लोकप्रिय मोरनी की पहाड़ियों में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय मोरनी टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क को एक प्रमुख इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करेगा। इसे तैयार करने के उद्देश्य से मंत्रालय ने 26.68 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बगीचे या पार्क में छोटा, खुला आश्रय जिसमें छत और चारों ओर रेलिंग या दीवारें होंगी ऐसे तीन गज़बोस, ग्लास ऑब्जर्वेटरी (वेधशाला), 10 स्विस टेंट, एक व्यूइंग टॉवर, एक ओपन-एयर थिएटर, लाइटिंग और रोशनी की व्यवस्था इस परियोजना के प्रमुख घटक होंगे।






### एडवेंचर पार्क खंडहर में तब्दील

मोरनी हिल्स का एडवेंचर पार्क वर्तमान में खंडहर में तब्दील हो चुका है। ज़िप लाइन और बाधा कोर्स लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े हैं। इन गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कुछ रस्सियां भी उखड़ चुकी हैं, जबकि एडवेंचर गतिविधियों में से एक पर चढ़ने के लिए बनी सीढ़ियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे पर्यटक इसे देखने नहीं जा पा रहे हैं। इसके अलावा, बहुत पुराने 'भूत बंगला', 'मंकी मजा' और झूले रखरखाव की मांग कर रहे हैं।

पंचकूला में यादवेंद्र गार्डन के बाद यह दूसरा पर्यटक स्थल है जिसे मंत्रालय की स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत चुना गया है। पिछले महीने एक बैठक के दौरान मिशन निदेशालय के समक्ष राज्य सरकार की विस्तृत प्रस्तुति के बाद इस परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

हरियाणा सरकार इस परियोजना के माध्यम से पंचकूला मोरनी हिल्स में पर्यटन हब बनाना चाहती है, जिससे इसकी प्राकृतिक और सांस्कृतिक सुंदरता में वृद्धि होगी। पहली किस्त के रूप में कुल परियोजना लागत का 10 यानी 2.66 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। परियोजना का काम 31 मार्च, 2026 तक पूरा होना चाहिए।

एक अधिकारी ने कहा कि हम इन दिनों टेंडर प्रक्रिया में लगे हुए हैं। हम इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि हमें चालू वित्त वर्ष में ही फंड का इस्तेमाल करना है। अगर हम अगले साल मार्च तक फंड का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं, तो सरकार को बाकी फंड का योगदान करना पड़ सकता है।

## पंचकूला बार एसोसिएशन ने पहलगाम आतंकवादी हिंसा को लेकर रोष जताया



**पंचकूला (अप्रस)।** अधिवक्ता परिषद पंचकूला इकाई ने शुक्रवार को पंचकूला बार एसोसिएशन के प्रधान राकेश शर्मा के साथ मिलकर उपयुक्त महोदय पंचकूला को पहलगाम जम्मू एंड कश्मीर में हुए आंतकवादी हमले के विरुद्ध रोष प्रकट किया। उपयुक्त महोदय पंचकूला के दफ्तर में अधिवक्ता परिषद पंचकूला इकाई व सभी अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की व सख्त से सख्त कार्यवाही करने के लिए राष्ट्पति व प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। साथ-साथ अधिवक्ता परिषद पंचकूला इकाई के कार्यकारी अधिकारियों ने न्यायपालिका में सुधार के लिए ज्ञापन उपायुक्त पंचकूला के माध्यम से राष्ट्पति व प्रधानमंत्री भारत सरकार को सौंपा। इस मौके पर भाग सिंह नेग, राजेश कॉल, ओमप्रकाश माहौर, सुभाष शर्मा, मनोज गौड़ , कौशल्या शर्मा, कमलेश, नीरज शर्मा, कुलवीर सैनी, पूर्व प्रधान जगपाल, पूर्व प्रधान उमेश माहौर, जितेंद्र शर्मा, संदीप राय शर्मा, दिनेश मेहता व अन्य बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# शिकायतें देने के बावजूद ऐसी कमरों में बैठे रहे अधिकारी, अवैध रूप से चल रहे ट्यूबल का काम हुआ पूरा

शिकायत पर नहीं की कार्रवाई, अधिकारियों वा कर्मचारीयों ने एक दूसरे पर बात डालकर झाड़ा पल्ला

अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर ।** जीरकपुर चंडीगढ़ रोड पर स्थित चंडीगढ़ होम्स कॉलोनी में नगर कौंसिल से परमिशन लिए बिना ट्यूबवेल लगाया जा रहा था जिस संबंधी शिकायत नगर कौंसिल के एसडीओ सुखविंदर सिंह बिल्डिंग, इंस्पेक्टर शिवानी बंसल, इंफोर्समेंट विंग के रविंदर पाल सिंह तथा असलम के अलावा नगर कौंसिल जीरकपुर के इंस्पेक्टर अशोक कुमार को दी गई। शिकायत करने के बाद इंफोर्समेंट विंग के इंचार्ज रविंदर पाल सिंह ने कहा के हमारी गाड़ी सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप सूद डेराबस्सी लेकर गए हुए हैं इसलिए आप इसकी जानकारी असलम को दे दो। इस संबंधी जानकारी जब असलम को दी गई तो उन्होंने भी यही कहा कि गाड़ी नहीं है इसलिए हम नहीं जा सकते, जबकि पहले ऐसे काम दो पहिया वाहन पर जाकर भी किए जाते थे लेकिन कल ऐसा नहीं किया गया। इस संबंधी जब इंस्पेक्टर अशोक कुमार को पूछा गया तो उन्होंने कहा की मुझे बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल ने अपने क्षेत्र में जाने पर मना किया गया है इसलिए मैं उनके क्षेत्र में नहीं जा सकता। इसके बाद बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल को कल गुरुवार तथा आज शुक्रवार को बार-बार फोन किया गया और उन्होंने फोन नहीं उठाया जबकि इस संबंधी शिकायत उनको व्हाट्सएप पर भी भेजी जा चुकी थी इतनी शिकायतें करने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई और शुक्रवार को बाद दोपहर उसे ट्यूबवेल का काम मुकम्मल हो गया। अब यह सवाल उठता है कि बिना नक्शा पास करवाए अथवा बिना नगर कौंसिल की मंजूरी के किया जा रहे निर्माण पर तो नगर कौंसिल अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया जाता है और कुछ एक निर्माण कर्ताओं पर अदालती कार्यवाही भी की जाती है और क्या इस ट्यूबवेल को भी सील किया जाएगा तथा क्या बिना मंजूरी के ट्यूबवेल लगाने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की जाएगी?

जहां पर ट्यूबल लगाया गया है हम वहां पर मौका देखेंगे और ट्यूबल लगाने वालों को नोटिस निकलेंगे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

**सुखविंदर सिंह एसडीओ नगर कौंसिल जीरकपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### आतंकी हमले के निर्दोष पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



**पंचकूला (अप्रस)।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के सभागार में आयोजित शोक सभा में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को अकादमी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. चित्तरंजन दयाल सिंह कौशल व पंजाबी प्रकोष्ठ के निदेशक हरपाल सिंह गिल ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अकादमी सभागार में पहलगाम में आतंकी हमले के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करने के दूरगामी परिणाम होंगे।

### बल शिव मंदिर सेक्टर 29 मे पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** बल शिव मंदिर सेक्टर 29 में सेक्टर निवासी इकट्ठे हुए कश्मीर के पहलगाम में हुए मानवता के ऊपर हमले के विरोध में वहां शहीद हुए लोगों को मंदिर में श्रद्धांजलि दी और 2 मिनट का मौन रखा उसके बाद एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया मार्च में भारत माता की जय, वन्देमातरम के साथ इस मार्च में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया यह मार्च सेक्टर की गलियों से होता हुआ 29 सी की मार्केट, साई बाबा मंदिर,बाबा बालक नाथ मंदिर होते हुए सेक्टर 29 डी की मार्केट में समाप्त हुआ इस मार्च में भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष दविंदर सिंह बबला बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा बल शिव मंदिर के चेयरमैन अश्विनी शर्मा, राकेश चौधरी, नरेश कोहली, राकेश बिट्ठू, हरीश छाबड़ा होशियार सिंह मेहरा, आशीष वर्मा शर्मा और सैकड़ों स्थानीय निवासियों ने भाग लिया

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जल्दी बड़ा एक्शन ले सरकार : रंजीत उप्पल



अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते दिन हुए आतंकी हमले से पूरे देश सदमे में है। जिसका असर प्रत्येक राज्य में देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि इस हमले में 12 राज्यों के 26 टूरिस्टों की जान चली गई. कालका में भी प्रमुख समाजसेवी और भाजपा नेता रणजीत उप्पल और अन्य समाजसेवी संस्थानों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते दिन हुए आतंकी हमले के रोष में शांति यात्रा निकली गई। रणजीत उप्पल ने कहा कि इस हमले में मारे गए बेकसूरों को लेकर पूरे प्रदेश के साथ साथ कालका वासियों के लोगों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। कोई जम्मू-कश्मीर हुए आतंकी हमले के पीछे सुरक्षा में चूक बता रहा है तो कोई इसे हिंदुओं का टारगेट किलिंग करार दे रहा है. प्रमुख समाजसेवी जसबीर सिंह जस्सा और विनोद स्वर्णी ने कहा कि बीते दिन जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. इस हमले में निर्दोष लोगों की जान जाने के बाद, देशभर में आक्रोश की लहर है। कालका की जनता ने गांधी चौंक पर अपने गुस्से और दुःख का इजहार किय।

# कलगीधर एंक्लेव में वोडाफोन कंपनी की तार डालते समय टूटी पीने वाले पानी की पाइप

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**जीरकपुर।** बीते कल कल किधर एनक्लेव बलटाना में वोडाफोन कंपनी द्वारा तार बिछाने का काम किया जा रहा था जिस दौरान जमीन में ड्रिल करते समय पीने वाले पानी की पाइप टूट गई और पीने वाला पानी कलगीधर एंक्लेव के गेट नंबर 1 से लेकर कालका हाईवे की सर्विस रोड तक बहता रहा दूसरी ओर बलटाना क्षेत्र के हजारों लोग पीने वाले पानी के लिए तरसते रहे जिस संबंधी लोगों द्वारा नगर कौंसिल अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। पानी को बर्बाद होने से बचने के लिए आज क्षेत्र के तीन ट्यूबल जिनमें से कलगीधर एनक्लेव, गोविंद विहार तथा बलटाना गांव का ट्यूबवेल आज सुबह से बंद रखा गया जो की पाइप की मरम्मत करने के बाद ही चालू किए जाएंगे। इन ट्यूबवलों के बंद होने के कारण बलटाना क्षेत्र के कलगीधर मार्केट, पंजाब मॉडर्न कंपलेक्स, फर्नीचर मार्केट, डिफेंस कॉलोनी, गोविंद विहार तथा बलटाना गांव की पीने वाले पानी की सप्लाई बंद रखी गई,जिसके चलते लोगों को पीने वाले पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। जिक्र योग्य है के पीने वाले पानी का पाइप टूटने के चलते पानी बाहर सड़कों पर आ गया जिससे पता चला कि पानी का पाइप टूट गई है लेकिन कई जगह पर ऐसे ही सीवरेज का पाइपलाइन भी टूट जाता है जिसमें पानी का बहाव ज्यादा न होने के चलते पता नहीं चलता और वह पानी पीने वाले पानी में मिक्स होने लग जाता है जिसे ढूंढना नगर कौंसिल के लिए मुश्किल हो जाता है और नगर कौंसिल द्वारा पूरी की पूरी सड़क भी खोदनी पड़ जाती है।

इस संबंधी बात करते हुए नगर कौंसिल जीरकपुर के जल सप्लाई विभाग के ठेकेदार का कहना है कि आज नियमों के मुताबिक वोडाफोन कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा इस पाइप की मरम्मत का काम शुरू करवाया गया है और उम्मीद है के आज शाम तक पाइप ठीक हो सकती है।

### मंजूरी की अवधि खत्म होने के बावजूद भी वोडाफोन कंपनी द्वारा खोदी जा रही है सड़क

जिक्र योग्य है कि वोडाफोन कंपनी द्वारा क्षेत्र में तार बिछाने के लिए नगर कौंसिल जीरकपुर से मंजूरी ली गई थी। नजर काउंसिल द्वारा वोडाफोन कंपनी को पत्र नंबर 1584 दिनांक 3 मार्च 2025 जारी करके तार डालने संबंधी मंजूरी दी गई थी जिसमें यह भी लिखा गया था कि आपके द्वारा पत्र जारी होने के 30 दिन के अंदर-अंदर अपना काम मुकम्मल करके नगर कौंसिल जीरकपुर को जमा करवाई जाए लेकिन मंजूरी की अवधि 3 अप्रैल को समाप्त हो जाने के बावजूद भी 24 अप्रैल को भी वोडाफोन कंपनी द्वारा तार डालने का काम जारी रखा गया है। यहां पर यह सवाल उठता है कि क्या नगर कौंसिल द्वारा जारी पत्र की अवधि समाप्त होने के बाद भी काम करने पर कंपनी के खिलाफ नगर कौंसिल अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई की जाएगी?

# सीसीईटी डिप्लोमा विंग में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** छात्रों में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के लिए चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डिप्लोमा विंग) द्वारा कॉलेज परिसर में 22 अप्रैस से 24 अप्रैल तक तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता- 2025 का आयोजन किया गया। विभिन्न शाखाओं के छात्रों ने खेल भावना का परिचय दिया और क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल और कबड्डी के विभिन्न खेल आयोजनों में भाग लिया। इलेक्ट्रिकल ब्रांच ने इंजीनियर क्रिकेट प्रीमियर लीग जीती, जबकि मैकेनिकल ब्रांच उपविजेता रही। इसी तरह, अन्य प्रतियोगिताओं में कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल की टीमें शीर्ष पर रहीं।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रिंसिपल श्री मदन लाल राणा, विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मीना, डॉ. सुनीता मेहता, डॉ. जसवंती, छात्र परिषद के प्रमुख चरणजीत सिंधु, श्री बिपिन शेर सिंह, श्रीमती अमनदीप कौर, सीपीसी-सीसीईटी पूर्व छात्र संघ के महासचिव श्री विनीत गर्ग और अन्य शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

प्रधानाचार्य श्री मदन लाल राणा और सीपीसी-सीसीईटी एलुमनाई एसोसिएशन के महासचिव श्री विनीत गर्ग ने विजेता टीमों को बधाई दी और विजेता टीमों को पदक और ट्रॉफी वितरित की। श्री राणा ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि अनुशासन सफलता की कुंजी है और जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कॉलेज की अलुमनी संगठन को हर आयोजन में उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सीपीसी-सीसीईटी एलुमनाई एसोसिएशन की मदद से इस तरह की गतिविधियों को जारी रखेगा ताकि बच्चो का समग्र विकास हो सके।

# डिज्नीलैंड कार्निवाल का सिटी ब्यूटीफुल में आज होगा आगाज़



अर्थ प्रकाश /सुशील सहगल

**चडीगढ़।** इस बार सेक्टर 34 एग्जीबिशन ग्राउंड में शनिवार से आगामी 25 मई तक चलने वाले डिज्नीलैंड कार्निवाल में मे डायनासौर, गेटवे ऑफ इंडिया, लाल किला जैसे प्रवेश द्वार सिटी ब्यूटीफुल मे आकर्षक का केंद्र होगें। जी हां, विख्यात जिंदल इवेंट ने एक बार फिर से मेला देखने के शौकीनों के लिए अंतरराष्ट्रीय याति प्राप्त डिज्नीलैंड तैयार किया है। अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए डिज्नीलैंड कार्निवाल के संचालक बिपन जिंदल ने बताया कि अच्छा वीकेंड बिताने के लिए एक बार इस डिज्नीलैंड कार्निवल का रुख अवश्य करे चूंकि रंगों से भरपूर इस कार्निवल मे मनोरंजन व मस्ती से यकीनन खुशी का अनुभव मिलेगा। उन्होने कहा कि फूड स्टॉलों पर पंजाबी, साउथ इंडियन और अलग-अलग व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। बच्चों और वयस्कों के लिए लगभग 10 झूलों में ड्रैगन व्हील, कोलंबस, ब्रेक डांस, मिकी माउस, ड्रैगन ट्रैन, जायंट व्हील, स्कारी हाउस और मेरी गो राउंड इत्यादि शामिल हैं। सभी झूलों का भी फिटनेस परीक्षण किया गया है। शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलने वाने कार्निवाल में प्रवेश शुल्क मात्र रु 50 रखा गया है।

रेडीमेड कपड़े, टेराकोटा मूर्तियां, राजस्थानी प्योर गचक, वुडन डिजाइनर फर्नीचर, पानीपत हैंडलूम, बदोई कारपेट, कश्मीरी गर्म वस्त्र, और मैग्नेटिक अक्यूप्रेशर मशीन, किताबें आदि उपलब्ध हैं। उधर सुरेश कपिला और रिंकू ने बताया कि कार्निवाल में सुरक्षा के पूरे बंदोबस्त किए गए हैं। जगह जगह पर सीसीटीवी और किसी भी अप्रिय घटना से निबटने के लिए फायर सुरक्षा उपकरणो के पु ता इंतजाम है।

# एडवांस हार्ट ट्रीटमेंट से हार्ट केयर हुई और मजबूत

अर्थ प्रकाश /सुनील सिंघई



**पंचकूला।** कैल्शियम मॉड्यूलेशन तकनीक, ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट(टीएवीआर), इन्ट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड और इवेंट लूप रिकॉर्डर प्रक्रिया जैसी अगली पीढ़ी की हार्ट उपचार विधियों को शुरू कर अल्केमिस्ट हॉस्पिटल, पंचकूला ने हार्ट केयर को और मजबूत किया है। शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बोलते हुए अल्केमिस्ट हॉस्पिटल में एसोसिएट डायरेक्टर-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ रोहित परती ने बताया कि कैल्शियम मॉड्यूलेशन अत्यधिक कैल्सीफाइड कोरोनरी धमनियों के प्रबंधन में एक बड़ी उपलब्धि है, जो अब अल्केमिस्ट के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट्स को उन रोगियों का इलाज करने की अनुमति देती है जिन्हें पहले ऑपरेशन के लिए अनुपयुक्त माना जाता था। यह तकनीक स्टेंट लगाने की प्रभावशीलता को बढ़ाती है और दीर्घकालिक जटिलताओं को कम करती है। डॉ रोहित परती ने बताया कि कैल्शियम मॉड्यूलेशन के साथ हम एंजियोप्लास्टी के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। यह हमें कठोर कैल्सीफाइड रुकावटों का इलाज करने में सक्षम बनाता है जिससे रोगी के परिणामों में काफी सुधार होता है। प्रमुख कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग अल्केमिस्ट हॉस्पिटल डॉ रंजन मेहरा ने कहा कि अस्पताल ने टीएवीआर को भी सफलतापूर्वक अपनाया है जो एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है जिसमे संकीर्ण एओर्टिक वाल्व को बदले जाने के लिए खुली हृदय शल्य चिकित्सा की आवश्यकता नहीं होती। यह प्रक्रिया उच्च जोखिम वाले या वृद्ध रोगियों के लिए आदर्श है और शीघ्र रिकवरी प्रदान करती है। वरिष्ठ सलाहकार और प्रमुख कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग अल्केमिस्ट हॉस्पिटल डॉ अश्वनी नय्यर ने बताया कि टीएवीआर ने एओर्टिक वाल्व रोग के उपचार की हमारी दृष्टिकोण को पूरी तरह बदल दिया है।

# कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसे दुश्मनों को हराओ

### बॉलीवुड फिल्म ग्राउंड ज़ीरो और पेट सफा के बीच हुआ प्रमोशनल करार







**चंडीगढ़।** तेजस प्रभा विजय देवस्कर द्वारा निर्देशित फिल्म ग्राउंड ज़ीरो एक एक्शन थ्रिलर हिंदी फिल्म है। इस फिल्म में इमरान हाशमी, साई तम्हणकर और ज़ोया हुसैन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी बीएसएफ ऑफिसर नरेंद्र नाथ धर दुबे के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक जांबाज़ ऑफिसर ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। ग्राउंड ज़ीरो देखकर ही समझ में आएगा कि जब देश के दुश्मनों से सामना होता है, तो एक सच्चा रक्षक कैसे खड़ा होता है।


फिल्म की कामयाबी की शुभकामनाएं देते हुए एंटरप्रन्योर और इन्वेस्टर डॉ. संजीव जुनेजा ने बताया कि कैसे उनका आयुर्वेदिक ब्रांड पेट सफा और यह फिल्म एक-दूसरे के पूरक नजर आते हैं। जैसे फिल्म में आतंकवाद रूपी खतरे का डटकर सामना किया गया है, वैसे ही पेट सफा गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी शारीरिक परेशानियों से लड़ने में मदद करता है।

दिविसा हर्बल्स प्रा. लि. के प्रतिनिधि ने बताया कि फिल्म ग्राउंड ज़ीरो की गहराई और संदेश को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने सर्वोत्तम प्रोडक्ट पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स को फिल्म की प्रमोशन के लिए चयनित किया है। आयुर्वेदिक पेट सफा भी पेट संबंधी बीमारियां जैसे कब्ज, गैस, एसिडिटी को दूर कर आपको देता है हर पल को खुशी से जीने का अहसास। पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स बहुमूल्य 16 जड़ी-बूटियां जैसे सोनामुखी, काला नमक, अजवायन, हरितकी, निशोथ, सर्जिक्षार, सेंधा नमक, सौंफ एवं आंवला आदि के मिश्रण से तैयार आयुर्वेदिक औषधि है। यह पहली रात से असर दिखाता है और इसकी आदत भी नहीं पड़ती। यह पूर्णतः आयुर्वेदिक है।

मुख्यमंत्री सुक्खू कर रहे बेहतर नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन

# आर्थिक संकट के बीच तेजी से दौड़ रही विकास की गाड़ी

## हजारों करोड़ के कर्ज में दबे प्रदेश को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठा रहे अहम कदम



अर्थ प्रकाश /संदीप उपाध्याय

**शिमला।** हजारों करोड़ के कर्ज में दबे प्रदेश की सरकार को चलाना बहुत ही चुनौती पूर्ण कार्य है। पहाड़ी प्रदेश में आय की सीमित साधनों के साथ विकास की गाड़ी को रफ्तार देना मुश्किल काम है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सभी आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए बेहतर नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के बेहतर नेतृत्व क्षमता के कारण ही विकास की गाड़ी तेजी से बड़ रही है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा जनता को दी गई गारंटियों को भी मुख्यमंत्री पूरा कर रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नई सोच के चलते प्रदेश को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के संकल्प के पूरा करने के लिए आय के साधन जुटा रहे हैं। मुख्यमंत्री के प्रयासों से बेहतर परिणाम भी सामने आने लगे हैं, सरकार की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। हजारों करोड़ के कर्ज में दबे हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का सपना असंभव को संभव करने जैसा है, जिस राह पर मुख्यमंत्री चल रहे हैं। मुख्यमंत्री जानते हैं कि यह राह बहुत कठिन है लेकिन कदम उठा दिया है तो मंजिल अवश्य मिलेगी, इसी उम्मीद के सहारे आगे बड़ रहे हैं, निर्णय ले रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

**पूर्व सरकार से मिलीं 92 हजार करोड़ का कर्ज और देनदारियां :** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के मुख्यमंत्री के कुर्सी आर्थिक रुप से कांटो से भरा ताज जैसा था। पूर्व भाजपा सरकार से तात्कालीन कांग्रेस सरकार को करीब 92 हजार करोड़ से अधिक की देनदारियां मिलीं थीं, जिसमें 31 मार्च 2023 को प्रदेश पर 76,631 करोड़ का कर्ज प्रदेश सरकार के ऊपर था, जो 2025 के शुरुआत में 1 लाख करोड़ से अधिक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता की कुर्सी पर बैठने के बाद प्रदेश में विकास के लिए सरकारी खजाने को देखा, तो वह कर्ज से लदा नजर आया। हजारों करोड़ के कर्ज में दबे प्रदेश की आर्थिक हालत को जनता के सामने रखना प्रदेश के मुखिया की जिम्मेदारी थी। जिससे मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र तैयार करने के लिए कमेटी का गठन किया। उप मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग से सारे आंकड़े जुटाए और श्वेत पत्र तैयार किया। प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने प्रस्तुत किया। जिसमें स्पष्ट तौर पर बताया गया कि पूर्व भाजपा सरकार ने सबसे अधिक कर्ज लेकर प्रदेश को कर्ज में डुबा दिया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उनकी सरकार को 92,774 करोड रूपए की देनदारियां विरासत में मिली हैं। 31 मार्च 2023 तक प्रदेश पर कर्ज का बोझ बड़कर 76,631 करोड रूपए पहुंच गया है। हिमाचल का हर व्यक्ति 102818 रूपए के कर्ज के बोझ तले दबा है।

**जनकल्याण कारी योजनाओं से साथ-साथ विकास में रफ्तार तेज की**

आर्थिक संकट का सामना करने के बावजूद मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विकास की गति को रुकने नहीं दिया बल्कि विकास को तेज किया। हिमाचल की जनता के लिए सरकार ने ढाई साल में दो दर्जन से अधिक नई जन कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे समाज के पिछड़े समुदाय को फायदा पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत हजारों अनाथ बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्रापत हो रहे हैं तो सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा महिलाओं की बच्चों को उच्च शिक्षा की फ्री व्यवस्था प्रदान की जा रही है। इसी तरह बुजुर्गो, महिलाओं, किसानों और बागवानों के लिए भी योजनाएं चालू की गई हैं। सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य परिवहन के क्षेत्र में जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रही है। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बनाए जा रहे हैं। वहीं प्रदेश में खेल की बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए आउटडोर और इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों की ईनाम राशि और डाइट मनी को बड़ाया गया है। प्रदेश को पर्यटन राज्य बनाने के लिए पर्यटन विकास पर बहुत काम किया जा रहा है। प्रदेश में पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग जैसे रोमांचक गेम को बड़ाया जा रहा है। कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रुप में विकसित किया जा रहा है। इस तरह मुख्यमंत्री सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

**जनता को दी गई गारंटी पूरी कर रही सरकार :** कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों के दौरान प्रदेश की जनता का गारंटी दी थी। जनता ने कांग्रेस की गारंटियों पर भरोसा किया और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान होने के बाद जनता का दी गई गारंटी को पूरा किया। सबसे पहले कर्मचारियों को ओपीएस की गारंटी को पूरा किया गया और प्रदेश में एनपीएस की जगह ओपीएस लागू की गई, जिसमें प्रदेश में 1 लाख 36 हजार कर्मचारियों को ओपीएस का फायदा मिला। इसके साथ महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की गारंटी को पूरा किया गया और प्रदेश की करीब 50 हजार पात्र महिलाओं को 1500 रुपए महीने सम्मान राशि के रुप में दिए जा रहे हैं। इसी तरह युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपए की स्टार्टअप योजना चालू की गई जिसमें युवाओं को रोजगार हासिल हो रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवथा को मजबूत करने के लिए गाय और भैस के दूध की कीमत में भारी वृद्धि की गई और प्राकृतिक खेती को बड़ावा देने के प्रयास किए गए। इस तरह सरकार आर्थिक संकट के बावजूद जनता को दी गई गारंटी को पूरा कर रही है।

### प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प, कठोर निर्णय लेकर आगे बढ़ रहे

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हजारों करोड़ के कर्ज में दबे हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का कठिन रास्ता चुना है। यह रास्ता आग पर चलने के समान है, लेकिन असंभव नहीं है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का राजनैतिक जीवन संघर्ष से सफलता हासिल करने का रहा है, जिससे अब मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने के चुनौती पूर्ण रास्ते का चुना है और आगे कदम बड़ाए जा रहे हैं। जिसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की आय बड़ाने के लिए कुछ कठोर निर्णय ले रहे हैं। जिससे लगातार सरकार की आय में वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन की नई सोच के साथ कदम बड़ा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की आय बड़ाने का निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश में विकास की लंबी लकीर खींची जा सके। वोट बैंक की राजनीति में टैक्स लगाकर आय बड़ाने का साहस कोई नहीं दिखा पाता, लेकिन अब सुक्खू ने प्रदेश सरकार की आय बड़ाने का प्रयास शुरु किया है। जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए शराब के ठेकों की नीलामी करने का निर्णय लिया। जिससे सरकार को 518.82 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त होगा। पूर्व सरकार के समय कई साल से ठेकों की नीलामी नहीं हुई थी। सरकार शराब के ठेकों को पूर्व वर्ष के आधार पर थोड़ी वृद्धि करके पुराने ठेकेदारों का लायसेंस रिन्यू कर देती थी। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर शराब के ठेकों की नीलामी का निर्णय लिया गया। जिससे परिणाम यह हुआ कि प्रदेश सरकार के खजाने में 518.82 करोड़ रुपए का राजस्व अधिक आया।

---

# सहकारी क्षेत्र आर्थिकी सुदृढ़ीकरण और सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार : मुकेश अग्निहोत्री



सहकारी क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का सशक्त माध्यम - डॉ. शांडिल

1.85 करोड़ रुपए से निर्मित श्री लक्ष्मी सिंह व्यवसायिक परिसर का किया लोकार्पण

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर

**सोलन।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र आर्थिकी सुदृढ़ीकरण और सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार है। मुकेश अग्निहोत्री आज यहां 1.85 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित श्री लक्ष्मी सिंह व्यवसायिक परिसर का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री की अगुवाई में दो मिनट का मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को एक कायरतापूर्ण हमले में मृत दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी आत्मिक शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई।

उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

मुकेश अग्निहोत्री ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही दुःखद है। उन्होंने कहा कि हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि हमारा देश किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है। उन्होंने आशा जताई कि केन्द्र सरकार शीघ्र ही आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है तथा लगभग एक हजार से अधिक सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है शेष का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि शीघ्र प्रदेश की सभी सहकारी समितियां ऑनलाइन होंगी। उन्होंने सभी से सहकारी समितियों को सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रदेश के सहकारी क्षेत्र में कार्यरत बैंकों को सहयोग देने का भी आग्रह किया। उन्होंने सहकारी समितियों से जुड़े सभी व्यक्तियों से आग्रह किया कि पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करते रहें और आमजन के विश्वास के आधार पर सहकारी क्षेत्र को और मजबूत बनाएं।

उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन देश भर में सबसे पहले हिमाचल प्रदेश में आरम्भ किया गया था। ऊना जिला के निवासी हीरा सिंह द्वारा भारत की पहली सहकारी सोसायटी आरम्भ की गई थी। उन्होंने कहा कि हिमाचल की पहचान शॉल व टोपी को विश्व में प्रसिद्धि दिलवाने वाला भुट्टिको ब्रांड भी सहकारी क्षेत्र की देन है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सहकरी क्षेत्र शिक्षा एवं दुग्ध उत्पादन के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार व स्वरोजगार के अनेक अवसर सृजित कर रहा है। ऊना में प्रदेश का पहला विधि महाविद्यालय तथा बिलासपुर में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सहकारी समितियों का विशिष्ट योगदान हैं।

# मुख्यमंत्री ने 28 अप्रैल तक बकाया देनदारियों की पहली किस्त जारी करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां वित्त विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 30 अप्रैल, 2025 से पहले लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के ठेकेदारों की लंबित सभी देनदारियों को जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लंबित देनदारियों की पहली किस्त 28 अप्रैल से पहले और शेष राशि इस महीने की 30 अप्रैल तक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने दोनों विभागों को बिल तैयार कर उन्हें भुगतान के लिए समय पर कोषागार में प्रस्तुत करने के लिए शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को विभागीय बिल हर महीने की 10 तारीख के बाद ही प्रस्तुत करने के निर्देश दिए क्योंकि राज्य को हर महीने की 10 तारीख को केंद्रीय कर प्राप्त होते हैं।

विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, प्रधान सचिव, वित्त देवेश कुमार, सचिव वित्त डॉ. अभिषेक जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग एन.पी. सिंह, प्रमुख अभियंता जल शक्ति विभाग अंजू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने अथर्व भारत-2025 राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार किए प्रदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज चंडीगढ़ स्थित जेडब्ल्यू मैरियट में समिट इंडिया और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित 'अथर्व भारत-2025' राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए।
इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा, शासन और सामाजिक विकास से जुड़े हुए लोग जब एकजुट हो जाते हैं तो राष्ट्र मजबूती और दूरदर्शिता के साथ समृद्धि के पथ पर आगे बड़ता है। इस तरह के पुरस्कार न केवल सम्मान प्रदान करते हैं बल्कि याद दिलाते हैं कि एक दृढ़ संकल्पित व्यक्ति लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। इस प्रकार के आयोजन महत्वपूर्ण हैं और इनमें योग्यता और जिम्मेदारी को सम्मानित किया जाता है। राज्यपाल ने कहा कि अथर्व भारत पुरस्कारों ने भारत की सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को सम्मान और मान्यता दिलाने के साथ-साथ नेतृत्व गुणों और तकनीकी नवाचारों की पहचान करने और उन्हें बड़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# नौणी में 9वीं वार्षिक अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में 9वीं वार्षिक अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का विश्वविद्यालय में शुरुआत हुई। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में समग्र विकास और शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के चार घटक कॉलेजों- नौणी में बागवानी एवं वानिकी कॉलेज और नेरी तथा थुनाग में बागवानी एवं वानिकी कॉलेज के 360 छात्र भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। अपने संबोधन में सिंह ने समग्र व्यक्तित्व निर्माण और प्रोफेशनल सफलता के लिए आवश्यक गुणों को बढ़ावा देने में पाठ्येतर गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया।

खेलकूद में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्रों और आयोजकों की सराहना करते हुए सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे खेल नेतृत्व, टीम वर्क, समय प्रबंधन और निर्णय लेने के कौशल का विस्तार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक रूप से बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आजीवन आदत के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

ड्रग्स के दुरुपयोग की बढ़ती चिंता को संबोधित करते हुए, सिंह ने छात्रों को नशे से दूरी बनाए रखने का आग्रह करते हुए एक मजबूत संदेश दिया। वास्तविक जीवन के उदाहरणों को साझा करते हुए, उन्होंने नशीली दवाओं के उपयोग के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और कानूनी परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को सतर्क रहने, एक-दूसरे का समर्थन करने और ज़रूरत पड़ने पर माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस प्रशासन से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेना और एक मजबूत नैतिक दिशा विकसित करने का एक रचनात्मक तरीका है।

इससे पहले, डीन छात्र कल्याण डॉ. एचपी सांख्यान ने मुख्य अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने खेल भावना के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को खेलों से मिलने वाले व्यापक जीवन के सबक को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। वानिकी की चौथे वर्ष की छात्रा अंजलि ठाकुर ने खेल भावना की शपथ दिलाई। सभी कॉलेजों के प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट ने उच्च स्तर के समन्वय और अनुशासन को दर्शाया।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा

**शिमला (अप्रस)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के लोगों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हिमाचल प्रदेश सचिवालय परिसर में उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम राज्य सचिवालय और सभी उपायुक्त कार्यालयों में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में मारे गए सभी लोगों के सम्मान में मौन रख रहे हैं। शोक संतप्त परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक अनुराधा राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, हिमाचल प्रदेश सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# भविष्य को सशक्त बनाना- पाइनग्रोव स्कूल में ग्लोबल यूनिवर्सिटी फेयर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू ने कक्षा नवम से बारहवीं तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए एक अत्यधिक सफल करियर मेले का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं, स्नातक पाठ्यक्रमों और भारत और विदेशों में प्रतिष्ठित कॉलेजों के बारे में बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करना था। मेले की शुरुआत स्कूल की प्रमुख कैप्टन रेणु शर्मा के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्कूल के मूल्यों, उपलब्धियों और शैक्षणिक दृष्टिकोण से परिचित कराया। कुल 37 प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों और संस्थानों ने भाग लिया, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने, प्रवेश प्रक्रियाओं को समझने, करियर विकल्पों का पता लगाने और विभिन्न शैक्षणिक धाराओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी मिली ।

## सरकार ने 4 एचएएस अधिकारी बदले, शशांक गुप्ता ठियोग तो कुमारसैन के एसडीएम होंगे मुकेश शर्मा

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने 4 एचएएस अधिकारियों के तबादला आदेश संशोधित किए हैं। इसके तहत 2 एसडीएम भी तबदील किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की तरफ से जारी आदेशों के तहत एसी टू डीसी शिमला के लिए तबदील किए गए 2013 बैच के एचएएस अधिकारी सिद्धार्थ को अब डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) में रजिस्ट्रार के पद पर तैनात किया गया है।
2017 बैच के एचएएस अधिकारी जीवन सिंह जोकि वर्तमान में संयुक्त सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) के पद पर तैनात हैं, उनको अतिरिक्त निदेशक (स्थापना एवं प्रशासन), निदेशालय स्कूल शिक्षा शिमला के पद पर भेजा गया है। 2018 बैच के एचएएस अधिकारी डॉ. (मेजर सेवानिवृत्त) शशांक गुप्ता को एसडीएम कुमारसैन से एसडीएम ठियोग के पद पर तैनात किया गया है।
2022 बैच के एचएएस अधिकारी मुकेश शर्मा को एसडीएम ठियोग से एसडीएम कुमारसैन के पद पर भेजा गया है। इसके अलावा 2015 बैच के एचएएस अधिकारी घनश्याम दासके लिए आदेश उनकी पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ से प्रतिनियुक्ति से वापसी के बाद अलग से जारी किए जाएंगे।

# बरात से लौट रही कार हादसे में पांच की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंडोह।** बरात से लौट रही एक कार पंडोह डैम के पास शुक्रवार शाम को हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दूल्हे के बड़े भाई-भाभी और मासूम भतीजी सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्ची शामिल है। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, पुलिस और अन्य ने रेस्क्यू अभियान चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार गोहर उपमंडल के तरौर गांव निवासी शेर सिंह की बरात शुक्रवार सुबह सराज क्षेत्र के भाटकीधार गई थी। दोपहर बाद जब बरात वापस लौट रही थी तो दूल्हे के बड़े भाई दुनी चंद थोड़ा पहले रवाना हो गए। पंडोह डैम के पास दुनी चंद की कार अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। यह हादसा पंडोह-बाखली सड़क पर पंडोह डैम के किनारे पर हुआ है। स्थानीय लोगों को जैसे ही हादसे का पता चला तो उन्होंने तुरंत प्रभाव से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया और पुलिस को इसकी सूचना दी।

कार डैम में नहीं बल्कि उससे काफी ऊपर एक खुले स्थान पर जा गिरी। कार इतनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई थी कि इससे शवों को निकालने के लिए स्थानीय लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सदर थाना पुलिस टीम और पंडोह पुलिस चौकी की टीम ने मौके पर आकर किश्ती के माध्यम से शवों को डैम से होकर ही सड़क तक पहुंचाया। शवों को जोनल अस्पताल मंडी भेज दिया गया है।

मृतकों की पहचान दुनी चंद (35) पुत्र रमेश कुमार, कांता देवी (30) पत्नी दुनी चंद, काजल (आठ माह) पुत्री दुनी चंद निवासी तरौर, दाहलु राम पुत्र थलिया राम निवासी गांव नौण और नेपाल मूल की मीना देवी शामिल है। उधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी सागर चंद्र ने बताया कि केस दर्जकर लिया गया है। हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## आतंकी हमले के बाद पर्यटन पर भी असर, चायल में 50 फीसदी बुकिंग रद्द

**शिमला (अप्रस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के बाद हिमाचल में भी पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ है। पिछले वीकेंड के मुकाबले गुरुवार को प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की चहल-पहल कम देखने को मिली। ताजा घटनाक्रम के बाद चायल में वीकेंड की 50 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है, जबकि कसौली में बुकिंग और पूछताछ के लिए फोन कॉल आनी बंद हो गई हैं। इस माह वीकेंड के लिए चायल और कसौली के होटलों में 100 फीसदी बुकिंग थीं। लेकिन पहलगाम घटना के बाद पर्यटन कारोबार पर असर दिखना शुरू हो गया है।

शिमला के रिज मैदान और मालरोड के अलावा कुफरी और नारकंडा में वीरवार को कम संख्या में सैलानी चहलकदमी करते दिखे। हालांकि यह प्रभाव आंशिक रहेगा या लंबे समय तक चलेगा, इसका पता अगले सप्ताह तक ही चल पाएगा। 15 अप्रैल से हिमाचल में औपचारिक रूप से समर टूरिस्ट सीजन शुरू हुआ है।

# कृषि क्षेत्र के विकास के लिए रिमोट सेंसिंग की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. चन्द्र कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने आज भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून में कृषि अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीक का उपयोग बहुत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रिमोट सेंसिंग तकनीक के माध्यम से मौसम के साथ-साथ अन्य महत्त्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का दक्षतापूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक नवोन्मेषी पहल की हैं। प्रदेश में हिम कृषि योजना आरम्भ की गई है, जिसके तहत विभिन्न कलस्टरों में गतिविधियां आरम्भ की गई हैं। किसानों के उत्थान के लिए हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण संवर्धन परियोजना के तहत 154 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जिससे कृषि यंत्रीकरण और तकनीक के उपयोग को बड़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपये प्रतिकिलो समर्थन मूल्य घोषित किया है। प्रो. चन्द्र कुमार ने भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान देहरादून द्वारा संचालित की जाने वाली गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का किसानों और बागवानों को लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि रिमोट सेंसिंग तकनीक को कृषि क्षेत्र के विकास के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कृषि अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण के लिए इस संस्थान में भेजा जाएगा।

इस संस्थान में प्रदेश के 25 कृषि अधिकारियों के लिए 21 से 26 अप्रैल तक छः दिवसीय रिमोट सेंसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# मदरसों को मान्यता देने से पहले सुनिश्चित कराएं अवस्थापना सम्बन्धी मानकों का अनुपालन: योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की आवश्यकता जताई है। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की मदरसा शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मदरसा, महज मजहबी शिक्षा के केंद्र बनकर न रह जाएं। वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के सभी आयामों का लाभ मिलना चाहिए। मदरसा शिक्षा को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक बनाया जाना चाहिए। हर एक विद्यार्थी का भविष्य उज्ज्वल हो, यह सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुधार नहीं, बल्कि नवाचार और समावेशिता के माध्यम से मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मदरसा बोर्ड की कामिल (स्नातक) व फाजिल (परास्नातक) स्तर की डिग्रियों को असंवैधानिक घोषित कर दिये जाने से चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। इसी प्रकार, मान्यता के मानक एवं शर्तों को शिक्षा विभाग के स्कूलों के समरूप बनाने हेतु तथा नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप मदरसों के पाठ्यक्रम में बदलाव और पाठयक्रम के अनुरूप शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों की अर्हता में परिवर्तन आवश्यक है। यही नहीं, शिक्षकों की चयन प्रक्रिया को भी निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की जरूरत है।वर्तमान व्यवस्था में मदरसों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया की भी पुनरीक्षण की आवश्यकता है। ऐसे में निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ.प्र. की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाए, जिसमें बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, वित्त, न्याय एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभागों के विशेष सचिव सदस्य हों। यह समिति मदरसों के सुचारू संचालन और शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बदलावों पर अपनी संस्तुति देगी।

इससे पहले बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ



विभाग द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मदरसों की वर्तमान स्थिति, प्रमुख चुनौतियाँ तथा भावी कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 13,329 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हैं, जिनमें 12,35,400 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन मदरसों में 9,979 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 8) तथा 3,350 माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से 12) के हैं। इनमें से 561 मदरसे राज्य सरकार से अनुदानित हैं, जिनमें कुल 2,31,806 छात्र पंजीकृत हैं। अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की कुल संख्या क्रमशः 9889 और 8367 है। इन कर्मियों को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार 1 जनवरी 2016 से वेतन और भत्ते प्राप्त हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मदरसा पोर्टल की शुरुआत अगस्त 2017 में की गई थी, जिससे मदरसा शिक्षा परिषद की समस्त कार्यप्रणाली ऑनलाइन हो गई है। इस पोर्टल पर कुल 19,123 मदरसों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 13,329 सत्यापित होकर लॉक हो चुके हैं। पोर्टल के माध्यम से परीक्षाएं, प्रमाणपत्र, वेरिफिकेशन, यू-डाइस कोड से एकीकरण आदि की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। हालांकि, बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या में पिछले वर्षों में लगातार गिरावट आई है। वर्ष 2016 में यह संख्या 4,22,627 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर मात्र 88,082 रह गई है। मुख्यमंत्री ने इसे विचारणीय बताते हुए सुधार की आवश्यकता बताई। अधिकारियों ने यह भी बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद अब केवल मौलवी/मुंशी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) स्तर की परीक्षाएं आयोजित कर रही है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हेतु वर्तमान में एससीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया गया है। वर्ष 2025-26 से यह व्यवस्था पूरी तरह क्रियान्वित हो चुकी है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक भी माध्यमिक शिक्षा परिषद के अनुरूप पाठ्यक्रम लागू किए जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। पाठ्यक्रम में धार्मिक विषयों जैसे धर्मशास्त्र, अरबी और फारसी के साथ-साथ गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी और अंग्रेज़ी जैसे आधुनिक विषयों को भी समाहित किया गया है।

## आउटसोर्सिंग कार्मिकों की सेवाभावना और कर्त्तव्यपरायणता है सराहनीयः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिकों की सेवा, श्रम अधिकारों एवं पारिश्रमिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए''उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम' के गठन के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य सरकार आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम के सम्मान व जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करती है और उनकी सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को वेतन में कटौती, समय से भुगतान न होना, ईपीएफ/ईएसआई जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ न मिल पाना, पारदर्शी चयन प्रक्रिया का अभाव, उत्पीड़न आदि शिकायतें प्राप्त होती हैं। ऐसे में व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किया जाना आवश्यक है।

प्रस्तावित निगम के स्वरूप पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तब तक सेवा से नहीं हटाया जाए, जब तक कि सम्बंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निगम का गठन करते हुए इस संबंध में स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिये कि आउटसोर्सिंग निगम के माध्यम से होने वाली सभी नियुक्तियों में नियमानुसार आरक्षण प्रावधानों का पालन किया जाए। इसी प्रकार, मेडिकल सुविधा, मातृत्व अवकाश, दुर्घटना बीमा, पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन सहित सभी लाभ निगम के माध्यम से सुनिश्चित किये जाएं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनने जा रहे इस निगम के माध्यम से तीन पक्षीय समझौते के तहत विभाग, निगम व आउटसोर्सिंग एजेंसी के बीच समन्वित रूप से सभी प्रक्रियाएं संचालित होंगी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, जेम पोर्टल से एजेंसियों का चयन, मेरिट आधारित भर्ती, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग, ईपीएफ/ईएसआई की समयबद्ध जमा व निगरानी तथा आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि निगम एक सुगठित ढांचा के तहत कार्य करेगा, जिसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, सलाहकार समिति, राज्य व जिला स्तरीय कमेटियाँ गठित होंगी। जेम पोर्टल द्वारा तीन वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन किया जाना उचित होगा, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यरत वर्तमान कार्मिकों की सेवाएं बाधित नहीं होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 卐राज्य सरकार सभी कार्मिकों की गरिमा, सुरक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है। यह निगम न केवल प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा, बल्कि लाखों आउटसोर्सिंग कार्मिकों के जीवन में स्थायित्व व भरोसा प्रदान करेगा।

# डिजिटल परिवर्तन के लिए एआई उभरती तकनीकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता हुई चर्चा





अर्थ प्रकाश/बेम्मा रेडड्डी

**अमरावती।** राज्य के वरिष्ठ और मध्यम स्तर के सरकारी अधिकारियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए ÷सरकारी डिजिटल परिवर्तन के लिए एआई और उभरती हुई तकनीकें÷ पर दो दिवसीय कार्यशाला का पहला दिन गुरुवार को वेलागापुडी स्थित एपी सचिवालय में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य अधिकारियों को शासन और डिजिटल परिवर्तन रणनीतियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करना था।

सुबह के सत्र की शुरुआत मुख्य सचिव श्री के. विजयानंद के परिचयात्मक भाषण से हुई, जिसमें दिन की कार्यवाही के लिए संदर्भ निर्धारित किया गया, जिसके बाद माननीय मुख्यमंत्री श्री नारा चंद्र बाबू नायडू ने उद्घाटन भाषण दिया, जिसमें उन्होंने शासन और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार के लिए उभरती हुई तकनीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। पूर्व सचिव श्री आर चंद्रशेखर ने ई-गवर्नेंस से एआई-गवर्नेंस में परिवर्तन पर एक व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उभरती हुई तकनीकें असाधारण रूप से शक्तिशाली, असीम रूप से स्केलेबल हैं, और बड़े पैमाने पर सेवाओं को वैयक्तिकृत कर सकती हैं, जो उन्हें भारत और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक बनाती हैं। चंद्रशेखर ने कहा, अल्पावधि में प्रौद्योगिकी के प्रभाव को अधिक आंकना लेकिन दीर्घावधि में इसे कम आंकना आम बात है। जो लोग पहले से तैयारी करते हैं, वे सबसे अच्छे परिणाम प्राप्त करते हैं।

उनकी प्रस्तुति ने शासन दक्षता पर एआई के आंतरिक प्रभाव और सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर बाहरी प्रभाव दोनों का पता लगाया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और कृषि से संबंधित केस स्टडीज़ के साथ इसका उदाहरण दिया, जिसमें दिखाया गया कि कैसे एआई एकीकरण से स्वास्थ्य सेवा के खर्चों में 50त्न और कृषि इनपुट लागत में 25त्न की कमी आ सकती है, जबकि जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता मॉडल के माध्यम से महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय श्री हरि अखंड संकीर्तन नाम यज्ञ में हुए शामिल

# महाकुल यादव समाज के वृंदावन भवन के विस्तार के लिए 50 लाख देने की घोषणा की

अर्थ प्रकाश/अखिलेश तिवारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के बगीचा में महाकुल यादव समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री हरि अखंड संकीर्तन नाम यज्ञ (चौबीस प्रहरी) कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा स्थल पर राधा-कृष्ण, चैतन्य महाप्रभु और गौरांग स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धाभाव से मंत्र जाप करते हुए पूजा स्थल की परिक्रमा भी की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने महाकुल यादव समाज के वृंदावन भवन के विस्तार के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि बगीचा में इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए पूर्व घोषित 2 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि शासन द्वारा स्वीकृत कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, बगीचा नगर



पंचायत क्षेत्र में मंगल भवन निर्माण के लिए भी एक करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन दोनों निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि महाकुल यादव समाज सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यादव समाज हमेशा से गौवंश का संरक्षक और पालक रहा है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए शासन द्वारा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से बीपीएल परिवारों को उच्च नस्ल की दुधारू गायों के वितरण की योजना बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई अधिकांश गारंटियों को राज्य सरकार ने अल्प समय में पूरा किया है। सरकार बनने के तुरंत बाद, पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई। अब पात्रता का दायरा बढ़ाकर 'आवास प्लस 2.0' योजना में दुपहिया वाहन धारकों, 15 हजार से अधिक मासिक आय वालों तथा सीमित भूमि धारकों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 30 अप्रैल तक चलाए जा रहे महाअभियान में सर्वे कराकर अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्रहकों के लिए प्रति मानक बोरा दर बढ़ाकर 5,500 रुपये कर दी गई है। रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से तीर्थ स्थलों के दर्शन की सुविधा दी जा रही है।पीएससी घोटाले में दोषियों को जेल भेजने की कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर राज्य के 146 विकासखंडों के 10-10 ग्रामों में सीएससी और चॉइस सेंटरों के

# कस्तूरीरंगन का निधन राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति :भजनलाल

अर्थ प्रकाश/मनोहरलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष और पद्म विभूषण से सम्मानित डा के. कस्तूरीरंगन का निधन राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

श्री शर्मा ने डा कस्तूरीरंगन के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में अनेक महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशनों की सफलता ने भारत की वैज्ञानिक प्रतिष्ठा को विश्व पटल पर स्थापित किया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है।

उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने परम धाम में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति



प्रदान करे।

डा कस्तूरीरंगन के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अपनी श्रद्धांजिल अर्पित करते हुए कहा कि इसरो के पूर्व प्रमुख डा कस्तूरीरंगन के निधन का समाचार बेहद दुखद है। उन्होंने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा नेतृत्व क्षमता से भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सार्थक भूमिका निभाई। उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना की।

# राज्य के प्रत्येक पंचायत में स्थापित होंगे कस्टम हायरिंग सेन्टर: उपमुख्यमंत्री विजय

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक पंचायत में कस्टम हायरिंग सेन्टर (सीएचसी) की स्थापना करेगी।

श्री सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि कस्टम हायरिंग सेन्टर का उद्देश्य लघु एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे वे समय पर खेती से जुड़ी सभी आवश्यक क्रियाएं कर सकें। इससे खेती में लागत घटेगी, श्रम की बचत होगी और कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना से किसानों को ट्रैक्टर चालित या स्वचालित यंत्र जैसे जुताई, बुआई,रोपनी, हार्वेस्टिंग और थ्रेसिंग के लिए उपकरण किराये पर मिल



सकेंगे। इससे वे बिना भारी निवेश किए आधुनिक तकनीकों का लाभ उठा पाएंगे। इन सेन्टरों से विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसान लाभान्वित होंगे, जो अब तक संसाधनों के अभाव में आधुनिक खेती से वंचित रह जाते थे।

उन्होंने कहा कि एक कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना के लिये अधिकतम 10 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इस परियोजना में स्थानीय फसल चक्र के अनुसार प्रत्येक आवश्यक कृषि क्रिया के लिए कम-से-कम एक यंत्र लेना अनिवार्य है। राज्य सरकार इस लागत पर 40 प्रतिशत या अधिकतम चार लाख रुपये का अनुदान दे रही है, जिससे किसानों और किसान समूहों को आर्थिक सहायता मिलेगी और वे सुगमता से इस योजना से जुड़ सकेंगे।

श्री सिन्हा ने कहा कि इस योजना का लाभ प्रगतिशील कृषक, जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर फेडरेशन, आत्मा से संबद्ध फार्मर इंटरेस्ट ग्रुप, नाबार्ड या राष्ट्रीयकृत बैंकों से संबद्ध किसान क्लब, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), किसान उत्पादक कंपनी, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) द्वारा लिया जा सकता है। अब तक कुल 950 कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना राज्य भर में की जा चुकी है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 267 नए सेन्टर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# देश की 30 मिलियन वयस्क आबादी मोटापे से है ग्रस्त: डॉ. अमित गर्ग

मोटापे से निपटने के लिए अकेले सर्जरी ही सबसे अच्छा विकल्प होता है

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

**चंडीगढ़।** देश की 30 मिलियन वयस्क आबादी या तो अधिक वजन वाली या मोटापे से जूझ रही है। जबकि एक अध्ययन के अनुसार भारत की शहरी आबादी का 70 प्रतिशत मोटापे से ग्रस्त है।

अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए पार्क अस्पताल मोहाली के सीनियर एसोसिएट डायरेक्टर-बेरियाट्रिक एंड मेटाबोलिक सर्जरी डॉ. अमित गर्ग ने बताया कि एक अध्ययन के अनुसार, मोटापे से ग्रस्त लोगों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष 10 देशों की सूची में भारत, अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है।

अब ओबेसिटी हेल्पलाइन नंबर 7562000000 पर मरीज कॉल कर वजन घटाने के लिए फ्री कंसल्टेशन



बुक करा पाएगें। सीनियर कंसल्टेंट जनरल सर्जरी और मेडिकल डायरेक्टर पार्क हॉस्पिटल मोहाली डॉ. विमल विभाकर ने कहा कि एक आम मिथक है कि मोटापा अमीर लोगों की बीमारी है। दरअसल मोटापा सिर्फ अधिक खाने से ही नहीं बल्कि खान-पान की गलत आदतों को अपनाने से भी होता है। वजन का 5-10 प्रतिशत भी कम करने से मोटापे के कारण होने वाली बीमारियों को रोका जा सकता है। लेकिन ऐसी स्थितियाँ भी होती हैं जब मोटापे से निपटने के लिए अकेले सर्जरी ही सबसे अच्छा विकल्प होता है। सर्जिकल विकल्पों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. अमित गर्ग ने कहा कि बेरिएट्रिक सर्जरी मोटापे से ग्रस्त रोगियों को वजन घटाने की सर्जरी के बाद एक वर्ष के भीतर 60-70 प्रतिशत अतिरिक्त वजन कम करने में मदद करती है। जो मरीज मधुमेह शुरू होने के पांच साल के भीतर मधुमेह या मेटाबोलिक सर्जरी कराते हैं, उनके टाइप 2 मधुमेह से ठीक होने की 90 से 95 प्रतिशत संभावना होती है।

पार्क हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ (नॉर्थ) आशीष चड्ढा ने कहा कि पार्क अब ईसीएचएस, सीजीएचएस, ईएसआई, हरियाणा सरकार, हिमाचल सरकार और सभी प्रमुख टीपीए, कॉरपोरेट्स के साथ सूचीबद्ध है।

# अल्केमिस्ट हॉस्पिटल उन्नत हृदय उपचारों में बना अग्रणी





अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

**पंचकूला।** कैल्शियम मॉड्यूलेशन तकनीक, ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट(टीएवीआर), इन्ट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड और इवेंट लूप रिकॉर्डर प्रक्रिया जैसी हार्ट उपचार विधियों को मुहैया कर अल्केमिस्ट हॉस्पिटल ने हार्ट केयर को मजबूती दी है।

शुक्रवार को अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए एसोसिएट डायरेक्टर-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ रोहित परती ने बताया कि कैल्शियम मॉड्यूलेशन अत्यधिक कैल्सीफाइड कोरोनरी धमनियों के प्रबंधन में एक बड़ी उपलब्धि है। अल्केमिस्ट के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट्स से रोगियों के इलाज करने मे मदद मिलेगी। यह तकनीक स्टेंट लगाने की प्रभावशीलता को बढ़ाते हुए दीर्घकालिक जटिलताओं को कम करने मे अहम भूमिका निभाएगी।

वहीं प्रमुख कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग अल्केमिस्ट हॉस्पिटल डॉ रंजन मेहरा ने कहा कि अस्पताल ने टीएवीआर को अपनाया है जो एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है जिसमे संकीर्ण एओर्टिक वाल्व को बदले जाने के लिए खुली हृदय शल्य चिकित्सा की आवश्यकता नहीं होती। वरिष्ठ सलाहकार और प्रमुख कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग अल्केमिस्ट हॉस्पिटल डॉ अश्वनी नय्यर ने बताया कि टीएवीआर ने एओर्टिक वाल्व रोग के उपचार से नई दिशा मिली है। इवेंट लूप रिकॉर्डर डिवाइस के जरिए निरंतर हृदय गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए समय पर निदान और उपचार संभव हो सकेगा।

# आईटी सेक्टर में मध्यप्रदेश करेगा अपनी विशेष पहचान स्थापित: मुख्यमंत्री यादव

अर्थ प्रकाश/नेटवर्क

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान और भविष्य की तकनीक का आधार आईटी है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए समय के साथ चलने के लिए आईटी सेक्टर में निवेश और गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है।

डॉ यादव इंदौर में होने वाली आईटी कॉन्क्लेव के संबंध में विभिन्न जिलों के उद्योगपतियों से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पहली सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी पर केन्द्रित की जा रही है। प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में आईटी इंडस्ट्री का पर्याप्त आधार विद्यमान है। राज्य सरकार आवश्यक सहयोग और समर्थन उपलब्ध कराकर प्रदेश की आईटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक व्यापक स्वरूप देने की इच्छुक है। इंदौर में 27 अप्रैल को होने वाली 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' इस दिशा में निश्चित ही परिणाममूलक रहेगी।

मुख्यमंत्री से संवाद में उद्योगपतियों ने आईटी पार्क के विस्तार की आवश्यकता बताई। साथ ही आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों ने दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा और औद्योगिक गतिविधियों में समन्वय, स्टार्ट-अप में उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने, प्राकृतिक गैस पर टैक्स कम करने और प्रदेश में स्टार्ट-अप कम्युनिटी के मध्य बेहतर समन्वय संबंधी चर्चा भी की।



डॉ यादव से संवाद में वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क विकसित करने, प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन लागू करने और एआई आधारित गतिविधियों की अन्य उद्योगों में स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों की पहल और नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संवाद राज्य शासन और आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों के बीच मजबूत रिश्तों का आधार बनेगा और सबके सहयोग से मध्यप्रदेश आईटी सेक्टर में अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगा।

उन्होंने जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल और इंदौर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न उद्योगपतियों से संवाद किया। जबलपुर के श्री चंद्रेश वीरा प्रेम संस इंटरप्राईजेस और श्री अनुराग श्रीखंडे इंटेनिक्स प्रायवेट लिमिटेड से चर्चा की। ग्वालियर के धर्मेन्द्र कुमार यादव स्मार्ट कंट्रोल इंडिया लिमिटेड, अनुराग श्रीवास्तव आईआईआईटीएम, राजेश खन्ना एसआरएफ लिमिटेड, मुकुल चतुर्वेदी सूर्या रोशनी लिमिटेड और कृष्णकांत चतुर्वेदी कोमोनिफाय वेंचर प्रायवेट लिमिटेड से चर्चा की। भोपाल के मितेश लोकवानी एचएलबीएस, सारंग वर्मा एपोंइटी और अभिषेक गुप्ता वी विन से चर्चा की।

इंदौर के संजीव अग्रवाल इम्पेटस, नरेंद्र सेन रेकबैंक, धर्मेंद्र जैन यश टेक्नोलॉजी, शानू मेहता एमएमसी कोन्वेर्टर और आदित्य शास्त्री डेटा प्योर से चर्चा की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को उनकी कम्पनियों के कार्यों, निवेश, रोजगार की जानकारी से अवगत कराया। आईटी और संबंधित क्षेत्रों में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाने के संबंध में सुझाव भी दिए। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने 27 अप्रैल को आयोजित 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' के कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जीसीसी, ड्रोन, एवीजीसी और सेमीकॉन नीति के संबंध में चार राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत गठित सलाहकार बोर्ड के सदस्यों से वीसी के माध्यम से चर्चा की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम में टेक डेस्टिनेशन मध्यप्रदेश की फिल्म प्रस्तुति, विभिन्न इकाइयों का भूमि-पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नवीन स्थापित सेन्ट्रल ऑफ एक्सीलेंस और इन्क्यूबेशन सेन्टर का उद्घाटन भी किया जाएगा। चिहिन्त इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाएंगे एवं आवंटन-पत्र भी सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की चार नीतियों जीसीसी नीति, ड्रोन नीति, सेमीकंडक्टर एवं एवीजीसी नीतियों की गाईड लाइंस भी जारी की जाएगी।

### जमीनी संघर्ष से जुड़े एडवोकेट बूटा सिंह बैरागी हुए आम आदमी पार्टी में शामिल

# बूटा सिंह के पार्टी में शामिल होने से मिली नई ताकत, सामाजिक व राजनीतिक जमीनी पकड़ होगी और भी मजबूत: अमन अरोड़ा

**'आप' अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने एडवोकेट बूटा सिंह बैरागी का 'आप' परिवार में किया गर्मजोशी से स्वागत**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) का पंजाब में लगातार विस्तार हो रहा है। मानवाधिकार और जमीनी स्तर की राजनीति करने वाले पंजाब के प्रमुख व्यक्ति एडवोकेट बूटा सिंह बैरागी आज पार्टी में शामिल हो गए। आप पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उनका पार्टी में स्वागत किया और कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप की जन-केंद्रित नीतियां और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का प्रभावशाली शासन राज्य के लोगों को काफी प्रभावित कर रहा है।

बूटा सिंह बैरागी का मानवाधिकार के क्षेत्र में शानदार करियर रहा है। उन्होंने राजनीति में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है और कई चुनाव भी लड़े हैं। उनके आम आदमी पार्टी में शामिल होने से पार्टी की राजनीतिक और सामाजिक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

इस अवसर पर बोलते हुए एडवोकेट बैरागी ने आम आदमी पार्टी के माध्यम से पंजाब की सेवा करने का अवसर मिलने के लिए पार्टी नेतृत्व आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य में वर्तमान चुनौतियों, विशेषकर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई तथा कानून- व्यवस्था को बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और कहा कि पंजाब के मौजूदा राजनीतिक माहौल में मजबूत नेतृत्व और सामूहिक योगदान की जरूरत है और मैं इन चुनौतियों से निपटने के लिए पार्टी के साथ मिलकर काम करूंगा।

**आप परिवार में शामिल होकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं: एडवोकेट बूटा सिंह बैरागी**

उन्होंने पार्टी में दोबारा शामिल किए जाने के लिए भी प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा, 'यह एक ऐसा मंच है जो वास्तव में समाज की बेहतरी के लिए काम करता है। मैं आप परिवार में शामिल होकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' आप अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने सामाजिक न्याय के प्रति एडवोकेट बैरागी की प्रतिबद्धता और सार्वजनिक सेवा में उनके व्यापक अनुभव की प्रशंसा करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के साथ उनका जुड़ाव पार्टी की चल रहे सामाजिक अभियानों में और ऊर्जा प्रदान करेगा। इस अवसर पर धर्मकोट के विधायक देविंदर सिंह लाडी ढोंस और पार्टी प्रवक्ता नील गर्ग भी मौजूद थे।

# लुधियाना में 'आप' विधायकों की पहल –शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शुरू किया सफाई अभियान

**नेता नहीं, सेवक बनकर उतरे मैदान में – लुधियाना की सफाई में 'आप' नेताओं की हिस्सेदारी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** सार्वजनिक स्वच्छता के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए लुधियाना के 'आप' विधायकों ने आज पूरे शहर में व्यापक सफाई अभियान शुरू किया। यह पहल, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के स्वच्छ और हरित पंजाब योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सभी प्रमुख सड़कों, वार्डों और पार्कों को साफ-सुथरा करना है।

**लुधियाना दक्षिण:** विधायक राजिंदर पाल कौर छीना ने ढोलेवाल चौक से अभियान की शुरुआत की, जिसमें सड़क की सफाई और फॉगिंग अभियान पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगरपालिका कर्मचारियों और जनता के बीच समन्वय पर जोर दिया और स्वच्छता के लिए सामूहिक संकल्प की बात कही।

**लुधियाना उत्तर:** विधायक मदन लाल बग्गा ने जालंधर बाईपास चौक से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और स्थानीय निवासियों से कूड़ा संग्रहण में अनियमितताओं की सीधे सूचना देने और तुरंत शिकायत करने का आग्रह किया। अभियान में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण और पर्यावरण अनुकूल पहलों पर जोर दिया गया।

**लुधियाना सेंट्रल:** विधायक अशोक पाराशर पप्पी ने समराला चौक से अभियान की शुरुआत की और स्वच्छता को दैनिक आदत बनाने के लिए सामूहिक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की।

**आत्म नगर:** विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर के साथ मिलकर डाबा रोड पर वेक्टर जनित बीमारियों (हैजा, मलेरिया, डेंगू आदि) से निपटने के लिए सीवर सफाई और फॉगिंग के प्रयासों की अगुवाई की।

# मौसम परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए स्कूलों और आंगनबाड़ियों में फल, सब्जियां और हर्बल पौधों पर आधारित बाग लगाए जाएं: बाल मुकुंद शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली/चंडीगढ़ 25 अप्रैल।** मौसम परिवर्तन के कारण खाद्य सुरक्षा पर होने वाले असर के बारे में देश की राजधानी नई दिल्ली के डॉक्टर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन श्री बाल मुकुंद शर्मा ने भाग लिया।

इस सेमिनार को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि मौसम परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तन के कारण जल संकट पैदा हो रहा है क्योंकि पृथ्वी का तापमान तेजी से बढ़ रहा है और ग्लेशियर पिघल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जल स्रोतों और मौसम को बचाने के लिए कई कदम उठा रही है, जिसके तहत टिकाऊ खेती, विविधीकरण और कम पानी की खपत वाली फसलों की बुवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश का पेट भरने के लिए पंजाब ने अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करके बहुत कष्ट भोगा है, खासकर धान की खेती से भूजल स्तर, मिट्टी के स्वास्थ्य के अलावा ग्रीन गैसों और कार्बन की अधिक उपज के माध्यम से पर्यावरण का काफी नुकसान झेला है।

श्री शर्मा ने कहा कि मौसम परिवर्तन के प्रभाव से बचने के लिए पंजाब सरकार द्वारा कई प्रयास किए गए हैं, जिनकी प्राप्ति के लिए जंगल उगाने के अलावा धान की सीधी बुवाई के लिए विशेष वित्तीय सहायता, बीटी कॉटन के बीजों पर 33 प्रतिशत सब्सिडी और 500 करोड़ रुपये पराली प्रबंधन मशीनों की खरीद पर खर्च किए जा रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ अब पोषण सुरक्षा के लिए भी हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए और इस दिशा में एक अभियान तैयार किया जाए, जिसके माध्यम से स्कूलों और आंगनवाडियों में सब्जियों, फलों और हर्बल पौधों पर आधारित 'पोषण उद्यान' तैयार किए जाएं, जहां बच्चे छोटी उम्र में ही पोषण के भोजन में महत्व के बारे में जागरूक होंगे, वहीं ये गुणकारी सब्जियां और हर्बल पौधे जैसे करी पत्ता, पुदीना, सहजन आदि उन्हें दिए जाने वाले मिड डे मील का भी हिस्सा बन सकें।

# मान सरकार के नेतृत्व में मजबूत हो रहा है पंजाब का लोकतंत्र, पंचायती राजव्यवस्था को मिल रहा बढ़ावा: नील गर्ग

**कहा - गांव के लोगों ने सर्वसम्मति से सरपंच चुनने की मुख्यमंत्री मान की मानी अपील, अब वादे के मुताबिक उन पंचायतों को दी जा रही है 5 लाख प्रोत्साहन राशि**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंचायती चुनावों में सर्वसम्मति से सरपंच चुने गए पंचायतों को मान सरकार द्वारा 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दिए जाने पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि आप सरकार पंजाब के गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं।

नील गर्ग ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार पंजाब का लोकतंत्र मजबूत बना रही है और पंचायती राजव्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय पंजाब के लोगों ने सर्वसम्मति से गांव का सरपंच चुनने के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अपील का समर्थन किया जिसके कारण पंजाब में पहली बार करीब 3000 से ज्यादा पंचायतों में निर्विरोध सरपंच चुने गए।

घोषणा के समय मुख्यमंत्री ने वादा किया था की सर्वसम्मति से सरपंच चुने वाले पंचायतों को विकास के लिए लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। अब मुख्यमंत्री मान ने अपने उस वादे को पूरा करना शुरू कर दिया है। सरकार ने इसके लिए 150 करोड़ रुपए का आवंटन किया है जिसमें करीब 15 करोड़ रुपए अभी तक बांटे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान और कई कैबिनेट मंत्रियों ने खुद सरपंचों को 5-5 लाख रुपए के चेक सौंपे हैं।

उन्होंने कहा कि इन पैसों से गांवों के विकास कार्यों में तेजी आएगी और पंचायतें खुद फैसला लेने में सक्षम हो सकेगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा भी था कि पंचायत पिंड का होना चाहिए, पार्टी का नहीं और अब लोग गांवों में पार्टी बाजी से उपर उठकर गांवों के विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और आपस में राय-मशविरा कर ग्रामीण समस्याओं को सुलझा रहे हैं।

**'रंगला पंजाब' योजना से विकास को मिली रफ्तार, 'आप' ने की मान सरकार की खुलकर तारीफ, सीएम को कहा धन्यवाद**

इस साल के बजट में घोषित %रंगला पंजाब विकास योजना% को कैबिनेट से मंजूरी दिए जाने के फैसले की आम आदमी पार्टी ने तारीफ की और इसके लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान को धन्यवाद दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि मान सरकार हमेशा लोगों के हित में फैसले लेने के लिए जानी जाती है क्योंकि आम आदमी पार्टी की राजनीति के केंद्र में आम लोग हैं। कल की कैबिनेट मीटिंग में 'रंगला पंजाब विकास योजना' लागू करने के लिए 585 करोड़ रुपये का विशेष फंड आवंटित करने का फैसला इसका ताजा उदाहरण है। इसके तहत सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों को 5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास में इस तरह की पहली योजना है सिर्फ विधायकों को ही नहीं बल्कि उस क्षेत्र के सामाजिक संगठनों– नागरिक समूहों और प्रतिष्ठित सामाजिक व्यक्तियों की सहभागिता से पैसे खर्च करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी कि पैसा कहां और कितना लगाया जाए। हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास में यह एक अभूतपूर्व फैसला है। इस फैसले से पंजाब का और तेजी से विकास हो सकेगा और लोकतांत्रिक व्यवस्था भी मजबूत होगी। नील गर्ग ने विरोधी पार्टियों खासकर कांग्रेस और भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि वे अक्सर यह आरोप लगाते हैं कि आम आदमी पार्टी आम लोगों की नहीं, बल्कि खास लोगों की पार्टी है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जिन राज्यों में आपकी सरकारें है, क्या आपने वहां ऐसी कोई योजना लागू की है जिसमें विकास कार्यों का फैसला आम लोग और सामाजिक संगठन करें। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले सिर्फ आम आदमी पार्टी ही ले सकती है और इसका एकमात्र कारण यह है कि हमारी राजनीति के केंद्र में आम लोग हैं। इसलिए पंजाब की आप सरकार में ऐसा योजना संभव हो सकी है।

# ढकोली क्षेत्र में बढ़ती झपटमारी की घटनाओं तथा नशे की समस्या संबंधी लोगों ने की थाना प्रभारी से मुलाकात



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 25 अप्रैल।** ढकोली क्षेत्र में दिन प्रतिदिन झपट मारी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिसे लेकर क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों के लोगों ने चिंता जताते हुए आज थाना ढकोली के प्रभारी प्रीत कंवर सिंह से मुलाकात की और झपटमारों के पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने संबंधी कहा। इस मौके उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते हुए नसे पर भी चिंता व्यक्त की। इस मौके पर ढकोली वार्ड नंबर 8 के पार्षद धर्मेंद्र गौतम के साथ लक्ष्मी एनक्लेव सोसायटी के अध्यक्ष जसवीर सिंह, गुलमोहर एवेन्यू की अध्यक्ष सिया, प्रगति मार्केट के अध्यक्ष दीपक कक्कड़, डी एस स्टेट के अध्यक्ष दिनेश भारद्वाज, एमएस एनक्लेव के अध्यक्ष बत्रा तथा भारत शेट्टी उपस्थित थे।

# जिला सफाई कर्मचारियों की मांगों को हम मंत्री से हल करवाएंगे: अध्यक्ष अरुण गिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**जगराओं, 25 अप्रैल।** सफाई सेवक यूनियन पंजाब नगर कौंसिल जगरांव कमेटी द्वारा स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह के साथ म्यूनिसिपल भवन पंजाब में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें मुख्य सचिव एवं निदेशक स्थानीय निकाय गुरप्रीत सिंह और संयुक्त निदेशक संदीप सहगल विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर कार्य समिति की अध्यक्षता अशोक कुमार सारवान ने की। मंत्री के समक्ष पंजाब भर से आए सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर खुलकर चर्चा की गई। चर्चा के बाद मंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग से दो माह का समय मांगा तथा दो माह के भीतर पंजाब के सफाई कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों को स्वीकार करने का पूर्ण आश्वासन दिया। म्यूनिसिपल इंप्लाइज एक्शन कमेटी पंजाब के कनवीनर के नेतृत्व में हुई मीटिंग के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने फैसला लिया कि अगर दो महीने के अंदर-अंदर मुद्दों और मांगों का समाधान नहीं किया गया तो पूरे पंजाब के सभी कर्मचारियों की तरफ से बड़ा और तीव्र संघर्ष शुरू किया जाएगा। नगर कौंसिल जगराओं और जिला लुधियाना के सफाई कर्मचारियों के मुद्दों और मांगों को सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने मंत्री के दरबार में जोरदार तरीके से पेश किया। जगराओं में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अध्यक्ष अरुण गिल ने कहा कि वह प्रहरी बनकर लुधियाना जिले के सभी सफाई कर्मचारियों की मांगों को मंत्री से हल करवाएंगे। जब तक मुद्दे और मांगें हल नहीं हो जातीं, वे चैन से नहीं बैठेंगे। इस समय म्यूनिसिपल कर्मचारी एक्शन कमेटी पंजाब के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# भारतीय जनता पार्टी जिला जगराओं के संगठनात्मक की चुनाव करवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जगराओं, 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला जगराओं के संगठनात्मक चुनाव करवाई बाद में उन्हें मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति पत्र जगराओं जिले के पार्टी द्वारा नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री जीवन गर्ग के नेतृत्व में जारी किया गया, जिन्हें गिद्दड़विंडी, गालिब, जगराओं नगर तथा जगराओं मंडी हलकों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गुरभेज सिंह उप्पल को गिद्दड़विंडी सर्कल का अध्यक्ष, गुरदयाल सिंह को गालिब सर्कल का अध्यक्ष, गुरप्रीत सिंह वर्मा को जगराओं सिटी का अध्यक्ष तथा नवनीत कुमार को जगराओं मंडी सर्कल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान पार्टी की जिला जगराओं इकाई के अध्यक्ष कर्नल इंद्रपाल सिंह धालीवाल (सेवानिवृत), स. मेजर सिंह देतवाल, डॉ. राजिंदर शर्मा, सुमित अरोड़ा, स. गुरसिमरन सिंह गिल, स. परमजीत सिंह टूसा, राज वर्मा, कुंवर नरिंदर सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**हलका जंडियाला गुरु में 27.18 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा**

# जल्द मिलेगी अस्पताल और कॉलेज की सुविधा: हरभजन सिंह ईटीओ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज हलका जंडियाला गुरु में विकास कार्यों को और गति देने के लिए पंजाब सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में मनीष कुमार आई.ए.एस., निदेशक तकनीकी शिक्षा, श्रीमती हतिंदर कौर, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं पंजाब, विपिन बंसल, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

बैठक के दौरान सरदार हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने हलका जंडियाला गुरु में 8.63 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे 30 बिस्तरों वाले अस्पताल, 14.97 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे नए सरकारी बहु-तकनीकी कॉलेज और 3.58 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे सब-तहसील सहित पटवारखाने के निर्माण के बारे में संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आम जनता के लिए महत्व वाले इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए इनके निर्माण और संचालन में आ रही कठिनाइयों को जल्द से जल्द हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार हलका जंडियाला गुरु को पूरी तरह से विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार काम कर रही है।

# विधायक रंधावा ने बलटाना क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 25 अप्रैल।** शुक्रवार को विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर के वार्ड नंबर 7 के बलटाना क्षेत्र में 49 लाख रुपये की लागत से ड्रेनेज लाइन बिछाने के कार्य का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, सरकारी अधिकारियों और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उद्घाटन के दौरान विधायक रंधावा ने शहर में पानी की उचित निकासी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 20 साल के शासन के दौरान पिछली सरकारें जल निकासी जैसी बुनियादी व्यवस्था भी करने में विफल रहीं, जिसके कारण मानसून के मौसम में शहर में बाढ़ आ जाती है। उन्होंने शहर में योजना बनाने पर ध्यान न देने के लिए पुराने राजनेताओं की आलोचना की तथा शहर में कुशल और टिकाऊ विकास की आवश्यकता पर बल दिया। विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लगातार नशे के खिलाफ जंग लड़ रही है। मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई हर दिन जारी है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने शिक्षा क्रांति की एक नई लहर शुरू की है, जो पंजाब को प्रगति और नवीनता की नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। तहसीलों में लोगों की परेशानी कम करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक रंधावा ने जीरकपुर के निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए पंजाब सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है और शहर के विकास के लिए काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज पाइप बिछाने का कार्य जीरकपुर के बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना 25 लाख रुपए की लागत से पूरी की जाएगी। 49 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना से वार्ड नं. 7 के निवासियों को लाभ मिलेगा तथा मानसून के मौसम में जलभराव की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। शहर के विकास के लिए विधायक रंधावा के प्रयासों और प्रतिबद्धता की स्थानीय निवासियों और आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सराहना की है। जिन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आम आदमी पार्टी अपने वादों को पूरा करने और नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रही है।

# डेराबस्सी में चलते डंपर में लगी भीषण आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी, 25 अप्रैल।** डेराबस्सी के पास गांव फतेहपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब मिट्टी ले जा रहे एक चलते डंपर में अचानक भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक डंपर पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था।

डंपर के मालिक मनजीत सिंह, निवासी भगवानपुर, ने बताया कि उनका ड्राइवर मिट्टी की सप्लाई लेकर फतेहपुर गांव से गुजर रहा था। इसी दौरान इंजन से चिंगारियां निकलनी शुरू हुईं। स्थिति को समझते हुए चालक ने फौरन डंपर को सड़क किनारे रोक दिया और गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में डंपर पूरी तरह जल गया।

मनजीत सिंह ने बताया कि इस हादसे में उन्हें लगभग 20-25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गांव वालों ने भी आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज़ थी कि वो काबू नहीं आ सकी।

# विश्व मलेरिया दिवस पर भांखरपुर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, मलेरिया कंटेनर सर्वे भी हुआ

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेरा बस्सी, 25 अप्रैल।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिविल सर्जन मोहाली डॉ. संगीता जैन के मार्गदर्शन में गांव भांखरपुर स्थित सरकारी हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी जतिंदर सिंह गिल ने स्कूल के शिक्षकों और बच्चों को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा क्षेत्र की कबाड़ी दुकानों पर मलेरिया कंटेनर सर्वे भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छर साफ खड़े पानी में पनपते हैं। डेंगू का मच्छर दिन में जबकि मलेरिया का मच्छर रात को काटता है।

स्वास्थ्य कर्मियों ने डेंगू के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि तेज बुखार, सिर दर्द, त्वचा पर चकत्ते, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, मांसपेशियों में दर्द और मसूड़ों व नाक से खून आना इसके प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने अपील की कि बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या सरकारी अस्पताल में जाकर रक्त जांच करवाएं।

बचाव के लिए जरूरी उपायघर, दफ्तर, दुकान और स्कूलों में सफाई रखें। कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमले और अन्य कंटेनरों का पानी सप्ताह में एक बार पूरी तरह सुखाएं।

जमा पानी को ढककर रखें।मच्छरों के पनपने के स्रोतों को खत्म करना जरूरी है। जतिंदर सिंह गिल ने बताया कि लोगों को इस अभियान से जुड़कर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग देना चाहिए और इसे अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। आने वाले दिनों में डेंगू जागरूकता अभियान को और तेज किया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों, मोहल्ला समितियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इस मुहिम में शामिल किया जाएगा। घर-घर जाकर लार्वा की जांच की जाएगी और नगर परिषद की ओर से लार्वा पाए जाने पर चालान भी किया जाएगा। इस मौके पर फीमेल हेल्थ वर्कर परमजीत कौर, आशा वर्कर बेबी, रानी व राज रानी (स्टाफ) मौजूद रहे।

**राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2025**

# राज्यपाल 27 को करेंगे शुभारंभ, 'नशा निवारण' रहेगी उत्सव की थीम

**27 से 29 अप्रैल तक कांगड़ मैदान में होगा आयोजन**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2025 का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक उपमंडल हरोली के कांगड़ मैदान में किया जाएगा। इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन का शुभारंभ 27 अप्रैल को सायं 5 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। उत्सव की थीम ÷नशा निवारण÷ निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत ÷नशा मुक्त ऊना - नशा मुक्त हिमाचल÷ का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

उपायुक्त ऊना एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष जतिन लाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव का शुभारंभ 27 अप्रैल को शाम 5 बजे एक भव्य शोभायात्रा के उपरांत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कांगड़ मैदान से करेंगे। शोभायात्रा प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री पीजी कॉलेज हरोली से आरंभ होकर कांगड़ मैदान तक जाएगी। इसमें स्वयं सहायता समूह, स्कूली छात्र-छात्राएं, सांस्कृतिक दल और विभिन्न संस्थाएं भाग लेंगी तथा 'नशे को ना, ज़िंदगी को हां' का संदेश दिया जाएगा।

28 अप्रैल को मध्य दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे, जबकि 29 अप्रैल को समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

उत्सव के दौरान तीनों दिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी होगा, जिसमें स्थानीय व हिमाचली कलाकारों को विशेष मंच दिया जाएगा। 28 अप्रैल की संध्या ÷हिमाचली नाइट÷ के रूप में मनाई जाएगी। साथ ही, उत्सव में पंजाब की संस्कृति की झलक देने के लिए प्रसिद्ध पंजाबी कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

27 अप्रैल को पंजाबी स्टार गायक मनकीरत औलख अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेरेंगे। सुप्रसिद्ध हिमाचली गायक कुमार साहिल और अर्शप्रीत भी 27 को अपनी मधुर प्रस्तुति से रंग जमाएंगे। 28 अप्रैल को इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार और अनुज शर्मा और सुप्रसिद्ध पहाड़ी गायक एसी भारद्वाज व अन्य कलाकार हिमाचली संस्कृति की महक बिखेरेंगे। 29 अप्रैल को स्टार पंजाबी गायक गैरी संधू और जसबीर जस्सी पंजाबी संस्कृति का रंग जमाएंगे। इसके अतिरिक्त अफ्रीकन डांस, रशियन फायर डांस और यूक्रेनियन ड्रम बैंड जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी।

उत्सव के दौरान छिंज, कुश्ती, कबड्डी, रस्साकसी, मटका दौड़ जैसी पारंपरिक खेल स्पर्धाएं होंगी। साथ ही महिला मंडलों, युवक मंडलों, विद्यालयों और अन्य संस्थाओं के लिए कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य शिविर, कृषि एवं पशुपालन विभाग की प्रदर्शनियां, विकास प्रदर्शनी, व्यावसायिक स्टॉल और महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे।

उपायुक्त जतिन लाल ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस भव्य आयोजन में भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।



**ऊना (अप्रस)। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय ऊना में अधिकरियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक-संतप्त परिवारों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।**


## जीप से 1200 बोतल देसी शराब बरामद, मामला दर्ज

**भराड़ी (अप्रस)।** थाना भराड़ी पुलिस ने गत रात गश्त के दौरान बड़ी कामयाबी हासिल की। थाना भराड़ी गेट के पास दधोल-लदरौर राज्य मार्ग पर एक जीप को चैकिंग के लिए रोका गया, जिसमें भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद हुई। इस पर थाने में एक्साइज एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब रहे कि थाना प्रभारी भराड़ी जब अपनी टीम के साथ गश्त पर गत रात के समय जाने लगे उसी समय एक जीप आई, जिसे थाना गेट के सामने टीम ने रोका और पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में गाड़ी से 100 गत्ता पेटियां थीं, जिसमें 1200 बोतल शराब बरामद हुई। जीप में सवार व्यक्ति मौके पर कोई वैध परमिट या लाइसैंस पेश नहीं कर सके। थाना प्रभारी अनूप कुमार ने कहा कि शराब की यह खेप बिना किसी अधिकृत दस्तावेज के ले जाई जा रही थी।

## रहस्यमयी परिस्थितियों में 17 वर्षीय नाबालिग हुई लापता, मामला दर्ज

**सुंदरनगर (अप्रस)।** बीएसएल थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग युवती रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई है। वीरवार देर शाम तक जब वह घर पर न पहुंची को चिंतित परिजनों ने उसकी हर संभव स्थल पर तलाश की। जब कहीं कोई सुराग न मिला तो थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज करवाई प्राथमिकी में तुलसी राम निवासी गांव द्रमण डाकघर चांबी तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि उसकी बेटी ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी है। बुधवार 23 अप्रैल को वह सिलाई का काम सीखने गई थी और वहां से शाम को मौसी के घर कोटला चली गई। वीरवार को उसने मौसी से कहा कि वह सिलाई सैंटर नहीं घर जाना चाहती है। लेकिन वह शाम तक घर पर न पहुंची तो उसकी तलाश की गई। लेकिन हर संभव स्थल पर तलाश करने पर भी उसका कोई पता न चल पाया। जिसके बाद देर शाम उन्होंने बीएसएल थाना में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि थाना में प्राथमिकी दर्ज कर नाबालिगा की तलाश शुरू कर दी गई है।

## शूलिनी विवि टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में लगातार दूसरे वर्ष भारत में नंबर 1 निजी विश्वविद्यालय बना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अपनी यात्रा में एक और उपलब्धि हासिल की है, प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में लगातार दूसरे वर्ष भारत में नंबर 1 निजी विश्वविद्यालय का खिताब हासिल किया है। विश्वविद्यालय अब एशिया में 146वें और भारत में कुल मिलाकर 5वें स्थान पर है, जो वैश्विक मान्यता में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

अपने समग्र प्रदर्शन के अलावा, शूलिनी ने कई प्रमुख क्षेत्रों में खुद को प्रतिष्ठित किया है- यह अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण के लिए भारत में दूसरे और एशिया में 77वें स्थान पर है, अनुसंधान गुणवत्ता के लिए भारत में चौथे और एशिया में 77वें स्थान पर है, अनुसंधान वातावरण के लिए भारत में 14वें और एशिया में 233वें स्थान पर है, शिक्षण के लिए भारत में 49वें और एशिया में 263वें स्थान पर है, और उद्योग जुड़ाव के लिए भारत में 67वें और एशिया में 617वें स्थान पर है। अपनी वैश्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत करते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय लगातार तीसरे वर्ष एशिया के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ है।

ये निरंतर उपलब्धियाँ संस्थान की उत्कृष्टता, नवाचार और वैश्विक प्रासंगिकता की निरंतर खोज को उजागर करती हैं। शोध-आधारित शिक्षा, वैश्विक भागीदारी और परिवर्तनकारी शिक्षण वातावरण पर अपने मजबूत फोकस के साथ, शूलिनी विश्वविद्यालय भारत और पूरे एशिया में उच्च शिक्षा मानकों को फिर से परिभाषित करना जारी रखता है। शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय ने टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में एशिया की शीर्ष 150 सूची में प्रवेश किया है।

उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि इसने देश के सभी निजी विश्वविद्यालयों में अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है और कहा कि विश्वविद्यालय अनुसंधान और नवाचार पर जोर देना जारी रखेगा।

## तहसीलदार कालका ने कढाई सिलाई, कंप्यूटर, ब्यूटी केयर का प्रशिक्षण व पास आउट महिलाओं को वितरित किए प्रशस्ति पत्र

**विवेक गोयल ने मिनी बाल भवन के सभी प्रशिक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण**



अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका।** विवेक गोयल तहसीलदार कालका ने मिनी बाल भवन कालका से कढाई सिलाई, कंप्यूटर, ब्यूटी केयर का प्रशिक्षण व पास आउट महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री विवेक गोयल ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर कहा मेहनत से व्यक्ति बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकता है।

उन्होंने कहा कि मेहनत और लग्न की भावना से कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य पर पंहुच सकता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी मामले में पुरूषों से कम नहीं है। खेलों में महिलाओं ने मेडल जीतकर प्रदेश का नाम विश्व में रोशन किया है। उन्होंने मिनी बाल भवन के सभी प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण भी किया और कहा कि पिछले कई वर्षों से कालका क्षेत्र में सिलाई एवं कड़ाई केंद्र, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, ब्यूटी केयर प्रशिक्षण केंद्र, पुस्तकालय, डे केयर केंद्र इत्यादि चलाए जा रहे हैं, जिसमें प्रतिदिन लगभग 100-150 बच्चे, महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आती हैं तथा इन केंद्रों में गरीब, असहाय तथा जरूरत मंद परिवारों को मुफ्त प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता हैं।

जिला बाल कल्याण परिषद, पंचकूला द्वारा चलाए जा रहे मिनी बाल भवन कालका के कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, सिलाई एवं कड़ाई केंद्र, ब्यूटी केयर प्रशिक्षण केंद्र में पड़ने वाली व पासआउट लगभग 50 लड़कियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

जिला बाल कल्याण अधिकारी पंचकूला श्रीमती शिवानी सूद ने बताया गया कि मानद महासचिव, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगड़ की अध्यक्षता तथा उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला पंचकूला के कालका, पिंजौर, बरवाला, रायपुररानी में खंड व जिला स्तर पर कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, ब्यूटी प्रशिक्षण केंद्र, सिलाई व कड़ाई केंद्र, डे केयर केंद्र, बाल पुस्तकालय, सायं कालीन कक्षाएं, ग्रीष्म कालीन शिविर, राष्ट्रीय चित्रकला तथा बाल दिवस जैसी विभिन्न गतिविधियां चलाई जाती हैं, जिसमें प्रतिदिन लगभग 350-400 बच्चे, लड़किया लाभ उठाती हैं।

श्रीमती अंजू पुंडीर, सामाजिक मीडिया प्रमुख, पिंजौर मंडल ने बताया अंतर्राष्ट्रीय महिला संगठन के साथ साथ सभी महिलाओं को एक दूसरे से जुड़ने और महिलाओं को सभी क्षेत्र जैसे मीडिया, सुरक्षा, सरकारी व गैर सरकारी इत्यादि में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पहलगाम में हमला करने वाले पाताल से भी खोज कर मिट्टी में मिलाए जाएंगे: जयराम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ठियोग के खनार में आयोजित राज्य स्तरीय ठोडा मेला मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मेले में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में जिन लोगों ने देश के निर्दोष लोगों की हत्या की है वह लोग चाहे पाताल में भी छुपे होंगे तो भी उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। घटना होते ही देश के गृह मंत्री अमित शाह तुरंत कश्मीर पहुंच जाते हैं। प्रधानमंत्री अपना सऊदी अरब का दौरा रद्द कर भारत लौटते हैं और आगे की रणनीति बनाने के लिए एयरपोर्ट पर ही सभी जिम्मेदार अधिकारियों से ब्रीफिंग लेते हैं । पाकिस्तान को अपने किए के लिए ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी कि उसकी आने वाली पीढ़ियां भी याद रखेंगी। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सिंधु जल संधि को खत्म कर दिया है। जिससे आने वाले समय में पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा। पाकिस्तान को उसके किए की सजा मिलेगी और इस हमले में शामिल एक एक आतंकी के साथ ऐसा सलूक होगा जिसकी कल्पना उन्होंने सपने में भी नहीं की होगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस तरह की बर्बरता निहत्थे लोगों के साथ की गई है, धर्म पूछ्ङ्कपूछ कर उन्हें मारा गया है यह किसी भी मनुष्य का काम नहीं हो सकता है। ऐसे लोग मानवता के अपराधी हैं। उन्हें इस धरती पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। इस घटना से कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हर कोई आहत है। सभी की संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। पूरा देश कठोर से कठोर कार्रवाई चाहता है। भारत सरकार आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करेगा कि नजीर बनेंगी। पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ है।

### ठोडा खेल को मिले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

जयराम ठाकुर ने कहा कि ठोडा हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय खेलों में से एक है। जो प्रदेश भर में कई जगह पर पूरे हर्ष उल्लास और उत्साह के साथ खेला जाता है। इस खेल का इतिहास सदियों पुराना है। इस पारंपरिक और साहसिक खेल की मोहक पोशाक युद्ध के सामान जैसे तलवार, डांगरू, खुखरी और परंपरागत वाद्य यंत्रों का लोक संगीत एक तरफ जहां इस खेल की सभ्यता को बढ़ाते हैं, वही हमारी समृद्धि संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत करते हैं। गीत, संगीत, नृत्य, सवालङ्कजवाब एवं तीरंदाजी एक साथ अनगिनत विधाएं समेटे विश्व का एकमात्र खेल है ठोडा। यह खेल अपने आप में त्रेता युग के भगवान राम के बाँस के धनुष कोदंड का इस्तेमाल करती है। दोनों टीमें पाशी और साटी पांडवों और कौरवो का प्रतिनिधि करती हैं। हिमाचल प्रदेश के शिमला,सिरमौर एवं सोलन जिलों में खेला जाने वाला ये अनूठा खेल गजब का रोमांच एवं मनोरंजन समेटे पारंपरिकता को प्रदर्शित करने वाली समृद्ध धरोहर है। पारंपरिक रूप से इस खेल को ऐतिहासिक खश कबीलों द्वारा आरम्भ किया गया। उन्होंने इस खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजक मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम प्रयास करेंगे कि इस खेल को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इस मौके पर शिमला शहरी के सांसद सुरेश कश्यपऔर चौपाल के विधायक बलवीर वर्मा समेत अन्य आयोजक मंडल के पदाधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। शिमला से खनार जाते समय उन्होंने ठियोग में पार्टी

## जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेला का सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा 'बिट्टू' ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत**

**बोले ग्रामीण आर्थिकी को गति देने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध**



अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई।** जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेला 2025 की दूसरी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भव्य रूप से किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार (कैबिनेट रैंक) सुनील शर्मा 'बिट्टू' ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को बैसाखी नलवाड़ मेले की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह मेला न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण आर्थिकी को भी गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य, 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना है। उन्होंने बताया कि सरकार ने चुनाव पूर्व घोषित 10 गारंटियों में से 6 को पूर्ण कर लिया है तथा शेष 4 गारंटियों की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है।

सुनील शर्मा ने वर्ष 2025-26 के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को केंद्र में रखते हुए की गई घोषणाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने कृषि, मत्स्य पालन, बागवानी, पर्यटन और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि दूध उत्पादकों को राहत देते हुए गाय के दूध की समर्थन मूल्य 45 से बढ़ाकर 51 प्रति लीटर और भैंस के दूध की 55 से बढ़ाकर 61 प्रति लीटर कर दी गई है। वहीं, जैविक फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्) में भी वृद्धि की गई है, जिसमें मक्के का रूस्क् 30 से बढ़ाकर 40, गेहूं का 40 से 60 और कच्ची हल्दी का 90 प्रति किलो निर्धारित किया गया है।

मत्स्य पालन क्षेत्र में 20,000 से अधिक मछुआरों को राहत प्रदान की गई है। मछली पकड़ने की रॉयल्टी दर को 15 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया है और नई नावों की खरीद पर सब्सिडी दी जा रही है। हरित पहल के अंतर्गत 3,000 टैक्सियों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा, 500 इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारा जाएगा और 100 पंचायतों में 500 किलोवाट की सौर परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।

पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश में 78 नए ईको-टूरिज्म स्थल विकसित किए जाएंगे, जिससे अगले पांच वर्षों में 200 करोड़ का राजस्व प्राप्त होने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना है। बागवानी क्षेत्र में 'मुख्यमंत्री फसल सुरक्षा योजना' के अंतर्गत हल्दी की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है और वर्ष 2032 तक 1.3 लाख मीट्रिक टन फल उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 400 करोड़ होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि निदेशक इंडस्ट्रियल डेवलपमेंटल कॉरपोरेशन विकेश चौहान गिनी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार निदेशक हिमुडा जितेंद्र चंदेल उपस्थित रहे।

## उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में शोक सभा का आयोजन



**शाहतलाई (अप्रस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक, एसडीएम अभिषेक गर्ग, सहायक आयुक्त नरेंद्र आहुलवालिया समेत जिले के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की

## दड़वा में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ कैंडल मार्च,नागरिकों ने दिखाई एकजुटता



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में 27 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है। शुक्रवार को गाँव दड़वा में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्थानीय निवासी आशीष गजनवी के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला ले कर, पाकिस्तान, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे के साथ सड़को से गुजरते हुए पुतला जलाया गया एवं शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए और केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मनीष बंसल ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हमला कर भारत की आत्मा पर हमले का दुस्साहस किया है। ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि पहलगाम में हमला करने वाले और उसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाए। सरकार से आग्रह है कि अब आतंकियों की बची-कुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। सरकार आतंकियों की पहचान करे और उन्हें ढूंढकर मारे।

कार्यक्रम के आयोजक आशीष गजनवी ने कहा कि आज आतंकवाद एक वायरस की तरह फैलता जा रहा है, उन्होंने इसे संवदेनशील मुद्दा बताते हुए एकजुटता से इसका मुकाबला करने की अपील की।

## बागवानी विभाग के 24 वर्कर्स को मार्च महीने का वेतन का भुगतान न होने पर ठेकेदार के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आज ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले बागवानी विभाग के कर्मचारियो ने सेक्टर 23 बागवानी ऑफिस के बाहर आउटसोर्स वर्कर्स को डी के ठेकेदार दुवारा मार्च महीने के वेतन का भुगतान न होने पर जोरदार प्रदर्शन किया।और मांग की वर्कर्स के वेतन का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए और मांग पत्र बागवानी विभाग के एक्सन प्राहलाद सिंह को सोप्पा। एक्सन ने ठेकेदार से बात की और ठेकेदार ने एक्सन को कहा कि जल्द वर्कर्स के वेतन का भुगतान कर दिया जायेगा। कर्मचारियों को सबोधन करते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक अश्वनी कुमार, बागवानी वर्कर्स यूनियन के प्रधान

छागॉ सिंह, सेक्रेटरी कमल कुमार,कुलदीप सिंह,अशोक कुमार,मांम राज,हमीद और रंजीत सिंह ने कहा के अगर वर्कर्स के वेतन का भुगतान जल्द नही हुआ तो लगातार आंदोलन करने के लिए कर्मचारी मजबूर होंगे।

## प्राचीन कला केंद्र के छात्रों द्वारा कला के रंगो में भीगी शास्त्रीय संगीत की मधुर प्रस्तुतियां



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** प्राचीन कला केंद्र की विशेष सांगीतिक संध्या परंपरा में संगीत कार्यक्रम और पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन शहर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था प्राचीन कला केन्द्र द्वारा आज सैक्टर 71 स्थित डॉ शोभा कौसर सभागार में मासिक कड़ी परम्परा के अगले संस्करण में केन्द्र के छात्रों द्वारा संगीत की विशेष संध्या का आयोजन किया गया और साथ ही पेंटिंग के खूबसूरत रंगो से सजी पेंटिंग की एक प्रदर्शनी भी केंद्र में लगाई गयी। केन्द्र में कार्यरत संगीत प्रशिक्षिका चरणजीत कौर एवं तबला शिक्षक अमनदीप गुप्ता के निर्देशन में छात्रों ने अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन करके खूब तालियां बटोरी और चित्रकला की प्रशिक्षिका स्नेहलता जेना से पेंटिंग सीख रहे बच्चों ने अपनी पेंटिंग प्रदर्शनी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 53 कलाकारों ने भाग लिया । केंद्र द्वारा चित्रकला की सुन्दर प्रदर्शनी लगाई गयी जिस में केंद्र में सीख रहे बच्चों लगभग 29 बच्चों द्वारा बनाई गयी पेंटिंग को कला के खूबसूरत रंगों से सजाया गया था। नन्हे हाथों द्वारा कागड़ और कैनवास पर बेहतरीन पेंटिंग की खूबसूरती देखते ही बनती थी।

आज के कार्यक्रम में कला के रंगों से सजी परम्परा में सरस्वती वंदना हे शारदे माँ से कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिस में अनुराधा एवं साथियों द्वारा हारमोनियम पर प्रस्तुति पेश की गयी । साथ ही राग भैरव में एक रचना पेश की गयी जिसे रिद्धिमा अग्रिमा मेघा पलक हरलीन माही आयान एवं अनादि ने भाग लिया ।

# डीएससी समाज को मुख्यधारा में ला रही है भाजपा सरकार : डॉ अरविंद शर्मा

## डीएससी समाज की आयोग बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का दिया भरोसा

कहा-बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर हमेशा सामाजिक समानता, समाज सुधार के लिए संघर्षशील रहे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) को मुख्यधारा में लाने व उनको अधिकार दिलाने का काम किया है। आज डीएससी समाज शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक स्तर पर सशक्त हो रहा है। समाज द्वारा रखी गई डीएससी आयोग के गठन की मांग पर कैबिनेट मंत्री डॉ ने कहा कि इस विषय में एक प्रतिनिधिमंडल के तौर पर जल्द ही मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की जाएगी।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा शुक्रवार को जिला भिवानी के पालुवास स्थित कबीर चौक पर डीएससी यूथ ब्रिगेड द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती एवं संत कबीर पुस्तकालय के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबंधित कर रहे थे।

डॉ शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर हमेशा सामाजिक समानता, समाज सुधार के लिए संघर्षशील रहे। उन्होंने जन्म भले ही मध्यप्रदेश के महु में लिया, लेकिन वो दुनिया के हर कोने में फैले भारतीयों के दिल में विशेष स्थान रखते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए समाज के अंदर की चुनौतियों का सामना करते हुए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व संवैधानिक क्षेत्र में काम करते हुए देश को मजबूत संविधान दिया।

### मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कलानौर मंडी का किया औचक निरीक्षण

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने आज जिला रोहतक में कलानौर अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडियों में पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने आढ़तियों व किसानों से बातचीत की। उन्होंने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार को समस्या नहीं आनी चाहिए तथा मंडी में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए।मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि 24 घंटे में खरीदी गई गेहूं का उठान हो।

# सोशल मीडिया की अफवाहों पर ना दें ध्यान: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 25 अप्रैल।** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए दर्दनाक हादसे के दृष्टिगगत प्रदेश के उपायुक्तों से शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने इस हादसे के बाद अपने -अपने क्षेत्र में सावधानी बरते के निर्देश दिये। इस मौके पर उनके साथ वित्त आयुक्त एवं गृह सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा भी मौजूद रही।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि समाज में किसी भी तरह का आपसी टकराव ना हो इसको लेकर सभी निगरानी बरतें। उन्होंने सभी उपायुक्तों को कमेटी का गठन कर और निगरानी बरतने की बात कही।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बाद में अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि अधिकारी सुरक्षा के दृष्टिगत मिटिंग करें व गांव स्तर पर ग्राम सचिवों और पटवारियों को सचेत करें कि जहां भी इस तरह का कोई मामला उनके संज्ञान में आता है तो तुरंत अधिकारियों को सूचित करें।

उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सोशल मीडिया की अफवाहों पर ध्यान ना दें। उपायुक्त ने सभी मीडिया संस्थानों व उनके प्रतिनिधियों से आहवान किया की वे सकारात्मक न्यूज को प्राथमिकता दे। ऐसा कोई भी समाचार प्रेषित ना करें जिससे आमजन में अफवाह, डर या भय फैलने का अंदेशा हो।

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिले के लोगों से आपसी भाईचारा बनाकर कार्य करने का आह्वान किया।

पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे इस मौके पर सचेत रहें और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखें। सभी सम्बंधित सूचनाएं आपस में सांझा करें और उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं।

# श्रीनगर कश्मीर में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** श्रीनगर जिला प्रेस क्लब सोनीपत की नई कार्यकारणी ने श्रीनगर कश्मीर में अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली और विश्वाश दिलाया कि वह अपनी जिम्मेदारी के प्रति गंभीरता से कार्य करेंगे। इस दौरान आगामी वर्ष के दौरान होने वाले कार्यों पर भी चर्चा हुई। बतौर मुख्य अतिथि जहां राकेश कुमार ने शिरकत की तथा संरक्षक मंडल ने शपथ दिलाई।प्रेस क्लब के नेतृत्व में संरक्षक मंडल और जिला प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष पवन बंसल,, जसबीर खत्री,अनिल खत्री, रणबीर रोहिल्ला, श्याम सुंदर शर्मा, कुलदीप सिंह ने शपथ दिलाई और राजेश खत्री ने मंच संचालन किया। नई कार्यकारिणी ने सभी को विश्वास दिलाया कि वह क्लब के प्रति गंभीरता से काम करेंगे और जो भी उनके प्रति जिम्मेदारी होगी उसे पूर्ण करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और संरक्षण मंडल ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर यहां बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे राकेश कुमार को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और अन्य कई सकारात्मक सोच रखने वालों को भी इस अवसर पर सम्मान मिला।

# कृषि मंत्री ने किया बराड़ा अनाज मंडी का औचक निरीक्षण



अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराडा।** कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को बराडा अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर गेहूं खरीद कार्यो का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होनें गेहूं की ढेरी पर जाकर फसल की नमी को भी चैक किया और मौके पर उपस्थित किसान से भी उसकी फसल खरीद के साथ-साथ तुलाई, फसल का भुगतान व अन्य कोई समस्या तो नहीं है इस बारे भी जाना। यहां पहुंचने पर

श्याम सिंह राणा ने इस मौके पर आढ़तियों से भी बातचीत करते हुए मंडी में दी जा रही सुविधाओं के साथ-साथ उन्हें गेहूं खरीद कार्य के तहत किसी प्रकार की कोई समस्या तो नही है उसकी जानकारी हासिल की। सम्बधिंत खरीद एजेन्सियों से अबतक कितनी गेहूं की आवक पहुंच चुकी है, कितनी खरीदी जा चुकी है, कितना उठान हो चुका है उसकी भी जानकारी ली। इस अवसर पर अजय कुमार अक्षय कुमार दुकान नंबर 108 पर पहुचे उनका अजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक राजवीर बराडा,बराडा मंडल प्रधान डिम्पल राणा दिलबाग सिंह, जगप्रीत सिंह प्रिन्स, सीता राम पाहवा,पंकज गर्ग, अमित गोयल, राहुल गर्ग ,विकास सिंगला, मार्केट कमेटी बराडा के मंडी सुपरवाइजर नरेंद्र दलाल मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह, हेफड़ से प्रबंधक बलबीर सिंह मार्केट कमेटी से केहर सिंह मौजूद रहे ।

# सिंचाई विभाग के कर्मचारी से बैंक वसूल रहा 1.75 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त चार्ज, होगी जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा सिंचाई विभाग के कर्मचारियों द्वारा बैंक से लिए गए ऋण की वसूली के लिए कर्मचारियों से 1.75 प्रतिशत अतिरिक्त चार्ज की जांच अब विभाग के महाप्रबंधक की तरफ से की जाएगी। शुक्रवार को सिंचाई विभाग हरियाणा के प्रमुख अभियन्ता द्वारा मनोनीत जनरल मैनेजर संदीप विश्नोई ने कर्मचारियों की मांगे सुनते हुए यह आश्वासन दिया। सिंचाई विभाग के सेक्टर 5 पंचकूला में फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों के समाधान के लिए सिंचाई विभाग के निमंत्रण पर हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मेकेनिकल वर्कर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल प्रधान ईश्वर सिंह शर्मा की अध्यक्षता में प्रमुख अभियंता से मिलकर उन्हें 24 सूत्री मांग पत्र सौंपा। बैठक में मीटिंग में राज्य महासचिव सन्दल सिंह राणा, राज्य कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत, राज कुमार सैन, शिव शंकर हुड्डा, संजय नैन कर्मचारियों नेताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने महाप्रबंधक को जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिनिधिमंडल कर्मचारियों ने विभाग से यदि लोन लेना है। उसका अधिकार मुख्यालय कि बजाए परिमण्डल स्तर पर दिया जाएगा। कर्मचारियों के द्वारा हरियाणा सरकार से जो लोन लिया हुआ है जिसमें मकान बनाने, बच्चों का विवाह करने, कंप्यूटर, मोटरसाइकिल खरीदने के लिए लोन ले रखा है, वह वित्त विभाग के द्वारा दिया गया है, परंतु उसकी एनओसी लेने के लिए बैंक के चक्कर काटने पड़ते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 1.75 प्रतिशत अलग से कर्मचारी से चार्ज वसूल करता है। इस पर महाप्रबंधक ने कहा कि उसकी जांच करवाई जाएगी। हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर लगे कर्मचारियों का ठेकेदार के अनुभव को जोड़कर के हरियाणा कर्मचारी रोजगार निगम (एचकेआरएन) पोर्टल में चढ़ाया जाए और सुरक्षा 2024 के तहत कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा दी जाए। इस पर महाप्रबंधक ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा सभी को सुरक्षा जॉब दे दी जाएगी और पोर्टल से वंचित जो कर्मचारी नहीं उनके लिए विभाग से स्वीकृति लेकर लेकर पोर्टल में दर्ज किया जाएगा। विभाग में सीनियर और जूनियर कर्मचारी का जो वेतनमान सही नहीं था उनकी सर्विस बूक को मांगा करके तुरंत ठीक करवाने का आश्वासन दिया।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर शिव सेना पंजाब अपनाएगा 'मरो या मारो' की नीति



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ ।** शिव सेना पंजाब के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजीव घनौली ने आज एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में शिव सेना पंजाब 'मरो या मारो' की नीति अपनाएगी। उन्होंने कहा कि इस कायरतापूर्ण हमले ने हर देशभक्त भारतीय को झकझोर कर रख दिया है, और अब समय आ गया है कि हम आतंकी ताकतों को करारा जवाब दें। घनौली ने यह भी घोषणा की कि इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा को 100 गुना अधिक तैयारी, सुरक्षा और उत्साह के साथ निकाला जाएगा। 'आतंकवाद हमें न डरा सकता है, न रोक सकता है। हम पहले से भी अधिक श्रद्धालुओं के साथ यात्रा निकालेंगे और ये साबित करेंगे कि देश की आस्था और एकता को कोई ताकत नहीं तोड़ सकती' उन्होंने कहा शिव सेना पंजाब ने सभी राष्ट्रवादी संगठनों और आम जनता से आह्वान किया है कि वे एकजुट होकर इस यात्रा को सफल बनाएं और आतंक के खिलाफ कड़ा संदेश दें।

## न्यूज ब्रीफ

### आतंकवाद के खिलाफ दिखा गुस्सा और एकजुटता



**कालका (जग्गी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर शुक्रवार शाम कांग्रेस पार्टी की ओर से कालका गांधी चौंक पर देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी मौजुद रहे, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, महिला प्रतिनिधियों और युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान हाथों में मोमबत्तियां लेकर कार्यकर्ता और नेता 'आतंकवाद मुर्दाबाद' के नारे लगाते रहे। मार्च का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाना था। पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रही है। केंद्र सरकार से यह मांग की कि दोषियों को सख्त सजा दी जाए और आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाएं। इस मौके पर कांग्रेस महिला प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज, पार्षद उजाला बख्शी ने कहा, अब समय आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। जिला परिषद चेयरमैन सुनील शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए हम सब एक है। वरिष्ठ नेता अजय सिंगला ने कहा कि ये हमला पूरे देश पर हमला है, इससे पूरा देश आक्रोशित है। कैंडल मार्च में पार्षद बनिंदर कौर, रेखा शर्मा, कृष्णा शर्मा, चंचल शर्मा, वरिष्ठ नेता नरेश मान, सुनील शाम, पूर्व पार्षद हरभजन सिंह, रमेश भट्टी, युवा नेता सचिन शर्मा, सुनील सोनकर, अमरजीत सैनी, मदन कश्यप, रामकरण और मास्टर किशन, कोरा खान, अशोक भट्ट, मोहिन्द्र सिंह, सीता राम कपूर, समेत अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान: एसडीएम अमित भारद्वाज

सप्ताह में दो दिन आयोजित हो रहे है समाधान शिविर

अब प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रात:10 से 12 बजे तक होगा आयोजन



अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा।** एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।

एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किए जा रहे हैं।

एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में 6 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से 5 शिकायतों का मोके पर समाधान किया गया शेष 1 शिकायत का वेरिफिकेशन उपरांत समाधान के निर्देश दिए।।

इस अवसर पर नायाब तहसीलदार गीता राम, एएफएसओ राजिंदर कुमार, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ सतिंदर पाल सिंह, खंड कृषि अधिकारी रवि कांत, एसडीओ शिवम, बिजली बोर्ड से जेई राजबीर, पीडब्लूडी विभाग एसडीओ आशा रानी, पब्लिक हेल्थ जेई दीपक व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो पक्षो द्वारा हवाई फायर करने की घटना मे संलिप्त एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत (अप्रस)।** जिले के थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम नें होली को पर्व पर दो पक्षो द्वारा हवाई फायर करने की घटना मे संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अर्पित पुत्र नरेश निवासी गांव महमूदपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनाँक 14 मार्च 2025 को थाना सदर गोहाना मे सुचना प्राप्त हुई थी कि गांव महमूदपुर मे हवाई फायर हुआ है। जो पुलिस टीम के मौका पर पहुँचने पर अर्पित पुत्र नरेश निवासी गांव महमूदपुर जिला सोनीपत ने बतलाया कि सरपंच सतपाल पुत्र दरियाव सिंह निवासी महमूदपुर ने हवाई फायर किया है। मौका पर पहुंचे ग्राम सरपंच सतपाल ने बताया कि अर्पित उपरोक्त ने फायर किया है। इस घटना का शस्त्र अधिनियम के तहत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया। थाना सदर गोहाना की अनुसन्धान टीम मे नियुक्त उप निरिक्षक सतीश ने घटना में संलिप्त एक आरोपी अर्पित पुत्र नरेश निवासी गांव महमूदपुर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

# एमसी चंडीगढ़ ने जल संरक्षण मिशन में युवाओं, महिलाओं और समुदाय पर किया ध्यान केंद्रित

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** स्थायी जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, श्री अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, एमसी, चंडीगढ़ ने शहर भर में जल संरक्षण प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने का आह्वान किया है।

आज यहां आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर जल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

आयुक्त ने जल संसाधनों को प्रभावी ढंग से संरक्षित और प्रबंधित करने में स्थानीय शासन, विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को शामिल करने की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने नागरिकों से संरक्षण प्रथाओं में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया, इस बात पर जोर देते हुए कि चंडीगढ़ जैसे शहरी क्षेत्रों में जल लचीलापन बनाने के लिए सामुदायिक कार्रवाई आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि यह पहल भारत सरकार की ÷हर बूंद अनमोल - हर बूंद मायने रखती है÷ के सिद्धांत के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो सभी के लिए एक सुरक्षित और टिकाऊ जल भविष्य सुनिश्चित करने के संकल्प की पुष्टि करती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नागरिकों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर जल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए निर्णायक सुधार और जागरूकता अभियान लागू किए जा रहे हैं।

नगर निगम ने पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने, आवासीय और वाणिज्यिक स्थानों में वर्षा जल संचयन प्रणालियों का समर्थन करने और शैक्षणिक संस्थानों को जल स्थिरता कार्यक्रमों को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक समर्थन, मजबूत स्थानीय शासन और नीति-समर्थित सुधारों के साथ, चंडीगढ़ का लक्ष्य जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार जल संरक्षण में एक उदाहरण स्थापित करना है।

# पांची गुजरान में पहलगाम के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**गन्नौर।** गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांव पांची गुजरान में एक हृदयस्पर्शी मोमबत्ती मार्च आयोजित किया गया, जिसमें हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व सरपंच जगदीप के नेतृत्व में आयोजित इस शोक सभा में गांव के सैकड़ों शोकाकुल निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और एकजुटता का वातावरण व्याप्त हो गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई और शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने अपने संबोधन में आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारत की धरती पर रहकर जो भी पाकिस्तान की भाषा बोलता है, ऐसे लोगों से सभी अधिकार छीन लिए जाने चाहिए और उन्हें उनके मुल्क वापस भेज देना चाहिए।

# विजय बंसल की मेहनत रंग लाई अमरावती में बिजली विभाग एसडीओ की हुई नियुक्ति

विजय बंसल ने 2021 में तत्कालीन बिजली मंत्री रणजीत चौटाला को ज्ञापन देकर बिजली उपमंडल कार्यालय और पिंजौर को बिजली डिवीजन का दिलवाया था दर्जा

बिजली विभाग द्वारा उपमंडल कार्यालय के लिए बिल्डिंग किराए पर ले ली थी फर्नीचर भी आ गया था लेकिन नहीं हुई थी एसडीओ की नियुक्ति

अर्थ प्रकाश /जग्गी



**कालका ।** शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश सचिव विजय बंसल एडवोकेट की मेहनत रंग लाई है विजय बंसल द्वारा किए गए प्रयास प्रयासों से न केवल अमरावती क्षेत्र को बिजली उपमंडल का दर्जा मिला है बल्कि अब यहां पर बिजली उपमंडल अधिकारी विक्रम चौधरी की नियुक्ति के आदेश भी बिजली विभाग द्वारा 22 अप्रैल 2025 को कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं इससे पूर्व विजय बंसल की मांग पर पिंजौर को बिजली मंडल का दर्जा देकर यहां पर एक्सईएन अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गई थी।

गौरतलब है कि पूर्व डिप्टी सीएम चंद्र मोहन के साथ शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट ने वर्ष 2021 में प्रदेश के तत्कालीन बिजली मंत्री रणजीत चौटाला को ज्ञापन देकर अमरावती में बिजली उपमंडल कार्यालय को मंजूर करने और यहां पर अधिकारियों की नियुक्ति करने के साथ-साथ पिंजौर को बिजली मंडल का दर्जा दिलाने, नानकपुर में बिजली का सबस्टेशन बनवाने और पिंजौर रायतन क्षेत्र में भी बिजली सबस्टेशन बनाने की मांग की थी।

इससे पूर्व नानकपुर में 66 केवी का बिजली का सबस्टेशन बनकर चालू भी हो चुका है पिंजौर में एक्सईएन की नियुक्ति भी हो चुकी है, अब अमरावती में बिजली एसडीओ की नियुक्ति भी कर दी गई है हालांकि एसडीओ की नियुक्ति के लिए विजय बंसल एडवोकेट ने बिजली मंत्री बिजली, बिजली विभाग अधिकारियों सहित जिला स्तर के आला अधिकारियों, उपायुक्त पंचकूला को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्ञापन दिए थे।

विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि विशेष कर रायतन क्षेत्र वासियों के लिए बिजली उपमंडल कार्यालय ना होने के कारण अमरावती कॉलोनी, डीएलएफ कॉलोनी, ट्राईडेंट कॉलोनी, सूरजपुर, रामपुर सियुडी, महादेव कॉलोनी, राजीपुर, भगवानपुर सहित अन्य कई ग्रामीणों को बिजली संबंधी समस्या के समाधान के लिए पंचकूला स्थित बिजली उपमंडल कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं जो कि यहां से कई किलोमीटर दूरी पर है। जहां आने जाने में उनका समय और पैसा भी बर्बाद होता है। इसलिए लोगों की अमरावती में ही मंजूर किए गए बिजली उपमंडल कार्यालय को खोलने की लंबे अरसे से मांग चली आ रही थी।

विजय बंसल ने बताया कि बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने वर्ष 2021 में ही रायतन ग्रामीण क्षेत्र के लिए 66 केवी का बिजली सबस्टेशन भी मंजूर किया था इसके लिए पिंजौर ब्लॉक की पंचायत भोरिया ने बिजली सबस्टेशन निर्माण के लिए जमीन भी निशुल्क दे दी थी बावजूद इसके लगभग 4 वर्ष बाद भी बिजली सबस्टेशन का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ है। रायतन में बिजली सबस्टेशन ना होने के कारण लगभग 50 गांवो में बिजली की वोल्टेज बहुत कम रहती है और थोड़ी सी हवा चलने के बाद ही बिजली बंद हो जाती है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं विशेष कर गर्मियों के मौसम में बिजली का लोड बढ़ने के कारण भी बिजली कई कई घंटे बंद रहती है। उन्होंने रायतन क्षेत्र के लिए भी मंजूर बिजली सबस्टेशन बनवाने की मांग की है।




# पहलगाम नरसंहार पर ट्राइसिटी जैन समाज को गहरा दुख, पीएम को भेजा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस नृशंस घटना पर चंडीगढ़ ट्राइसिटी के जैन समाज ने गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है। जैन महासंघ चंडीगढ़ ट्राइसिटी ने सेक्टर 27 बी स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें सकल जैन समाज ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्री नमोकार महामंत्र और शांति पाठ किया। सभा में जैन समाज ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और हमलावरों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में निष्पक्ष जांच, दोषियों को कठोर सजा, पीड़ित परिवारों को मुआवजा, और क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापना की मांग की गई। जैन महासंघ के संयोजक कैलाश चंद जैन ने बताया कि इस हृदय विदारक घटना ने जैन समाज को मर्माहत और क्षुब्ध किया है। उन्होंने कहा, जैन धर्म अहिंसा, करुणा और मानवता का प्रतीक है। हम हमेशा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहे हैं और आज भी इस नरसंहार का पुरजोर विरोध करते हैं। यह घटना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। सभा में चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली, और जीरकपुर की विभिन्न जैन संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि देश इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है और राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ कठोर कार्रवाई चाहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार से निर्णायक कदम उठाने की अपील की।

प्रमुख उपस्थित प्रतिनिधियों में श्री दिगंबर जैन मंदिर सोसाइटी, सेक्टर 27 बी सेधर्म बहादुर जैन, आदर्श कुमार जैन, श्री एसएस जैन सभा सेक्टर 18 से मुकेश जैन, श्री आत्मानंद जैन सोसाइटी, श्वेतांबर जैन मंदिर सेक्टर 28 से संजय जैन, विनीत जैन, श्री श्वेतांबर तेरापंथ जैन सभा, सेक्टर 24 से मनोज जैन, विजय गोयल, श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 18 पंचकूला से किशोरी लाल जैन, अत्तर चंद जैन, जैन सभा सेक्टर 17 पंचकूला से एसएन जैन, हरियाणा जैन प्रगतिशील संघ सेक्टर 15 पंचकूला से बृज मोहन जैन, जिया लाल जैन, श्री एसएस जैन सभा जीरकपुर से सुशील जैन, संजय जैन, श्री एसएस जैन सभा पीर मुछल्ला सेक्टर 20 पंचकूला से राजेश जैन, श्री एसएस जैन सभा मोहाली से अशोक जैन, सुरेश जैन, जैन मिलन चंडीगढ़ से रमेश कुमार जैन, करुणा कुमार जैन, नीरज जैन, अहिंसा चैरिटेबल सोसाइटी से अजय जैन, रजनीश जैन, एसके जैन, अनुव्रत सोसाइटी चंडीगढ़ से मनोज जैन, तेरापंथ जैन समाज अणुव्रत भवन पंचकूला से डा. डीके जैन, श्री दिगंबर जैन मंदिर चेतालय जीरकपुर से रजनीश जैन, सचिव जैन समेत सैकड़ों जैन-अजैन श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने विश्व शांति और मानवता की रक्षा के लिए सामूहिक प्रार्थना की। जैन समाज ने स्पष्ट किया कि वे देश की एकता और अखंडता के लिए हमेशा सरकार के साथ खड़े हैं।



फोटो : अजीत कौशल

## पाकिस्तानी नागरिकों को नहीं जारी होगा कोई नया वीजा

भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक और सख्त कदम उठाते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह निर्णय पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में लिया गया, जिसने देश की सुरक्षा को और मजबूत करने का संकल्प लिया। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से जारी ताजा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए निम्नलिखित कड़े कदम उठाए हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को अब भारत का कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। 27 अप्रैल 2025 से पाकिस्तानी नागरिकों के सभी मौजूदा वैध वीजा रद्द कर दिए जाएंगे। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक वैध रहेंगे। भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित वीजा अवधि समाप्त होने से पहले देश छोड़ना होगा। भारतीय नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा से पूरी तरह बचने की अपील की गई है। साथ ही, पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की सलाह दी गई है। इस फैसले में एक महत्वपूर्ण बात शामिल है। हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी वैध दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। ऐसे वीजा धारकों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## आढ़तियों ने किया रोष प्रदर्शन

आज चंडीगढ़ की मुख्य अनाज फल व सब्जी मंडी सेक्टर 26 में अरिहंत वेजिटेबल्स आरती एसोसिएशन सेक्टर 26 द्वारा एक विशाल रोष रैली निकल गई यह रैली पहलगाम में पाकिस्तानी सरपरस्त आंतकयों द्वारा निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या के विरोध में निकाली गई थी। इस मौके पर भारतीय महापर्व संघ के प्रधान श्री वी पी अरोड़ा, अध्यक्ष दीपक धवन, वाइस प्रधान संजीव कुमार तथा वाइस प्रधान अजय कौशिक और बीजेपी एनजीओ सेल के प्रधान श्री अजय सिंगला और हजारों मजदूर और रेडी-फड़ी यूनिक लोग भी शामिल हुए। यह रैली पूरे अनाज मंडी में आतंकवाद का एक पुतला ले कर अंतकवाद के विरोध मे नारे लगाते हुए

## पहलगाम हमले के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की उच्च स्तरीय बैठक
## कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए पहलगाम हमले के बाद उत्पन्न स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। ऐसे कृत्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों के लिए हरियाणा छोड़ने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल, 2025 है। हालांकि, चिकित्सा वीजा धारकों के लिए यह सीमा 29 अप्रैल, 2025 तक है। यह समय सीमा लंबी अवधि के वीजा, राजनयिक वीजा अथवा आधिकारिक वीजा रखने वाले पाकिस्तानी नागरिकों पर लागू नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए यह स्पष्ट किया कि राज्य की शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि राज्य भर के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। वर्तमान में हरियाणा के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 1,157 कश्मीरी विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संबंधित जिला प्रशासन को छात्रों की समस्याओं और चिंताओं को प्राथमिकता से सुलझाने तथा उन्हें सुरक्षा और भरोसे का माहौल प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर संपर्क में रहने के निर्देश दिए।

## चंडीगढ़ ट्रैवल ट्रेड बिरादरी ने पहलगाम पीड़ितों के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की



एकजुटता और करुणा के भाव से चंडीगढ़ ट्राइसिटी के ट्रैवल ट्रेड बिरादरी ने पहलगाम में हाल ही में हुई दुखद घटनाओं के पीड़ितों की याद में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। टीएसीटी की ओर से ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएएआई) और एसकेएएल इंटरनेशनल, चंडीगढ़ चैप्टर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रैवल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सेक्टर 17 स्थित नीलम सिनेमा में शांतिपूर्ण तरीके से यह सभा आयोजित की गई, जहां उद्योग जगत के पेशेवर, नागरिक और समर्थक कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए और उन्होंने मोमबत्तियां थामे मृतकों के लिए प्रार्थना की। यह श्रद्धांजलि सभा न केवल पीड़ितों के प्रति श्रद्धांजलि थी, बल्कि कठिन समय में शांति और एकता का आह्वान भी थी। शाम के समय आसमान में मोमबत्तियों की लपटें टिमटिमा रही थीं। सामूहिक मौन ने समुदाय द्वारा साझा किए गए दुख, सहानुभूति और संकल्प को दर्शाया। कार्यक्रम में बोलते हुए तीन संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकजुट रहने के महत्व पर जोर दिया, न केवल पेशेवरों के रूप में, बल्कि इंसानों के रूप में भी। आयोजन समिति के एक प्रवक्ता ने कहा कि पहलगाम त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएँ हैं। आज की सभा हमें याद दिलाती है कि यात्रा समुदाय एक बड़ा परिवार है। जब हमारा एक हिस्सा दुखता है, तो हम सभी इसे महसूस करते हैं। सामुदायिक समर्थन ने शाम की पवित्र भावना को और बढ़ा दिया, जिससे सामूहिक शक्ति का संदेश और भी बढ़ गया।

# चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने अथर्व भारत-2025 शिखर सम्मेलन में परिवर्तनकर्ताओं को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के सेक्टर 35 स्थित एक होटल में समिट इंडिया द्वारा आयोजित अथर्व भारत-2025 शिखर सम्मेलन में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए। शिखर सम्मेलन में शिक्षा, शासन और सामाजिक विकास के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम भारत के भविष्य को आकार देने वाले परिवर्तनकारी नेतृत्व और पहलों को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में सामने आया। सभा को संबोधित करते हुए प्रशासक ने कहा कि सच्चा राष्ट्रीय विकास शिक्षा, नैतिकता और सहानुभूति के माध्यम से व्यक्तियों के सशक्तिकरण में निहित है। ऐसी उत्कृष्टता को पहचानना और प्रोत्साहित करना केवल उपलब्धियों का जश्न मनाना नहीं है, बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को संवारने की प्रतिबद्धता है। मैं इस जीवंत मंच को बनाने के लिए समिट इंडिया की सराहना करता हूं जो समावेशी प्रगति और सामाजिक उत्थान के लिए प्रयास करने वालों को सम्मानित करता है। श्री कटारिया ने शैक्षणिक संस्थानों और कौशल विकास प्लेटफार्मों के बीच एक मजबूत तालमेल का आह्वान किया और शिक्षा को रोजगारोन्मुखी और भविष्य के लिए तैयार करने में इसकी परिवर्तनकारी भूमिका के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना की। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह, डॉ. बुद्ध चंद्रशेखर (मुख्य समन्वय अधिकारी, एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय) सहित कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण दो दूरदर्शी पहलों - शिक्षा भविष्य और आईएएस साथी का शुभारंभ था, जो नवाचार, मार्गदर्शन और डिजिटल पहुंच के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में प्रगति को गति देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। शिखर सम्मेलन में कु ल 45 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय प्राप्तकर्ताओं में मेजर जनरल जगजीत सिंह नंदा, आरके पचनंदा (आईपीएस), शिक्षाविद् मनु राज मल्होत्रा और युवा नेता सदगी मल्होत्रा शामिल हैं।

## 'ईट राइट फूड समिट' के 6वें संस्करण का किया उद्घाटन



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ में 'ईट राइट फूड समिट' के 6वें संस्करण का उद्घाटन पंजाब के माननीय राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने किया। शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से किया गया था। अपने संबोधन में श्री कटारिया ने कहा कि, ईट राइट इंडिया अभियान स्वस्थ भोजन विकल्पों के प्रति व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक सराहनीय राष्ट्रीय प्रयास है। यह विज्ञान, नीति और सार्वजनिक भागीदारी को एक अनूठे तरीके से एक साथ लाता है - जागरूकता बढ़ाते हुए कार्रवाई योग्य परिणाम प्राप्त करता है। चंडीगढ़ को एक बार फिर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाते हुए देखना उत्साहजनक है। प्रशासक ने राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ भोजन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, यह देखते हुए कि एक मजबूत और प्रगतिशील भारत अस्पतालों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक द्वारा प्रतिदिन खाए जाने वाले भोजन से शुरू होता है। श्री कटारिया ने बाजरा जैसे पारंपरिक अनाज के उपभोग को पुनर्जीवित करने के महत्व के बारे में भी बात की, उन्हें एक टिकाऊ और अत्यधिक पौष्टिक विकल्प बताया जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचाता है। उन्होंने खाद्य निर्माताओं को अधिक प्राकृतिक और पौष्टिक विकल्प बनाने की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और नागरिकों से खाद्य लेबल पढ़कर और अपने आहार सेवन को समझकर सचेत विकल्प बनाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सचिव अजय चगती और यूटी चंडीगढ़ के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक डॉ. सुमन सिंह भी मौजूद थे।




## मुस्लिम भाईचारे ने निकाला रोष मार्च लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** बलटाना के रामलीला ग्राउंड में आज जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम भाईचारे की ओर से पाकिस्तान के विरुद्ध पैदल मार्च निकाला गया और पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फुक्का गया। इस दौरान मुस्लिम भाईचारे के लोगों द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। भारत सरकार से अपील की गई कि जो भी इस आतंकी हमले के पीछे है उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें फांसी की सजा दी जाए। मुस्लिम भाईचारे ने इस आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा की सारा भारत इस दुख की घड़ी में उन परिवारों के साथ खड़ा है।

इस पैदल मार्च की अगवाई नदीम सलमानी द्वारा की गई। नदीम सलमानी ने कहा कि यह आतंकी हमला निंदनीय और कायरतापूर्ण है। यह आतंकी हमारे आपसी भाईचारे को खराब करना चाहते हैं लेकिन हम ऐसा कभी होने नहीं देंगे।

## तीन जगह पर गेहूं की नाड को लगी आग

पभात में लगी आग से पभात ग्रिड में बड़ा हादसा होने से बचा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जीरकपुर।** आजकल गेहूं की नाड को आग लगने की घटनाएं आम होती जा रही है। जीरकपुर के तीन स्थानों पर नाड को आग लगी जिसमें से गांव सनौली में दोपहर 1:26 पर गेहूं की नाड को आग लगी ,इसके बाद नागला रोड पर दोपहर 2:20 पर गेहूं की नाड को आग लग गई जिसे सूचना मिलने पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। इसके बाद दोपहर 3:23 पर पभात क्षेत्र में स्थित ग्रिड के नजदीक गेहूं की नाड को आग लग गई। इसके बाद डंपिंग ग्राउंड की दीवार के साथ पड़े कबाड़ में आग लग गई जिससे सारे का सारा कबाड़ जलकर राख हो गया। इसके बाद आग ने वहां पर खड़ी कूड़ा उठाने वाली रेडियों को अपनी चपेट में ले लिया और पभात ग्रिड की तरफ बढ़ने लगी जहां पर मौजूद मुलाजिम सैफ अली ने एक बड़ा हादसा होते-होते बचा लिया क्योंकि वहां पर एक पानी से भरा हुआ टैंकर खड़ा था जिसे सैफ अली ने ग्रिड की तरफ आ रही आग पर डालते हुए उसे आग को ग्रिड की तरफ बढ़ने से रोक लिया और अग्निशमन विभाग को सूचित कर दिया। इसके तुरंत बाद अग्निशमन विभाग का एक फायर टेंडर मौके पर पहुंच गया और उसने आग पर काबू पा लिया।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)